राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 40
लखनऊ, बुधवार 25 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नए मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं अपना नाम : रिणवा 03

चार वर्षों में भारत से हथियार खरीदने वाला सबसे बड़ा देश बना आर्मेनिया 12

## एनआरआई आरक्षण शर्तों में संशोधन रद्द के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

▸ पंजाब के मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई दाखिले का मामला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के मेडिकल कॉलेजों में प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के दाखिले संबंधी आरक्षण की शर्तों में संशोधन वाली राज्य सरकार की अधिसूचना रद्द करने का उच्च न्यायालय का फैसला न्यायोचित करार देते हुए उसे चुनौती देने वाली तीन याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संशोधित शर्तों को धोखाधड़ी करार देते हुए कहा इससे देश की मेडिकल शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में गिरावट आएगी। पंजाब सरकार ने 20 अगस्त को एक अधिसूचना के जारी करके एनआरआई आरक्षण का दायरा बढ़ा दिया था, जिससे एनआरआई के नजदीकी रिश्तेदारों के लिए भी आरक्षण के रास्ते मेडिकल कॉलेजों में दाखिला कुछ आसान हो गया था

## वकीलों का अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : हाईकोर्ट

कोर्ट ने दोबारा गलती न करने व बिना शर्त माफी मांगने पर अधिवक्ता के खिलाफ कार्रवाई समाप्त की

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में कहा कि वकीलों द्वारा न्यायाधीशों के प्रति अशिष्ट व्यवहार की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने क्षमा मांगने पर अधिवक्ता के खिलाफ अवमानना कार्रवाई समाप्त तो कर दी, परन्तु जिला जज कानपुर नगर को दो वर्ष बाद याची के आचरण को लेकर हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने कहा कि वकीलों से अपेक्षा की जाती है कि वे न्यायाधीशों के खिलाफ असंयमित भाषा का प्रयोग करने से बचें। न्यायालय ने आदेश में कहा कि, अधिवक्ताओं द्वारा पीठासीन न्यायाधीश के प्रति अभद्र व्यवहार किए जाने की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। न्यायाधीश केवल सौहार्दपूर्ण वातावरण में ही काम कर सकते हैं। न्यायालय के अधिकारी होने के नाते अधिवक्ता से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह न्यायाधीश के प्रति अभद्र व्यवहार करें या पीठासीन अधिकारी के विरुद्ध असंयमित भाषा का प्रयोग करें। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी एक सिविल जज कानपुर नगर द्वारा योगेन्द्र त्रिवेदी नामक वकील के खिलाफ 4 फरवरी 2023 को भेजे गए संदर्भ पर सुनवाई करते हुए की। अधिवक्ता त्रिवेदी ने पिछले साल हुई एक अदालती कार्यवाही के दौरान कथित तौर पर कोर्ट स्टाफ से एक फाइल छीन ली थी और ट्रायल जज के खिलाफ टिप्पणी की थी। त्रिवेदी पर जज के खिलाफ अनचाही टिप्पणी करने का भी आरोप है। बाद में उन्होंने बिना शर्त माफी मांगी, जब हाईकोर्ट ने सिविल जज के संदर्भ के आधार पर शुरू की गई अदालती अवमानना की कार्यवाही में उन्हें नोटिस जारी किया। हालांकि उनकी माफी से न तो हाईकोर्ट और न ही सिविल जज संतुष्ट थे। इसके बाद मामले को स्थगित कर दिया गया। ताकि वकील बेहतर हलफनामा दाखिल कर सकें। इसके बाद त्रिवेदी ने दोबारा फिर बिना शर्त माफी मांगी। हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता कोर्ट में हाजिर हुए और उन्होंने कहा कि वह कभी भी इस तरह की अवज्ञाकारी हरकत नहीं दोहराएंगे।

### न्यायालय ने चेतावनी देकर मामले को किया बंद

हाईकोर्ट ने कहा, हम इस मामले में अधिक गम्भीर दृष्टिकोण अपनाने के इच्छुक थे लेकिन इस तथ्य पर विचार करते हुए कि अवमाननाकर्ता एक युवा अधिवक्ता है और उसके द्वारा इस तरह के आचरण का कोई पूर्व आरोप नहीं लगाया गया है, हम उसे सख्त चेतावनी जारी करके वर्तमान कार्यवाही को समाप्त करते हैं। हालांकि, हम यह स्पष्ट करते हैं कि यदि अवमाननाकर्ता की ओर से ऐसा कोई अवांछनीय कृत्य हमारे संज्ञान में लाया जाता है तो यह न्यायालय तत्काल अवमानना की कार्यवाही को फिर से शुरू करेगा और मामले में गम्भीरता से विचार करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में फिर होगी बारिश बदल सकता है मौसम

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में इस समय दिन के समय तेज धूप गर्मी को बढ़ा रही है, लेकिन जल्द ही इससे राहत मिल सकती है। मौसम विभाग (आईएमडी) की तरफ से आंधी और बारिश (तंपद) की संभावना जताई गई है। चार दिनों तक आंधी और बारिश की संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग की तरफसे बताया गया है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात उठा है, जो उत्तर प्रदेश में बिहार के रास्ते प्रवेश करेगा। बूंदाबांदी के साथ तेज बारिश और आंधी के आसार बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान में मानसून की वापसी हो सकती है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक बारिश की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश के सात जिलों में वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। भरतपुर, बूंदी, बांसवाड़ा, झालावाड़, कोटो समेत 16 जिलों के लिए अर्लट जारी किया गया है।

### पश्चिम बंगाल में मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में न्यू मयनागुड़ी स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। मालगाड़ी खाली थी, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद रेल सेवाओं में किसी तरह की बाधा उत्पन्न होने की खबर नहीं है। चश्मदीदों ने बताया कि घटना के समय मालगाड़ी की रफ्तार काफी धीमी थी, इसलिए इसका कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा। पटरी से उतरे डिब्बों की चपेट में आने से स्टेशन पर दो बिजली के खंभे और पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गईं। रेलवे सूत्रों ने बताया कि ट्रेन के पटरी से उतरने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

### भारत अफ्रीका को करेगा लोकोमोटिव निर्यात

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे और वेबटेक का संयुक्त उद्यम 'वेबटेक लोकोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड' अफ्रीकी देशों को लोकोमोटिव निर्यात करेगा। इसके लिए कंपनी अपने संयंत्र की क्षमताओं को विस्तार दे रही है। पहली बार संयंत्र वैश्विक निर्यात के लिए लोकोमोटिव का निर्माण करेगा। बिहार के मरहौरा में 70 एकड़ में स्थित मरहौरा प्लांट की स्थापना 2018 में भारतीय रेलवे के लिए एक हजार अत्याधुनिक इंजनों के स्वदेशी निर्माण के लिए की गई थी। यह प्लांट लगभग 600 लोगों को रोजगार देता है और रेलवे को हर साल लगातार 100 इंजन उपलब्ध कराता रहा है। आज तक यह लगभग 650 इंजनों का निर्माण किया जा चुका है, जिन्हें भारतीय रेलवे के लोकोमोटिव बेड़े में शामिल किया गया है। यह संयंत्र वैश्विक ग्राहकों को इवोल्यूशन सीरीज ईएस 43एसीएमआई लोकोमोटिव की आपूर्ति करेगा।

### दो जवानों की हत्या के संदिग्ध की मुठभेड़ में मौत

**लखनऊ।** पिछले महीने रेलवे सुरक्षा बल के दो जवानों की हत्या में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध शराब तस्कर की मंगलवार को गाजीपुर जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध पर एक लाख रुपये का इनाम था और सोमवार देर रात को वह विशेष कार्य बल की नोएडा इकाई और गाजीपुर पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए गाजीपुर में जिला अस्पताल लाया गया, जहां मंगलवार सुबह उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी ने विजय उद्यान में स्थापित पंडित दीनदयाल की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा

## बाराबंकी का होगा सम्पूर्ण विकास

▸ महादेवा धाम पर चर्चा केडी सिंह बाबू की हवेली बनेगी स्मारक

समृद्धि न्यूज



**बाराबंकी।** जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट के निकट विजय उद्यान में स्थापित की गई पंडित दीन दयाल उपाध्याय की आदम कद प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। अनावरण के पश्चात जीआईसी ऑडिटोरियम में हुई जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि, बाराबंकी जनपद सौभाग्यशाली है। एक ओर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और दूसरी तरफ श्री अयोध्या धाम। विकास वहां हो या यहां हो, बाराबंकी को कोई वंचित नहीं कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के अंदर चाहे वह भाजपा हो या कोई भी अन्य राजनीतिक दल, अगर उनके एजेण्डा का हिस्सा गांव, गरीब, किसान और महंगाई बनी है तो स्वतंत्र भारत में इसके प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय हैं। सीएम योगी ने कहा कि, बाराबंकी में पोटेंशियल है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का अच्छा लाभ मिलेगा। खेल की एक नई राजधानी के नाम पर बाराबंकी विकसित होगा। प्रसिद्ध शिवतीर्थ महादेवा का विकास होगा। आने वाले समय में 10 लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ देने जा रहे हैं। प. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण एवं जी.आई.सी आडीटोरियम में जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संस्कृति एवं पर्यटन के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा राज्यमंत्री जिला कारागार/प्रभारी मंत्री सुरेश राही, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविन्द मौर्या, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, एमएलसी अवनीश पटेल, उमेश दुवेदी, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, प्रियंका रावत, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विकास, खेल और धर्म का सामंजस्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज जब हम लोग बाराबंकी बात करते हैं, तो बाराबंकी स्टेट कैपिटल रीजनका एक महत्वपूर्ण जनपद बन चुका है। अब विकास का लाभ लखनऊ के बराबर बाराबंकी को मिलने जा रहा है। उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध शिवतीर्थ महादेवा को एक नई पहचान देने के लिये काम सरकार कर रही है। काशी विश्वनाथ की तर्ज पर कॉरिडोर बनाने का काम सरकार कर रही है। उन्होनें आगे कहा कि, इसी माटी के लाल, हॉकी के महान खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की स्मृतियों को बनाये रखने के लिये उनकी पुश्तैनी कोठी (हवेली) को सरकार भव्य स्मारक बनाने का काम सरकार करेगी। रामसनेहीघाट में इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप होगा।

### दीन दयाल के सपने को पूरा कर रही सरकार

स्वतंत्र भारत में भारत की दिशा क्या होनी चाहिए, इसके बारे में तत्कालीन सत्ता के सामने असमंजस की स्थिति रही होगी। लेकिन, उस समय भारतीय राजनीति में एक नया उदय हुआ था। जिन्होनें देश की आजादी के तत्काल बाद भारतीय जनसंघ के माध्यम से भारत की राजनीति में प्रवेश करते हुये भारत की सामाजिक, आर्थिक नीति और देश के अंदर राजनीतिक व्यवस्था के बारे में अपने जो विचार व्यक्त किये, उन विचारों की प्रासंगिकता आज न केवल भारत में बल्कि वैश्विक समुदाय के सामने देखने को मिल रही है। सीएम योगी ने कहा कि, पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि, आर्थिक उन्नति और प्रगति की माप समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से की जानी चाहिये। इसके लिये उन्होंने अन्त्योदय की बात की।


### एमएलसी अंगद कुमार सिंह की साख बढ़ा गए सीएम

मुख्यमंत्री योगी ने जिला मुख्यालय स्थित विजय उद्यान में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती की पूर्व संध्या पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के आयोजक एमएलसी अंगद कुमार सिंह के सफल प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिमा स्थापना से लेकर अनावरण व जनसभा के आयोजन के सूत्रधार एमएलसी अंगद कुमार सिंह को बधाई देते हैं। इसके लिये प्रदेश के संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह को हृदय से धन्यवाद देते हुये इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिये एमएलसी अंगद सिंह और उनकी पूरी टीम का अभिनन्दन करता हूं ।

## ज्ञानवापी वुजूखाना के वैज्ञानिक सर्वे मामले में अब एक को होगी सुनवाई

▸ 12 मई 2023 को हाईकोर्ट ने सर्वे का दिया था आदेश

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** वाराणसी, ज्ञानवापी स्थित कथित वुजूखाना के वैज्ञानिक सर्वे को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका की इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने याची अधिवक्ता को एक वादी लक्ष्मी देवी की साइंटिफिक सर्वे की मांग में दाखिल अर्जी की प्रति दाखिल करने के लिए पूरक हलफनामा दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। जिसका निस्तारण 2023 में हुआ था। प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में लम्बित है। यह याचिका एक पक्षकार राखी सिंह की तरफ से दाखिल की गई है।

याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ कर रही है। बहस की गई कि ज्ञानवापी परिसर के धार्मिक चरित्र के निर्धारण हेतु शिवलिंग के आसपास के क्षेत्र का भी वैज्ञानिक सर्वे आवश्यक है। हिन्दू पक्ष की तरफ से 3 अगस्त, 2023 के हाईकोर्ट के ज्ञानवापी परिसर के सर्वे और 4 अगस्त, 2023 के सर्वोच्च न्यायालय के वैज्ञानिक सर्वे के आदेश को दिखाया गया। कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के पिछले वर्ष 8 अगस्त, 2023 के आदेश में एएसआई के एडिशनल डायरेक्टर जनरल के शपथपत्र का उल्लेख किया गया है। जिसमें एएसआई द्वारा बगैर तोड़फोड़ व नुकसान पहुंचाए बगैर वैज्ञानिक सर्वे कि बात की गयी है। एएसआई द्वारा 24 जुलाई 2023 से लेकर 2 नवम्बर, 2023 तक जो वैज्ञानिक सर्वे किया गया है उसमें शिवलिंग के आसपास का क्षेत्र (वुजूखाना) शामिल नहीं है। कहा गया कि गत वर्ष 12 मई, 2023 को हाईकोर्ट द्वारा एडवोकेट कमीशन सर्वे में मिले शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने विपक्षी के वरिष्ठ अधिवक्ता एस एफ ए नकवी से पूछा कि सुप्रीम कोर्ट में उस मामले में क्या हुआ। बताया कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

### भारत और बांग्लादेश की क्रिकेट टीमें पहुंची कानपुर

**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से शुरू होने वाले भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट क्रिकेट मैच को लेकर मंगलवार को दोनों देशों की टीम कानपुर पहुंच गई। होटल लैंडमार्क में खिलाड़ियों का परंपरागत ढंग से स्वागत किया गया। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को भारत-बांग्लादेश की टीम शहर पहुंची। चकेरी एयरपोर्ट पर पुलिस प्रशासन व यूपीसीए के अधिकारियों ने टीमों को रिसीव किया और पुलिस की कड़ी निगरानी में टीमों को होटल लैंडमार्क पहुंचाया गया। दूसरे टेस्ट मैच का मुकाबला 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक खेला जाना है। मंगलवार शाम होटल लैंडमार्क में विराट कोहली, गौतम गंभीर व ऋषभ पंत एक साथ पहुंचे।

## उत्तर प्रदेश में कई आईएएस अफसरों के हुए तबादले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी में तबादलों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात यूपी में कई आईएएस अफसरों के तबादले हुए। तबादलों का सिलसिला लोकसभा चुनाव के बाद से ही जारी है। आईएएस प्रणता ऐश्वर्या को सीडीओ अंबेडकर नगर से विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण लखनऊ बनाया गया है।

इसी कड़ी में आईएएस आनंद कुमार शुक्ला अपर निदेशक सूडा को सीडीओ अंबेडकर नगर बनाया गया है। इसके अलावा आईएएस उमेश प्रताप सिंह विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। अनुपम शुक्ला को अतिरिक्त प्रभारआईएएस अरुण कुमार विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण से भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। आईएएस अनुपम शुक्ला को विशेष सचिव ऊर्जा अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग और गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोत एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग वर्तमान पद के साथ प्रबंध निदेशक ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### ईडी ने पूर्व विधायक आरिफ अनवर से जुड़ी 8.24 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी से जुड़ी 8.24 करोड़ रुपये मूल्य की 21 अचल संपत्तियों को जब्त किया है। धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को जारी जानकारी में बताया कि ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत बलरामपुर जिले के उतरौला से पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा से संबंधित लखनऊ, बलरामपुर और गोंडा (उत्तर प्रदेश) में आवासीय फ्लैटों, कृषि और वाणिज्यिक भूमि के रूप में 8.24 करोड़ रुपये मूल्य की 21 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है।

## अगले पांच सालों में 75,000 मेडिकल सीट बढ़ेंगी : जेपी नड्डा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि चिकित्सा पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अगले पांच सालों में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) 75,000 मेडिकल सीट को जोड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह लक्ष्य निर्धारित किया है।

आज राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चौथे वर्षगांठ समारोह को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान 25,000 यूजी और पीजी सीटें जोड़ी गईं। एनएमसी ने एक साल पहले देश में 1,00,000 एमबीबीएस सीटों के अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। नड्डा ने एनएमसी को देश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और वृद्धि के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर की शुरुआत पर भी प्रकाश डालते हुए इसे सभी एलोपैथिक डॉक्टरों के लिए एक गतिशील डेटाबेस कहा, जिसमें पहले ही लगभग 20,000 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

### दमोह में ऑटो और ट्रक की भिड़ंत में सात की मौत

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत कटनी स्टेट हाइवे पर समन्ना गांव के समीप मंगलवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक में फंसे ऑटो में से शवों और घायलों को जेसीबी की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिलने पर दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी भी प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि ऑटो में 10 लोग सवार होकर बांदकपुर दर्शन करने के लिए जा रहे थे।

## उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता की सुरक्षा वापस लेने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार को मिली सीआरपीएफ की सुरक्षा वापस लेने की केंद्र सरकार की मांग पर दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उन्नाव की दुष्कर्म पीड़िता ने तत्कालीन भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर पर 4 जून, 2017 को दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके बाद कुलदीप सेंगर के भाई अतुल सिंह और उसके साथियों ने पीड़िता के पिता को बुरी तरह पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया था।

दुष्कर्म पीड़िता के पिता को जेल में शिफ्ट करने के कुछ ही घंटों बाद 9 अप्रैल, 2018 को जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में पीड़िता तथा अन्य की जान को खतरा होने पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त, 2019 को दुष्कर्म पीड़िता, उसकी मां और परिवार के अन्य सदस्यों और उनके वकील को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों पर खतरे के आकलन के अनुसार सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस मामले में 20 दिसंबर, 2019 को तीस हजारी कोर्ट ने सेंगर को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने उम्रकैद के अलावा 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।कोर्ट ने जुर्माने की इस रकम में से 10 लाख रुपये पीड़िता को देने का आदेश दिया था। तीस हजारी कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ भी कुलदीप सिंह सेंगर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

निर्देश

खान-पान के केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि का नाम-पता डिस्प्ले करना अनिवार्य

## यूपी में खान-पान में मिलावट पर होगी सख्त कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश में आए दिन खाने पीने वाली चीजों में मल, मूत्र, पसीना, मिलाने को लेकर योगी सरकार अब सख्त नजर आ रही है। ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जाएगी इसके साथ ही यहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा। खान-पान की चीजों की शुद्धता-पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यक संशोधन के निर्देश दिए।

खान-पान के केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि का नाम और पता डिस्प्ले करना होगा अनिवार्य। शेफ हो या वेटर, लगाना होगा मास्क और ग्लव्स, होटलध् रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा। प्रदेश में आए दिन जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं। लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे प्रयास कतई स्वीकार नहीं। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लोगों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने से जुड़े नियमों को और सख्त किया जाए। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई हो। गौरतलब है कि गाजियाबाद के लोनी में जूस में पेशाब मिलाकर बेचने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई के लिए कहा था। उन्होंने विधायक नंद किशोर गुर्जर से इस मामले में अब तक हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी थी, उन्होंने कहा कि ऐसा करना नीचता का काम है। आरोपितों पर सख्त कार्रवाई हो, इस तरह की हरकत करने वालों को बख्शा नहीं जाए।

### इन निर्देशों का करना होगा पालन

उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाएं। ढाबों और रेस्टोरेंट की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेश में अभियान चलाकर संचालकों का वैरिफिकेशन किया जाए। इसे खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस और प्रशासन की टीम जल्द से जल्द करे। खान–पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर के नाम और पता डिस्प्ले किया जाए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।खान–पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर, बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी ब्ब्ज्ट से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा। जरूरत पड़ने पर पुलिस को उपलब्ध कराएगा। खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। शेफऔर वेटर को मास्क और ग्लव्स पहनना जरूरी है।

# कमीशन को लेकर ग्राम प्रधान व सचिव आपस में भिड़े

**बेहजम खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड बेहजम क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार व्याप्त है मनरेगा या ग्राम निधि से विकास कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें प्रधान काफी समय से यह कहते हुए चले आ रहे हैं कि कार्य कराने के बाद पर्सेंट देना पड़ता है चाहे मनरेगा बाबू हो या फिर एमबी कराने के लिए जेई हो या फिर पंचायत सचिव

बीडीओ तक को पर्सेंटेज देना पड़ता है। जिसकी खबरें सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल हुआ करती है। यह पर्सेंटेज देने की मांग की आग अन्दर ही अन्दर चलतीं रहीं लेकिन आखिर में कल ग्राम प्रधान पति कोटवा अवनीश कुमार राज और पंचायत सचिव वंदना मिश्रा की तू तू मैं मैं का वीडियो वायरल हो गया जिसमें कमीशन खोरी को लेकर विवाद हो रहा है। वीडियो में प्रधान चिल्ला - चिल्ला कर कह रहे हैं कि आप का जितना बना है उतना ले लो और हमारा हमें दे दीजिए। प्रधान साफ़ साफ़ कह रहे हैं कि आप का कमीशन जो बना है वह ले लो हमारा हमें दे दीजिए इससे यह साफ साबित हो रहा है। वीडियो के देखते लोगो का कहना है कि कमीशन बाज़ी का काम जोरों पर चल रहा है।

इस मामले की जानकारी लेने पर प्रधान पति अवनीश कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव फोन नहीं उठातीं है और हमें पंचायत की कोई जानकारी नहीं देती है और अपने मनमाने ढंग से कार्य करतीं हैं और

> प्रकरण की जानकारी लेने पर खण्ड विकास अधिकारी श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिससे दोनों पक्षों प्रधान और पंचायत सचिव को बुलाया है। जानकारी लेंगे और जो दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

18त्न कमीशन लेती है। पंचायत भवन से कंप्यूटर उठाकर चली जाती है और लखीमपुर से ही भुगतान लगा लेती है बिना बताए साफ सफाई के नाम पर 18200 रुपए का भुगतान फर्जी तरीके से ग्राम निधि से निकाल लिया जिस मामले में पूछताछ करने पर सचिव वंदना मिश्रा भड़क गई और मुझ से अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी जिस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी को लिखित शिकायत की हैं।

# बाल-पुष्टाहार न बंटने को लेकर सीएम से की शिकायत

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत रौतापुर के मजरा कचियानी के ग्रामीणों ने बाल एवं पुष्टाहार द्वारा संचालित योजना का क्रियान्वयन सुचार रूप से न संचालित होने के परिपेक्ष्य में प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित एक शिकायती प्रार्थना पत्र खण्ड विकास अधिकारी मितौली के माध्यम से भेजा गया है। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत रौतापुर के मजरा कचियानी में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दो माह से पोशाहार का वितरण नही किया गया है।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्प डेस्क पर शिकायत करने के बाद कार्यकत्री द्वारा कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं को बुलाकर एक माह का पुष्टाहार देने की बात कही । जिस पर महिलाओं एवं बच्चों ने एक माह का पुष्टाहार लेने से मना कर दिया महिलाओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर पुष्टाहार प्राप्त होने की सूचनाएं आ रही हैं । ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरला देवी द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है।

इस बाबत बालविकास परियोजना अधिकारी मितौली से दूरभाष के माध्यम से उक्त प्रकरण में जानकारी लेने पर बताया मुख्यालय से हर माह पुष्टाहार का वितरण किया जाता है अगर किसी भी सेंटर पर अनियमितताओं की जानकारी प्राप्त होगी तो कार्यकत्री के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## निघासन थाना प्रभारी निरीक्षक ने संभाला कार्यभार

**निघासन खीरी।** प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह का तबादला गैर जनपद होने के बाद के नवागत प्रभारी निरीक्षक



महेशचंद ने कोतवाली का चार्ज संभाला है। मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रभारी निरीक्षक ने बताया है निघासन का थाना लखीमपुर का मेरा पहला थाना इसके पहले यूपी 112 प्रभारी के रूप में कार्यरत था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वह इसके पहले हरदोई के कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नवागत प्रभारी ने पत्रकारों से बताया है आप देश का चौथा स्तंभ हैं आपका सम्मान सर्वोपरि है आप सब समय-समय पर अपने सुझाव व क्षेत्र की समस्यायों को के बारे में अवगत कराते रहें।

# बाढ़ की समस्या पर व्यापार मंडल ने की चिंतन बैठक

**ज्ञापन में ठोस समाधान न होने पर नगर व्यापार मंडल ने आन्दोलन की दी चेतावनी**

**पलियाकलां खीरी समृद्धि न्यूज।**




नगर व्यापार मण्डल पलिया के तत्वावधान में बाढ़ की विभीषिका व गन्ना भुगतान के समाधान की समस्या के निराकरण को लेकर व्यापार मंडल ने शहर में बैठक का आवाहन किया था। आवाहन के बावजूद बैठक में अपेक्षा के मुताबिक लोगों की भीड़ नहीं जुट सकी। बैठक में मौजूद लोगों ने दोनों गम्भीर समस्याओं पर चिंतन करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में ठोस समाधान न होने पर नगर व्यापार मंडल ने अन्य संगठनों के साथ आन्दोलन की चेतावनी दी। मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में बाढ़ और भुगतान के दर्द को साझा करने और समस्याओं के समाधान पर चिन्तन करते हुए सर्व सम्मति से आगे की रणनीति तैयार की गई। बैठक में बनबसा, शारदा व सुहेली बैराज की सफाई व डिसिल्टिंग के मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। व्यापार मण्डल अध्यक्ष अनूप मिश्रा व महामंत्री संदीप बंसल ने कहा कि पलिया क्षेत्र से बाढ़ व गन्ना भुगतान की समस्या के समाधान के लिए लोगों के सहयोग से प्रदेश व राष्ट्रीय पटल तक पैरवी कर समाधान का प्रयास होगा। बैठक में कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा, सतविंदर पाल सिंह बॉबी सचिव बस यूनियन पलिया, आलोक मिश्रा, सुखवंत सिंह, इंद्रपाल चौहान, चंदन कनौजिया, अखिलेश वर्मा, फुरकान अंसारी, जफर अहमद, कमलेश रॉय, आचार्य वेद मिश्रा, आचार्य सोमेश माधव, नीलू सेठ, संदीप सिंह, सुरेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, राजेश भारतीय आदि शामिल रहे।

# बाइक व ओमनी में जोरदार टक्कर एक की मौत, चालक फरार

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें एक की मौके पर मौत व दूसरा गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुची स्थानीय पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजवाया वही मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया,कार चालक भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम भवानी पुर के पास लखीमपुर भीरा स्टेट हाइवे पर भयंकर एक्सीडेंट हो गया, जिसमे बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रमेश कुमार निवासी मैलानी अपने साढ़ू राजकुमार निवासी घागी रेहड़ी थाना केसरगंज जनपद बहराइच के साथ अपनी बाइक से मैलानी जा रहे थे तभी भवानी पुर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार ओमिनी वैन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

जिसमे बाइक सवार दोनो लोग गंभीर घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने भीरा पुलिस व एम्बुलेंस को जानकारी दी ,सूचना मिलते ही मौके पर पहुची स्थानीय पुलिस ने दोनों घायलों को बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डॉक्टर ने रमेश कुमार को मर्त घोषित कर दिया और राजकुमार की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भीरा पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और ओमिनी वैन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी।

# सांसद की मौजूदगी में बास्केटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शहर के अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में सी.बी.एस.ई. क्लस्टर 4 बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लासपूर्वक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद उत्कर्ष वर्मा तथा समाज सेविका तृप्ति अवस्थी को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निर्देशिका हरविंदर कौर, अध्यक्ष जसमीत सिंह अजमानी, प्रबंधक ब्रह्मजीत सिंह अजमानी एवं संरक्षक सेवक सिंह अजमानी तथा प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा ने सभी का स्वागत व अभिनंदन कर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सी.बी.एस.ई. क्लस्टर 4 बास्केटबॉल टूर्नामेंट के परिचय से हुआ। इसके उपरांत अध्यक्ष जसमीत सिंह अजमानी, प्रबंधक ब्रह्मजीत सिंह अजमानी तथा मुख्य अतिथि उत्कर्ष वर्मा तथा तृप्ति अवस्थी ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती का वंदन किया साथ ही संगीत शिक्षिकाओं ने सरस्वती वंदना गाकर मां सरस्वती से आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की।

अध्यक्ष जसमीत सिंह अजमानी द्वारा मुख्य अतिथि सांसद उत्कर्ष वर्मा को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। संक्षिप्त वक्तव्य में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनको आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर अजमानी इंटरनेशनल के खेल परिसर में उपस्थित विद्या ज्ञान स्कूल-सीतापुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायबरेली रोड, लखनऊ, जागरण पब्लिक स्कूल, लखनऊ, पूरनचन्द्र विद्यानिकेतन, कानपुर, सेंट जेवियर्स हाईस्कूल, बांदा, गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल, बहराइच, सुदिति ग्लोबल एकेडमी, इटावा, झाँसी, रेड रोज एस.आर. सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल विनय खण्ड, लखनऊ, सेठ. आनंदराम जयपुरिया गोल्फ सिटी, लखनऊ, दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा, आदि 38 स्कूलों के कप्तान ने क्रीडा ध्वज को लेकर अपनी टीम के साथ मार्च पास करते हुए मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। सांसद उत्कर्ष वर्मा द्वारा सभी कैप्टन का गर्म जोशी के साथ हाथ मिलाते हुए उत्साह वर्धन किया गया। अजमानी इंटरनेशनल स्कूल की कप्तान आरुषि पटेल ने सभी कैप्टन को शपथ ग्रहण कराई। साथ ही अजमानी के छात्र तथा छात्राओं द्वारा ड्रिल प्रस्तुत के माध्यम से खेल में एकाग्रता तथा जागरूकता का संदेश भी दिया। मुख्य अतिथि उत्कर्ष वर्मा द्वारा खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर सभी को प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए अध्यक्ष ने उनका हार्दिक आभार प्रकट किया।

# घर जा रहे युवक पर बांके से जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

मजदूरी कर घर की ओर जा रहे एक युवक को एक नामजद सहित दो अन्य लोगों ने रोककर बेवजह उसकी पिटाई कर दी। विरोध करने पर विपक्षियों ने बांके से हमलाकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम रहमाननगर रहीमनगर ग्रंट निवासी उत्तम कुमार पुत्र परमेश्वरदीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि वह सोमवार को लगभग आठ बजे वक्शीषपुर निवासी रावेन्द्र के घर से मजदूरी का काम करके वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम रहमाननगर के पास पहुंचा। तो वहां पहले से ही घात लगाकर बैठे कादिर उर्फ डान पुत्र वाजिद निवासी हमीदाबाद, मजरा रहीमनगर ग्रंट थाना गोला ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उस पर हमला कर दिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। विरोध व बचाव करने पर विपक्षी कादिर ने उस पर बांके से हमला कर दिया। जिससे उसका बायां हाथ गंभीर रुप से जख्मी हो गया। किसी तरह चीख पुकार करते हुए वह अपने घर की ओर भागा। आरोप है कि इस दौरान कादिर ने उसे जातिसूचक अपशब्द कहकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीडित के प्रार्थना पत्र पर आरोपित के विरुद्व जानलेवा हमला, एससीएसटी सहित जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# वन विभाग व डब्लूडब्लूएफ इण्डिया के सहयोग से चलाएं अभियान

> राति के अंधेरे में आवागमन करने से रोकने व शौचालय के प्रयोग के लिए करें प्रेरित : बीडीओ

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन ब्लाक सभागार में निघासन इलाके की सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों की वन्य जीव संरक्षण एवं मानव वन्य जीव संघर्ष विषय पर खण्ड विकास अधिकारी निघासन की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्व प्रकृति निधि-भारत (डब्लूडब्लू0एफ0इण्डिया) एवं बफर जोन दुधवा टाईगर रिजर्व के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बन्य जीव विशेषज्ञ आशीष विष्ठा ने विस्तार पूर्वक बताया कि इस विकास खण्ड की अधिकांश ग्राम पंचायत दुधवा कर्तिनियाघाट जैविक गलियारे अथवा कारीडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसके माध्यम से वन्य जीवों का आवा गमन होता रहता है। इस कारण प्रायः मानव बन्यजीव संधर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होने विभिन्न व्य जीवों के आंकडों को पेश किया तथा प्रबन्धन के उपाय बताये। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने प्रतिभागियों को वन्य जीवों के व्यवहार, मानव वन्य जीव संघर्ष के विभिन्न कार्यो तथा समाधान पर व्याख्यान किया और वन्य जीवों के हमले और फसल नुकसान के मुआवजे के बारे में विस्तार से बताया। क्षेत्रीय वनाधिकारी दक्षिण निघासन रेन्ज, भूपेन्द्र कुमार चौधरी ने सभी उपस्थित ग्राम प्रधानों से अपील किया कि यदि उनके ग्राम में किसी भी वन्य जीव की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल रेन्ज कार्यालय अथवा निकटतम वन चौकी पर सूचना दें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निघासन बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी खीरी के निर्देश पर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें सभी ग्राम पंचायतों के सचिव और प्रधानों से अपेक्षा की जाती है कि जंगल के समीप स्थित ग्रामों को शौचालय, आवास एवं सोलर लाईट से आच्छादित करने को प्राथमिकता दें तथा वन विभाग एवं डब्लूडब्लूएफ इण्डिया से सहयोग लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जागरुकता अभियान चलायें जिसमें ग्रामीणो को वन्य जीवों से बचाव के उपाय, अकेले खेतों में न जाने, रात्रि के अंधेरे में आवागमन करने से रोकने एवं शौचालय के प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाय, जिससे वन्य जीवों के कोई जन हानि न हो पाये और वन्य जीवों के आवागमन हेतु सुरक्षित गलियारा विकसित करें।

अन्त में बीडीओ में सभी विशेषज्ञों एवं वनाधिकारियों तथा ग्राम प्रधानों को अपना अमूल्य समय देने हेतु धन्यवाद व्यापित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान लक्ष्मी देवी, अर्जुन गुप्ता, अखिलेश कुमार, आशिक अली, सचिव मोहम्मद आसिफ खान, यशपाल कुमार, वन दरोगा राजेन्द्र कुमार वर्मा, हरीलाल, डब्लू डब्लू0एफ0 इण्डिया के परियोजना अधिकारी कन्धईलाल, सहायक परियोजना अधिकारी सचिन गौड सहित इलाके के गणमान्य नागरिक और ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## घर में बिजली का काम कर रहे युवक को लगा करंट

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर।** घर में बिजली का काम कर रहा एक युवक अचानक बिजली करंट की चपेट में आ गया। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया लेकिन वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बता दें कि शहर के मुहल्ला नीची भूड घुसियाना निवासी गुलफाम पुत्र मुन्ना घर में बिजली का कुछ कार्य कर रहा था। उसी समय करंट लगने से वह गंभीर रुप से झुलस गया।

## अमरकांत पासी बने सुहेलदेव आर्मी के युवा जिलाध्यक्ष

**बिजुआ खीरी।** कर्मठ व जुझारू युवा नेता अमरकांत राज को इस बार सुहेलदेव आर्मी ने जिले की युवा टीम की कमान सौंपी है। सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी ने अमरकांत पर भरोसा जताया तो वही अमरकांत के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अमरकांत का राजनीतिक सफर वर्ष 2019 में लोहिया वाहिनी के गोला विधानसभा उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष से शुरू हुई।

# अध्यक्ष व महामंत्री पद के चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज

> हमेशा मैलानी बाजार व व्यापारियों के हित में काम किया है : पंडित राजेश शर्मा

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**नगर उद्योग व्यापार मंडल चुनाव**

मैलानी कस्बे में नगर उद्योग व्यापार मंडल के आगामी 28 सितंबर को होने वाले अध्यक्ष एवं महामंत्री पद के चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं।प्रत्याशी लोग अपने पक्ष में मतदान के लिए नगर में बड़ी-बड़ी होल्डिंग लगाकर एवं ई-रिक्शा से चुनाव प्रचार करा रहे हैं।

28 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के दो एवं महामंत्री पद के चार प्रत्याशियों सहित कुल छह उम्मीदवार मैदान में हैं।कस्बे में एक माह से चुनाव की तैयारिया चल रही हैं। मैलानी नगर उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव पिछले कई वर्षों से नहीं हो पाया था। ऐसे में चुनाव के लिए एक साल से व्यापारी आवाज बुलंद कर रहे थे।इसके बाद जिले एवं नगर के पदाधिकारी की संयुक्त बैठक के बाद इस साल चुनाव करवाने की हामी भरी गई थी।अध्यक्ष पद के लिए निर्वतमान अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा,दवा व्यापारी सोमदत्त प्रजापति एवं महामंत्री पद के लिए प्रदीप शर्मा उर्फ मुल्लन,राजू खान,राकेश अरोरा व सलीम खॉ मैदान में हैं। जिला उद्योग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी गोपाल सिंघल ने बताया कि चुनाव 28 सितंबर को सुबह 10 से सायं चार बजे तक श्री सच्चिदानंद ट्रस्ट धर्मशाला मैलानी में होगा और इसके लिए 687 व्यापारी पंजीकृत किए गए हैं।

इसी दिन सायं पांच बजे चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा। निवर्तमान अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा का कहना है कि उन्होंने हमेशा मैलानी बाजार व व्यापारियों के हित में काम किया है।आगे भी ऐसे ही कार्य करते रहेंगे वहीं अध्यक्ष पद के दूसरे उम्मीदवार सोमदत्त प्रजापति ने बताया कि मैलानी बाजार में कई समस्याएं हैं,जिनका समाधान वर्षो से नहीं हो पा रहा है।अगर इस चुनाव में व्यापारियों का समर्थन मिलता है तो वह सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करवाएंगे।

# जिम्मेदारों की मनमानी से कभी भी हो सकता है बड़ा विवाद

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शिव मंदिर- रामलीला मैदान के पास बिना किसी प्रस्ताव और कार्य योजना के प्रधान द्वारा मंदिर की जगह पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा था। जिससे वहां पर रहने वाले लोगों और मोहल्ले के अन्य के बीच विवाद हो गया। इसके बाद प्रधान ने वहां पर इंटरलॉकिंग का कार्य रुकवा दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि इंटरलॉकिंग कार्य रामलीला मैदान की जगह में कराया जा रहा था। वहां पर प्लॉट बेचने वाले का कहना है कि मैंने 50 फीट का प्लांट बेचा और दस फिट की रास्ता दी। लेकिन वहां पर इंटरलॉकिंग का कार्य लगभग 20 फीट आगे मंदिर की जमीन पर कराया जा रहा था। जिसका मोहल्ले के अन्य लोगों ने विरोध किया। जिससे वहां पर रहने वालों और मोहल्ले के अन्य लोगों के बीच विवाद हो गया था। जिसके बाद प्रधान ने कार्य रुकवा दिया था।

इसके बाद रविवार को आनन फानन में 15 से 20 मजदूरों द्वारा बिना विवाद को निपटाए ही इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू करा दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों में रोष फैल गया। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा एक लिखित प्रार्थना पत्र थाने पर दिया गया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान इंद्रपाल और सचिव रजनीकांत पांडे को बुलाकर जल्द से जल्द समाधान करने को कहा है।

# प्रत्येक थाने पर लगेगी बीट चौपाल : एसपी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा जनपद खीरी में चलाए जा रहे गुड मॉर्निंग पुलिस की तरह ही अब पूरे जनपद में बीट चौपाल के माध्यम से जनपद खीरी को अपराध मुक्त बनाने एवं जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानने तथा उनका यथोचित निस्तारण करने के लिए जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में गांवों में जाकर बीट चौपाल लगाने के निर्देश दिए हैं।

बीट चौपाल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक खीरी की मंशा यह है कि ग्रामवासियों को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार न आना पड़े अपितु स्थानीय पुलिस नियमित अन्तराल पर बीट चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर ग्राम वासियों से संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण करें।

जिससे की गांवों के छोटे-मोटे आपसी विवाद बड़ा रुप न ले सके, जिससे अपराध नियन्त्रित किया जा सकें। पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम सैदापुर में पुलिस द्वारा लगायी गई बीट चौपाल की अध्यक्षता की गई। बीट चौपाल में काफी संख्या में महिला, वृद्ध, बच्चे व सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं छायाकार बंधुओं की उपस्थिति में बीट चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान बीट चौपाल लगाने की उपयोगिता बताई।

बीट चौपाल में काफी संख्या में महिला, वृद्ध, बच्चों ने प्रतिभाग किया व अपनी समस्याएं बताई, सबसे अच्छी बात यह है कि एक बेहतर संवाद स्थापित हुआ। सभी ने पुलिस को अपना सहयोगी समझा। उपस्थित जन समूह को मिशन शक्ति, 1090 के बारे में बताया गया।

# डेंगू बुखार से युवक की मौत

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड बांकेगंज के कस्बा संसारपुर मे डेंगू बुखार लगातार पांव पसार रहा है सोमवार की रात 28 वर्षीय युवक की में मौत हो गई ,मोनू पुत्र प्रेम को पांच दिन पहले डेंगू बुखार हुआ था।

जिसके बाद वह एक निजी अस्पताल गोला गोकरननाथ में भर्ती थे, जहां हलत बिगड़ती देख मोनू के परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया जहां पर सोमवार की रात इलाज के दौरान हालत बिगड़ती चली गई और मोनू ने दम तोड़ दिया। जवान लड़के की मौत की खबर मिलते ही पास पड़ोस में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बारिश के बाद अब डेंगू का खतरा मंडराने लगा है। कस्बा में हर दिन के साथ डेंगू अपने पैर पसार रहा है।

> बरसात के बाद डेंगू मलेरिया का प्रकोप बढ़ जाता है हमारी टीम में समय-समय पर इसके लिए जांच करती रहती हैं मैं कल कस्बे में टीम भिजवाकर संक्रमित एरिया में जांच करवा ली जाएगी और सुझाव देते हुए बताया लोग अपने पास पड़ोस गंदगी न फैलने दे जल भराव ना होने दे तथा साफ सफाई रखें।
> **डॉ. अमित सिंह अधीक्षक, स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र बांकेगंज खीरी**

# तबादला : दस कोतवाल, सात थानाध्यक्ष इधर से उधर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक गणेश साहा के निर्देश पर जनपद में बडे पैमाने पर तबादले किए गए। साथ ही सर्किल निघासन का प्रभारी रिक्त होने के चलते नवागत पुलिस उपाधीक्षक महक शर्मा को क्षेत्राधिकारी निघासन का पद भार सौपा गया।

इसी कडी में कई थानों के प्रभारियों सहित थानाध्यक्षों का फेरबदल किया गया।

जबकि दो निरीक्षक व दो उपनिरीक्षक सहित चार अधिकारियों को गैर जनपद के लिए स्थानांतरण किया गया। जनपद के पुलिस विभाग में चली इस तबादला एक्सप्रेस में गोला कोतवाली की कमान चंद्रशेखर सिंह को सौपी गई जबकि निवर्तमान निरीक्षक रमेश चंद्र पांडे को मैगलगंज भेजा गया। वहीं प्रभारी यूपी 112 से निरीक्षक महेश चंद्र को प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन, तिकुनिया प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को थाना चंदनचौकी, प्रभारी निरीक्षक थाना सिंगाही अमित सिंह भदौरिया को थाना तिकुनियां, पुलिस लाइन से निरीक्षक हेमन्त राय को थाना खीरी का प्रभारी निरीक्षक, पुलिस लाइन से निरीक्षक शिवाजी दुबे को थाना प्रभारी हैदराबाद, प्रभारी सर्विलांस सेल से निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह को गोला थाना प्रभारी, ढखेरवा थाना पढुआ चौकी प्रभारी रविन्द्र सोनकर को थानाध्यक्ष पसगवां, थानाध्यक्ष खीरी अजीत कुमार को थानाध्यक्ष सिंगाही, चंदन चौकी प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव को प्रभारी निरीक्षक यूपी 112, थाना निघासन निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह का गैर जनपद स्थानांतरण के चलते पुलिस लाइन, मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह को गैर जनपद स्थानांतरण के चलते पुलिस लाइन, थानाध्यक्ष हैदराबाद उपनिरीक्षक दीपक तिवारी को प्रभारी चौकी महेवागंज कोतवाली सदर, प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र चौकी पडरियातुला थाना भीरा उननिरीक्षक संदीप यादव को ढखेरवा चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन खीरी से उपनिरीक्षक उमराव सिंह को प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र चौकी पडरियातुला थाना भीरा, महेवागंज प्रभारी चौकी कोतवाली सदर से उपनिरीक्षक राहुल सिंह को गैर जनपद स्थानांतरण के चलते पुलिस लाइन, थानाध्यक्ष पसगवां उपनिरीक्षक दीपक राठौर को भी गैर जनपद स्थानांतरण के चलते पुलिस लाइन भेजा गया।

**निवर्तमान कोतवात की विदाई, नवागत ने लिया चार्ज**

पुलिस अधीक्षक के कडे निर्देशों के चलते सोमवार को जारी तबादला सूची के तहत गोला के नवागत कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने सोमवार को दोपहर बाद चार्ज ले लिया। जहां उनसे मिलने व शुभकामनाएं देने के लिए लोगों की भीड उमड पडी। हालांकि नवागत कोतवाल ने लोगों से परिचय लेने के साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से परिचय लिया और चार्ज ले लिया। उधर कोतवाली में निवर्तमान कोतवाल रमेश चंद्र पांडे की विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने उनकी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा की जमकर सराहना की। साथ ही उनके कार्यकाल की जमकर सराहना की। लोगों ने उन्हें फूल माला व बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसआई योगेश सिंह, अरविंद मौर्या, राजन, एसआई अपूर्वा, आरक्षी गौरव, अंकित सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम शिव कुमार पुत्र गुलशन कुमार से बदलकर शिवा जियानी पुत्र गुलशन कुमार कर लिया है। उपरोक्त नाम का उपयोग भविष्य के सभी संदर्भों के लिए किया जाएगा। पता-569-च/695-एफ, प्रेम नगर आलमबाग, लखनऊ। 226005

**सूचना**

मैं राजीव जैन निवासी-C/1482, इंदिरा नगर लखनऊ, का निवासी हूं मैने सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में सेक्टर C/7/0078 प्लाट खरीदा था। परन्तु अंसल आफिस से घर जाते समय सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में ही मेरा ओरिजिनल अलॉटमेंट लेटर जो रास्ते में गिर गया जिस किसी भी व्यक्ति के पास पाया जाता है, तो मान्य नहीं होगा वह निरस्त माना जायेगा।

# नियुक्ति व भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नीति का हो अनुपालन

**शैक्षिक और गैर-शैक्षिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी के निर्देश**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में विधान सभा स्थित सभागार में प्राविधिक शिक्षा विभाग की व्यापक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने शैक्षिक और गैर-शैक्षिक पदों पर भर्ती, नए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना, सत्र नियमन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान बताया गया कि हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी एचबीटीयू कानपुर में शैक्षिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मार्च में पूरी हो चुकी है। वहीं, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एमएमएमयूटी गोरखपुर और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में शैक्षिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। मंत्री ने एकेटीयू) को 31 अक्टूबर तक सभी शैक्षिक पदों पर भर्ती पूरी करने के निर्देश दिए। डिप्लोमा इंजीनियरिंग और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 12 जुलाई से 15 सितंबर तक काउंसलिंग के छह चरणों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षाओं का संचालन 21 अगस्त से शुरू हो चुका है।डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एकेटीयू लखनऊ और उसके घटक संस्थानों में शैक्षिक और गैर-शैक्षिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। विश्वविद्यालय स्तर पर प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 175 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। एचबीटीयू, कानपुर में भी शैक्षिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया ससमय की जा रही है, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में 110 शैक्षिक पदों पर भर्ती के लिए स्क्रीनिंग की जा रही है। श्री पटेल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं में शासन की आरक्षण नीति का पूरी तरह पालन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के तकनीकी और प्राविधिक शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

**इंजीनियरिंग कॉलेजों के शैक्षिक पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया हुई तेज**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के शैक्षिक पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया तेज की जा रही है और 504 पदों का अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजा गया है, जिस पर कार्यवाही जारी है। बैठक में बताया गया कि एमएमएमयूटी, गोरखपुर और एचबीटीयू, कानपुर ने सत्र 2024-25 के लिए अपने शैक्षणिक कैलेंडर क्रमशः 10 जून और 12 जून को जारी कर दिए थे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में सत्र नियमन और प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध और अधिक पारदर्शी बनाया जाए ताकि छात्रों को कोई असुविधा न हो। डिग्री सेक्टर के पिछले तीन वर्षों के प्रवेश और प्लेसमेंट का विवरण भी बैठक में प्रस्तुत किया गया। डिप्लोमा सेक्टर के संस्थानों में शिक्षकों और विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती की स्थिति पर भी बैठक में चर्चा की गई। अब तक 612 कर्मचारियों का स्थायीकरण किया जा चुका है और शेष प्रस्तावों पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है।

# एसजीपीजीआई में मरीज के तीमारदारों से गाली गलौज व मारपीट की घटना की होगी जांच

**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लेकर दिए जांच के आदेश**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के एसजीपीजीआई में तैनात गार्डों द्वारा मरीज के तीमारदारों से गाली-गलौज एवं मारपीट की घटना का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है।

उन्होंने प्रकरण की जांच कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश अस्पताल प्रशासन को दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के सठवारा गांव में रहने वाले अनिकेत सिंह अपनी नानी गायत्री देवी के इलाज के लिए एसजीपीजीआई पहुंचे थे। डॉक्टर को दिखाने के बाद वे बेसमेंट में बने एचआरएफ में दवा लेने के लिए लाइन में लग गए। कुछ देर बार अनिकेत टायलेट गए और अपने मामा आशुतोष सिंह को लाइन में खड़ा कर दिया। बताते हैं कि कुछ देर बाद एक गार्ड आया और आशुतोष से पर्ची दिखाने की बात कही।

आशुतोष ने कहा कि पर्ची भांजे अनिकेत के पास है। आरोप है कि गार्ड ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल एवं खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसका संज्ञान लिया और प्रकरण की जांच के आदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट प्रेषित की जाए। जांच रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पारा में स्कूल वैन का एक्सीडेंट, चार बच्चे घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा इलाके में सैंट मैरी स्कूल की वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनीं दुकानों से टकरा गई। हादसे में कई बच्चों को चोट लगी है। इलाके के लोगों को कहना है कि वैन तेज रफ्तार में थी। मौके से पहुंची पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर बच्चों के उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पारा इलाके के मुजफ्फर खेड़ा गांव के पास सैंट मैरी स्कूल की वैन (यूपी-32 एचएन. 9012) खंबे से टकरा गई। वैन में 4- 5 स्कूल बच्चे बैठे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके से पहुंच गए। बच्चों के चेहरे पर चोटें आई हैं। एक बच्ची की आंख में चोट लगी है, वो कक्षा तीन की छात्रा है। वहां मौजूद लोगों को आरोप की वैन का ड्राइवर काफी तेज चला रहा था। जो हादसे की वजह बनी। पारा एसएचओ बृजेश कुमार वर्मा का कहना है कि सुबह 8 बजे करीब स्कूल की वैन एक बच्ची को बचाने के चक्कर में टकरा गई। वैन में 4- 5 बच्चे थे। एक बच्ची की आंख के नीचे चोट आई है। बाकी बच्चे सुरक्षित हैं। मौके से वैन ड्राइवर भाग गया है। वैन को कब्जे में ले लिया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 13 अक्टूबर को होगा उड़ान डांडिया उत्सव-2024

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आगामी 13 अक्टूबर 2024 को रघुवर मैरिज लॉन फरीदी नगर इंदिरा नगर लखनऊ में उड़ान डांडिया उत्सव-2024 का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह ने दी। उन्होने बताया कि उड़ान डांडिया उत्सव-2024 में गुजरात के लोक कलाकार अपने संगीत की धुनों पर लखनऊ वासियों से डांडिया और गरबा नृत्य प्रस्तुत करायेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर गुजरात के मशहूर व्यंजन भी अपनी मोहक छटा बिखेरेंगे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री गुरू नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज लखनऊ में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की चारो इकाइयों द्वारा दिनांक 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन, स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छता पर संभाषण किया गया तथा हैदर कैनाल के पुल पर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ सुरभि जी गर्ग ने सभी स्वयं सेविकाओं को स्वयं को एवम आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम एनएसएस के चारों कार्यक्रम अधिकारियों डॉ रंजीत कौर, डॉ पूजा सिंह, डॉ दिव्या प्रजापति एवम डॉ कीर्ति पटेल के निर्देशन में किया गया।

### ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्रा ने जीता गोल्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की कक्षा-6 की छात्रा मानसी शर्मा ने पोलाची, तमिलनाडु में आयोजित सी.आई.एस.सी.ई. नेशनल ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया है। चैम्पियनशिप का आयोजन काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सी.आई.एस.सी.ई.) के तत्वावधान में किया गया। इस चैम्पियनशिप में मानसी ने अण्डर-14 कैटेगरी में अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में देश भर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### यूपीएसएसएससी आयोग पर अभ्यर्थियों का धरना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पर जूनियर असिस्टेंट के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे अभ्यर्थियों ने परीक्षा तिथि जारी करने की मांग की। बैनर पोस्टर लेकर पहुंचे अभ्यर्थियों ने 1262 पद पर जूनियर असिस्टेंट की भर्ती में हो रही देरी को लेकर धरना दिया। दरअसल कनिष्ठ सहायक के 1262 पदों पर भर्ती से जुड़े मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने मंगलवार सुबह से ही आयोग परिसर का घेराव किया। अभ्यर्थियों का कहना था कि पीईटी-2021 के तहत 27 अगस्त 2023 को परीक्षा हुई थी। परीक्षा का परिणाम 6 महीने बाद 6 फरवरी 2024 को आया। 8 महीने के बाद भी टाइपिंग टेस्ट यानी टंकण परीक्षा की नोटिस जारी नहीं हुई। उनका कहना हैं कि टंकण परीक्षा के बाद अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया भी होनी है। टाइपिंग शेड्यूल जारी करने के लिए अभ्यर्थियों ने आज प्रदर्शन किया।

### हिंदू परिषद व बजरंग दल ने गौ-तस्करों पर कार्रवाई की मांग की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बीकेटी में बजरंग और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने गौ-तस्करों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। सहायक पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी ने शीघ्र कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। बीकेटी थाना क्षेत्र के बेहड करौंदी गांव निवासी किसान रामविलास की गाय शनिवार की रात उनके घर से चोरी की गई थी। चोरों ने दरवाजे पर बंधी गाय छोड़कर ले गए थे। रविवार को गाय के शरीर का अलग-अलग हिस्सा घर से करीब 2 किमी दूर मिला था। इस बात को लेकर लोग नाराज हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि यह मामला गोकशी का है। विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) के दीपक ठाकुर सूरज अध्यक्ष प्रखंड बख्शी का तालाब ने एसीपी बीकेटी ऋषभ रूणवाल को ज्ञापन सौंपा है। जहां उन्होंने बताया कि गौ हत्या जैसे जघन्य अपराध को गौमांस तस्करों ने अंजाम दिया है। उन्होंने मांग की है कि गौ तस्करों के खिलाफएक मुहिम चलाकर उन्हें कठोर से कठोर सजा मिले।

### किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सीएम को पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता तथा शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र के जरिए अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा उठाया।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा, मैंने पिछले दिनों ब्रज क्षेत्र के दौरे के समय कई गांवों का भ्रमण किया था। इस दौरान देखने में आया कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचा है। उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ ब्रज क्षेत्र के प्रभावित गांवों का भी प्राथमिकता के आधार पर जल्द सर्वे कराकर बाढ़ पीड़ित किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ के साथ-साथ उपयुक्त मुआवजे का भी लाभ प्रदान किया जाए। बता दें कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश की वजह से किसानों की फसलों को क्षति पहुंची है। भारी बारिश की वजह से ब्रज क्षेत्र में कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए। सैकड़ों बिजली के खंभे गिर पड़े, पेड़ जमींदोज हो गए, सड़कें ध्वस्त हो गईं।

### नौ गो-संरक्षण केन्द्रों के निर्माण के लिए 7.21 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश के 09 गो-संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 07 करोड़ 21 लाख 08 हजार रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से पांच जनपदो सीतापुर के वसुदहा, कोड़वा धमधमपुर, फर्रूखाबाद के दुबरी, ललितपुर के बानपुर, कालापहाड़, प्रतापगढ़ के अमाँवा, नारायणपुर, शाहजहांपुर के महोलिया मोहकमपुर तथा आसेनवाद में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80.12 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है।इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

# महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए महिला आयोग की भूमिका अहम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों से मुख्यमंत्री ने की बैठक, कहा सकारात्मक भाव से करें दायित्वों का निर्वहन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अतिशीघ्र नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। इसके माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। प्रदेश की महिलाओं को इसका वास्तविक लाभ मिल सके, इसके लिए उनमें नेतृत्व क्षमता विकास के लिए विशेष प्रयास किया जाना आवश्यक है। महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। राज्य महिला आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा और उनके विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं की सहायता के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाए। यदि किन्हीं कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। राज्य महिला आयोग इस कार्य में प्रभावी योगदान करे। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1090, 181 और 112 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन को इंटीग्रेट किया जा गया है। पूरे प्रदेश से महिलाओं की समस्याएं यहां प्राप्त होती है। आयोग को 1090 का भ्रमण कर वहां आ रही समस्याओं को समझना चाहिए। 1090 की व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अपने सुझाव भी देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी, बीसी सखी को भी समय-समय पर आयोग द्वारा मार्गदर्शन दिये जाने की अपेक्षा की।

**वृंदावन में निराश्रित महिलाओं के लिए कृष्णा कुटीर की स्थापना**

भारत सरकार के सहयोग से वृंदावन में निराश्रित महिलाओं के लिए कृष्णा कुटीर की स्थापना की गई है। निराश्रित महिला केंद्र भी संचालित हैं। यहां निवासरत महिलाओं में बहुत सी शिक्षित हैं। कुछ में हस्तशिल्प का हुनर है। कुछ अन्य किसी विधा की जानकार हैं। इनकी प्रतिभा, क्षमता का सही उपयोग हो, इसके लिए आयोग को इन महिलाओं से संवाद कर अपने सुझाव देने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की पदाधिकारियों द्वारा महिला संवासिनी गृहों, अटल आवासीय विद्यालयों, कस्तूरबा विद्यालयों, महिला छात्रावासों, आश्रम पद्धति के विद्यालयों का भी निरीक्षण किया जाना चाहिए। वहां की व्यवस्था का अवलोकन कर सुधार के लिए अपने सुझाव शासन को देना चाहिए।

# होटल ले जाकर 5वीं की छात्रा से गैंगरेप, पुलिस ने शुरु की जांच

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में 5वीं की एक छात्रा से गैंगरेप किया गया। दो युवकों ने उसे स्कूल से लौटते वक्त किडनैप किया। पहले बैग छीना, फिर कार में खींचकर बैठा लिया। जबरन उसे होटल ले गए और गलत काम किया। घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की है। युवकों ने मासूम की अश्लील तस्वीरें लीं और वीडियो भी बनाया। उन्होंने धमकी दी, कि किसी से घटना का जिक्र किया, तो वीडियो वायरल कर देंगे। दोनों आरोपियों ने वापस मासूम को उसके घर के पास छोड़ा और फरार हो गए।

किसी तरह घर पहुंची मासूम ने पिता को आपबीती सुनाई। सुनते ही पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई, पिता ने कहा- वह इतना रो रही थी, कि कुछ बता ही नहीं पा रही थी। फिलहाल सरोजनी नगर थाने की पुलिस ने पिता की शिकायत के आधार पर जांच शुरू की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी फैक्ट सामने आते हैं, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, सरोजनी नगर निवासी एक परिवार की बेटी रोजाना की तरह सोमवार को स्कूल गई थी। वह कक्षा पांच में पढ़ती है, उम्र करीब 14 साल है। स्कूल से छुट्टी होने के बाद दोपहर करीब 1 बजे वह वापस घर लौट रही थी। उसी समय दो युवक पहुंचे और बच्ची का बैग छीनने लगे। जब उसने विरोध किया, तो दोनों ने हाथ पकड़कर उसे कार में खींच लिया और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद वे कृष्णा नगर एरिया में होटल पैराडाइज शांति इन पहुंचे। आरोप है कि दोनों युवकों ने इसी होटल में बच्ची के साथ गैंगरेप किया। अश्लील वीडियो बनाए। दोनों ने मासूम को धमकाया, कि किसी को बताया, तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 4 बजे आरोपियों ने उनकी बेटी को घर के पास छोड़ दिया और भाग गए। बेटी को बदहवास हालत में देखकर हम उसको घर में ले गए। वहां, कई बार उससे पूछा, तब बेटी ने पूरी बात बताई।

# शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेंगे प्रदेश के विश्वविद्यालय

समृद्धि न्यूज

**शिक्षा का लाभ उठाकर करियर को नई दिशा दे सकेंगे युवा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके तहत योगी सरकार प्रदेश के 8 प्रमुख विश्वविद्यालयों में 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है।

सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को न सिर्फभविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाया जा सके, बल्कि इसके अनुरूप तैयार किया जा सके। इसके लिए सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 03 करोड़ 88 लाख 77 हजार 8 सौ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के विश्वविद्यालयों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दे सकें। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों को जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

### सिपाही संग भागी भाजपा नेता की पत्नी, 2 करोड़ के गहने व ले गई चार लाख कैश

**लखनऊ ।** भदोही में भाजपा की महिला नेता अपने घर में किराए पर रहने वाले सिपाही के साथ भाग गई हैं। महिला नेता के दो बच्चे हैं। एक बीस साल की बेटी है और दूसरा सात साल का बेटा है। महिला नेता के पति भी भाजपा के नेता हैं। भाजपा नेता पति ने पत्नी पर आरोप लगाया है कि घर से ढाई करोड़ के जेवर और नगदी लेकर उनकी पत्नी सिपाही के साथ फरार हुई है। पति ने सिपाही पर पत्नी को फंसाने का आरोप लगाया है।पति का आरोप है कि पत्नी की उम्र 45 साल है, जबकि सिपाही 30 साल का है। भाजपा नेता पति का कहना है कि दोनों का कोई मेल नहीं है, सिपाही केवल पैसों के लिए पत्नी को लेकर भागा है। उसकी हत्या भी कर सकता है। पति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस से शिकायत में भाजपा नेता ने कहा है कि एक साल पहले गोंडा निवासी सिपाही विनय तिवारी उर्फराज तिवारी उनके घर में किराए पर रहता था। सिपाही ने महिला नेता को अपने जाल में फंसा लिया। पति का आरोप है कि कुछ गलत तस्वीरें और फोटो खींचकर सिपाही महिला नेता को ब्लैकमेल करने लगा। धमकी दी कि मुंह खोला तो तुम सबको फंसा देंगे।

# महाकुंभ को यादगार बनाने की तैयारियां जोरों पर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अगले साल प्रयागराज में सम्पन्न होने वाला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम महाकुम्भ-2025 को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस महाकुम्भ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागों द्वारा अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार एवं सुधार किया जा रहा है।



इसी के तहत उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रयागराज के महत्वपूर्ण स्थलों में से एक नैनी ब्रिज को फसाड लाइटिंग से रोशन किया जायेगा। इसके लिए 11.22 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया तक उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। संगम नगरी प्रयागराज का महत्वपूर्ण स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के आगमन में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस वर्ष पयागराज में जनवरी से जून तक लगभग 4.54 करोड़ पर्यटक आ चुके हैं। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के स्वागत के लिए बुनियादी सुविधाओं को बेहतर कर रहा है, जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष 48 करोड़ पर्यटकों को आगमन हुआ। राज्य सरकार ने 80 करोड़ पर्यटकों को उत्तर प्रदेश आने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि एक पर्यटक 06 लोगों को रोजगार देता है। इससे निवेश भी आकर्षित होता है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है।पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। नवीन नैनी ब्रिज पर फसाड लाइटिंग कराने का न केवल निर्णय लिया गया है, बल्कि प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। चार करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ-2025 में आने वाले देशी एवं विदेशी श्रद्धालु एवं पर्यटक उत्तर प्रदेश के ब्राण्ड अम्बेस्डर के रूप में यहां की सुखद अनुभव को लेकर अपने घर जाएं और दूसरे श्रद्धालुओं को भी उत्तर प्रदेश आने के लिए प्रेरित कर सकें।

### रेप के दोषी बेटे को आजीवन कारावास, अदालत ने दोषी पर 51 हजार का अर्थदंड भी लगाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** डेढ़ साल पहले कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में मां के साथ दुष्कर्म करने के दोषी बेटे को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। रिश्ते के शर्मशार करने वाला बेटा चारा काटने के बहाने मां को गन्ने के खेत में ले गया था। अदालत ने दोषी पर 51 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी कुश कुमार व विजय कुमार शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी 2023 को कोतवाली देहात पर मुकदमा दर्ज कराया। वादी मुकदमा ने बताया कि 16 जनवरी को उनका बड़ा भाई अम्मी को लेकर जंगल में चारा लेने गया था। खेत से चारा लाने के बहाने बड़े भाई ने अम्मी के साथ दुष्कर्म किया।शर्मनाक घटना के बाद आरोपित भाई गांव से भाग गया। उनकी मां ने घर आकर उन्हें आपबीती बताई। काफी तलाशने के बाद भी आरोपित भाई नहीं मिला तो उसकी तलाश की। घटना के छह दिन बाद 22 जनवरी को वादी व उसके भाई ने अपने आरोपित भाई को पकड़ लिया और कोतवाली देहात जाकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वादी ने बताया उसका आरोपित भाई लगातार अम्मी को पत्नी बनाने लिए धमका रहा था। पुलिस ने जांच के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर जिला सत्र न्यायालय, त्वरित न्यायालय के न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने बेटे को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### यूपी में स्वर्ण पदक जीतने वालों में लड़कियां अधिक : राज्यपाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि स्वर्ण पदक पाने वालों में लडकियां अधिक हैं और वे शिक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहती हैं। राज्यपाल पटेल ने यहां जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के छठे दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा, स्वर्ण पदक पाने वालों में लड़कियां अधिक हैं। सोच लीजिए कैसे धीरे-धीरे लड़कियां आगे बढ़ रहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने लड़कियों से पूछा कि लड़कियां क्या करेंगी तो लड़कियों ने जबाव दिया कि हम शिक्षा में ये-ये करेंगे। राज्यपाल ने कहा, फिर मैंने पूछा कि लड़के क्या करेंगे तो कोई जवाब नहीं आया, तब मैंने कहा कि वह राजनीति करेंगे। कौशल विकास से युवाओं को जोड़ने में विश्वविद्यालयों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

**जानकारी**

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियों के सम्बन्ध में दी जानकारी**

# नए मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं अपना नाम : रिणवा

**निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण की तैयारी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियों के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जानकारी देते हुये बताया कि पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों बीएलओ सुपरवाइजर्स बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया हैं उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान से पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत 20 अगस्त से 10 सितम्बर तक बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही की गयी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अवधि में बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान दिनांक 01 अक्टूबर को अर्ह होने वाले मतदाताओं, अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर अर्ह होने वाले मतदाताओं तथा 01 अप्रैल, 01 जुलाई के आधार पर अर्ह मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने हेतु सम्बन्धित मतदाताओं से फार्म-6 प्राप्त किए जाने की कार्यवाही की गयी।

इस अवधि में बीएलओ द्वारा जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाये हैं, उन मतदाताओं से फार्म-6 भरवाए गए। सम्प्रति डेमोग्राफिक्ल सिमिलर इन्ट्रीज एवं नामावली में विद्यमान त्रुटियों को दूर करने सम्बन्धी कार्य किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्यवाही गतिमान है, जिसके अन्तर्गत पोलिंग स्टेशन लोकेशन, पोलिंग स्टेशन सेक्शन एवं कंट्रोल टेबल की अपडेशन की कार्यवाही की जा रही है।

मतदेय स्थलों के सम्भाजन तथा कन्ट्रोल टेबल के अपडेशन इत्यादि की कार्यवाही के उपरान्त अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की एकीकृत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को प्रदेश के मतदेय स्थलों पर किया जाएगा। यह एकीकृत मतदाता सूची सभी जन सामान्य हेतु दिनांक 28 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगी।आलेख्य प्रकाशन अवधि में 09 नवम्बर, 10 नवम्बर, 23 नवम्बर व 24 नवम्बर को विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी हैं।

इस अवधि में प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किए जाने के उपरान्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में किसी कारणवश अभी तक शामिल नही हो पाया है तो वे अपना नाम ऑनलाइन ऑफलाइन माध्यम यथा-बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय से, मतदाता पंजीकरण केन्द इत्यादि से जुड़वा सकते हैं तथा अपना नाम चेक भी कर सकते हैं।

# डीएम-सीडीओ ने विकास खंड झंझरी का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दिन भी नहीं दिखाई दीं एडीओ महिला लक्ष्मी कमल शुक्ला**

नरेंद्र लाल गुप्ता



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को जिला अधिकारी नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने लगभग 2:45 पर विकासखंड झंझरी पहुंचकर वहां निरीक्षण कार्यक्रम किया सर्वप्रथम उन्होंने पत्रकारों को साथ मीटिंग हॉल में बैठकर कुछ बातें शेयर की तत्पश्चात निरीक्षण का कार्यक्रम करते हुए मुख्य विकास अधिकारी के चेंबर में पत्रकार वार्ता किया जिसमें पत्रकारों ने उनसे तरह-तरह के सवाल किया उसी क्रम में दैनिक समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने जिलाधिकारी से एक प्रकरण उनके संज्ञान में देते हुए पूछा मैडम आपसे पहले जब नवागत मुख्य विकास अधिकारी विकासखंड का निरीक्षण करने आई थी उस समय भी लक्ष्मी कमल शुक्ला जो एडीओ महिला है उस दिन भी ब्लॉक में नहीं थी और आज जब आप आई है आज भी वह उपस्थित नहीं है लेकिन आज जब सीएल लगा हुआ है उनके यहां आने के बाद से आज तक लगभग 3 वर्ष हो चुके हैं कभी उन्होंने सीएल नहीं लिया आज को छोड़कर यह भी अपने आप में एक प्रश्न है। इस पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि मैं इसको देखूंगी यदि उनकी अनुपलब्धता है तो मैं उस पर कार्रवाई करूंगी तत्पश्चात निरीक्षण कार्यक्रम चलता रहा उन्होंने मनरेगा में धांधली तथा और भी कई बातों को लेकर सघन निरीक्षण किया चूंकि निरीक्षण का कार्यक्रम उनका लगभग 5:30 तक समाप्त नहीं हुआ था तो पत्रकारों की टीम वहां से चली आई ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है जैसे ही जानकारी और मिलेगी साझा किया जाएगा। इस निरीक्षण कार्यक्रम में उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव ,पीडी/ मुख्य विकास अधिकारी झंझरी चंद्रशेखर एवं रवि मिश्रा सहित और भी अधिकारी मौजूद रहे।




निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लॉक परिसर में तैयार किए गए ओपेन जिम एवं अमर शहीद लांसनायक सुनील कुमार तिवारी के स्मृति में बैडमिंटन स्टेडियम कोर्ट का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही ब्लॉक परिसर से लगी स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाए गए दुकानों का जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि रक्षा विभाग, मनरेगा विभाग, एनआरएलएम विभाग, स्थापना लिपिक, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक नियुक्ति के संबंध में, भूमि रजिस्टर, अनुपालन आख्या रजिस्टर, सेवा पुस्तिका, वेतन वृद्धि, वेतन निर्धारण, विकासखंड के अकाउंट के संबंध में, ग्रान्ड रजिस्टर, ब्लॉक मुख्यालय पर वाहन के संबंध में, क्षेत्र समिति की बैठक के संबंध में, कार्य विभाजन पत्रावली, गार्ड फाइल, मोमेंट रजिस्टर, तथा मनरेगा योजना के सभी रजिस्टर सहित अन्य सभी विभागों एवं पटलों के संबंध में जिलाधिकारी ने गहन समीक्षा की।

# बीएसए कार्यालय में मांगपत्र देकर किया प्रदर्शन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



12460 भर्ती में नवनियुक्त शिक्षकों को वेतन भुगतान न होने से आक्रोशित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मांगपत्र देकर प्रदर्शन किया।

नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन जारी करने की मांग के संदर्भ में जिलाध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा की सत्यापन सूची पूर्व में सार्वजनिक की जाती थी जिससे शिक्षकों को उनके सत्यापन की स्थिति के बारे में ससमय पता चल जाता था जिससे उन्हें परेशानी नहीं होती थी अब शिक्षक कार्यालय के चक्कर लगाने को विवश हो रहा है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर हुई वार्ता में उन्होंने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि हम अति शीघ्र शिक्षकों की वेतन भुगतान हेतु दूसरी सूची जारी करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय तिवारी, जिला महामंत्री/ ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर उमाशंकर सिंह जिला कोषाध्यक्ष/ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक अखिलेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला, जिला संयुक्त मंत्री, जिला संगठन मंत्री/ ब्लॉक अध्यक्ष तरबगंज बलवंत सिंह, जिला संयुक्त मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष मुजेहना कुलदीप पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज अवनीश पांडेय, वजीरगंज मंत्री आनंद देव सिंह, मंत्री इटियाथोक चंद्र प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष मुजेहना सुजीत त्रिपाठी, बेलसर ब्लॉक मंत्री विजय चौहान, जिला सहायक लेखाकार संदीप त्रिपाठी, मंत्री परसपुर प्रमोद द्विवेदी, अचिन कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रवीण जयसवाल, राजकुमार, वीरेंद्र वर्मा, हृदयनारायण, संजय द्विवेदी, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक




**प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ पर जाकर बनाएंगे 100 प्राथमिक सदस्य : बृजेश पांडेय**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए मटेरा विधानसभा की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री/ जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने किया। बैठक में अब तक मंडल वार हो चुके सदस्यता की रिपोर्ट लेने के बाद बूथ पर सदस्यता को गति प्रदान करने का आवाह्न जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह ने किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया पूरे प्रदेश में बहराइच सदस्यता के मामले में 9वे स्थान पर है आप सभी कार्यकर्ता के मेहनत के बल पर ही हम लगातार आगे बढ़ रहे है थोड़ा परिश्रम और करने की आवश्यकता है जिससे बहराइच जनपद सदस्यता में प्रथम स्थान पूरे प्रदेश में पा सकें। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि दिनांक 25 सितंबर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ पर जाकर 100 प्राथमिक सदस्य बनाना है। इस अवसर पर मटेरा विधानसभा प्रभारी/ जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, विधानसभा संयोजक मटेरा आलोक अग्रवाल, कुश शुक्ला, बृजेश निषाद, हेमंत वर्मा, विश्वनाथ श्रीवास्तव व पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक उपस्थित रहे।

# डाकघरों व बैंक शाखाओं में करा सकते हैं आधार कार्ड अपडेट

## जिला प्रशासन ने जारी की केंद्रों की सूची, डीएम की अपील, परेशान होने के बजाए इन केंद्रों पर संपर्क करें जनपदवासी



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में 30 से अधिक डाकघरों और बैंकों की शाखाओं में आधार कार्ड अपडेट कराने की सुविधा उपलब्ध है। इन केंद्रों पर आधार नवीनीकरण एवं संशोधन का कार्य निरंतर हो रहा है। यह जानकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दी है। डीएम ने कहा है कि एक ही केंद्र पर परेशान होने के बजाय इन स्थानों पर जाकर लोग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि डाक विभाग द्वारा आम जनमानस की सुविधा के लिए प्रत्येक शनिवार को आधार का विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

अम्बेडकर चौराहे स्थित केंद्र पर आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं, जबकि अन्य केंद्रों पर यह कार्य आसानी से हो रहा है।

जनपदवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने मंगलवार को इस संबंध में सूचना जारी की। डीएम ने अपील की है कि अनावश्यक रूप से एक ही केंद्र पर परेशान होने के बजाय लोग अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित आधार केंद्रों पर संपर्क करें, जिससे उन्हें अधिक सुविधाजनक सेवा प्राप्त हो सके।

### ये केंद्र हैं संचालित बैंक

1. एसबीआई की मनकापुर और कर्नलगंज शाखाओं में यह सुविधा उपलब्ध है।
2. इंडियन बैंक की निम्न शाखाओं में आधार अपडेट की सुविधा है

**- हलधरमऊ ब्लॉक के मैजापुर**
**- कर्नलगंज ब्लॉक के कर्नलगंज**
**- परसपुर ब्लॉक के पसका**
**- इटियाथोक ब्लॉक के इटियाथोक**
**- तरबगंज ब्लॉक के तरबगंज और धौरहराघाट**
**- मुजेहना ब्लॉक की कुतुबगंज शाखा**

डाकघर इटियाथोक, खरगूपुर, कर्नलगंज, कौड़िया, कटरा बाजार, बालपुर, नवाबगंज, आईटीआई मनकापुर, वजीरगंज, मसकनवा, मनकापुर बाजार, बस स्टेशन, सिविल लाइंस, बड़गांव, बनकटवा, परसपुर, गोण्डा शहर, ददुआ बाजार, तरबगंज, उमरी बेगमगंज, बेलसर, धानेपुर, श्रीनगर, मोतीगंज, खोरहसा।

**आवश्यकता पर स्पेशल कैंप की भी सुविधा:** अधीक्षक डाकघर गोंडा किरण सिंह ने बताया कि जनपद वासियों की आवश्यकता को देखते हुए अंबेडकर चौराहा के निकट स्थित प्रधान डाकघर में दो शिफ्ट में सुबह 7 से शाम 7 बजे तक काम किया जा रहा है। यहां आधार अपडेट कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिन क्षेत्रों से आवश्यकता प्राप्त हो रही है वहां विशेष कैंप भी संचालित किया जा रहे हैं। इसके लिए प्रधान डाकघर में सिर्फ एक प्रार्थना पत्र देने की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का मनाया स्थापना दिवस

**परसपुर/गोण्डा , समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय महाकवि तुलसीदास पी.जी. कॉलेज, परसपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय परिसर और 500 मीटर दूर स्थित राज मंदिर राजा सगरा की सफाई की। उन्होंने शपथ ली कि न तो गंदगी फैलाएंगे, न फैलाने देंगे, और स्वच्छता हमारा संस्कार है जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता ही मानवता की सच्ची सेवा है। इस अवसर पर डॉ. ज्योति बाला शुक्ला, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. श्रेयशी ठाकुर, डॉ. अजीत सिंह, आंचल गुप्ता, रंजू सिंह, बिंदू सिंह, डॉ. दयाशंकर मिश्रा, शिवम मिश्र, आनंद सोनी, सैफ आलम, शबनम बानो, पुष्पा, नैंसी सिंह, आराधना मिश्रा ,अंजली मिश्रा, मानसी सहित अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे। सभी ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और इसे जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

# अचानक जली बोलेरो, मैक्स चालक ने कूदकर बचाई जान

**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** शहर के बाईपास मार्ग पर एक चार पहिया वाहन में आग लग गई। चालक ने वाहन से कूदकर जान बचाई। इसके बाद दमकल वाहन को सूचना दी, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गई। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के कस्बा निवासी एक व्यक्ति अपने चार पहिया बोलेरो मैक्स वाहन से बहराइच आए थे। इसके बाद रात नौ बजे के आसपास चालक वाहन से पुनः अपने घर के लिए रवाना हुआ। वाहन सवार नानपारा बहराइच बाईपास मार्ग के पास पहुंचा। तभी वाहन में अचानक आग लग गई। चालक ने वाहन से कूदकर जान बचाई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पीआरवी 122 की 1533 की पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मी जब तक मौके पर पहुंचते, वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गई।

# पांच किलो चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त जांच के दौरान एक नेपाली महिला तस्कर को पांच किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

बरामद चरस को पुलिस ने सीज कर दिया है। महिला चरस की खेप लेकर शिमला जा रही थी।रूपईडीहा में स्थित एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि उप कमाण्डेन्ट दिलीप कुमार के निर्देशन में चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने रूपईडीहा पुलिस के साथ चेकिंग कर रही थी। जांच के दौरान नेपाल की ओर से आ रही महिला को सीमा पर तैनात महिला सिपाही से उसकी चेकिंग कराई गई तो कमरबन्द में रख्खे सामान के बारे में पूछताछ करने पर वह हड़बड़ाने लगी और सही उत्तर नहीं दिया। शक होने पर कमरबन्द में रख्खे सामान को निकलवाकर जब उसे खोला गया तो हरे कपड़े में लिपटे 6 पाउच बरामद हुए। पाउच में गहरे काले रंग का पदार्थ था, मौके पर डाग स्क्वायड भी मौजूद था। खोजी कुत्तों ने उसकी पुष्टि मादक पदार्थ के रूप में की। जिस पर महिला को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम रेखा बूढ़ा पुत्री दिलबहादुर बूढ़ा निवासी नेपाल बताया।

चरस के साथ पकड़ी गई नेपाली महिला ने पूछ ताछ के दौरान यह भी बताया कि वह यह चरस लेकर शिमला में एक व्यकित को देने को जा रही थी। महिला के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है। डिप्टी कमाण्डेन्ट दिलीप कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मादक पदार्थ 32 लाख रुपये प्रति किलो है। बरामद पांच किलो चरस की कीमत 1.60 करोड़ रूपये आंकी गई है।



## ईंट-मलबे हटवाकर रास्ता खुलवाने की हुई मांग

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बारिश के दौरान घर के गिरे अवशेष ईंट आदि मलबे को रास्ते से हटवाकर आम रास्ता खाली कराने की ग्रामीणों ने मांग की है। मामला कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बरवलिया से जुड़ा हुआ है। जहां प्रदीप कुमार, प्रेम कुमार, सोहन लाल, मुंशीराम तथा श्याम मनोहर आदि लोगों के हस्ताक्षरित सामूहिक रूप से शिकायती पत्र पुलिस को देकर कहा गया है कि गांव के बीचो-बीच आबादी में खड़ंजा लगा हुआ रास्ता है जो कि लगभग पांच दस परिवारों,लोगों के मकान पर जाने का मुख्य मार्ग है। जिस पर बारिश से 15 से 20 दिन पूर्व शिवकुमार पुत्र पारसनाथ का रास्ते से सटा हुआ विवादित कच्चे ईंट का जर्जर खपरैल मकान की दिवाल का एक हिस्सा इस रास्ते पर बरसात होने के कारण गिर गया था जिसे बार-बार कहने के बावजूद भी शिवकुमार पुत्र पारसनाथ नहीं हटा रहे हैं बल्कि लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते हैं। इस संबंध में जानकारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

# दबंगों ने युवक पर लोहे की रॉड से किया हमला, गंभीर

**पिता ने अपने बेटे विशाल सिंह पर हुए हमले के संबंध में थाना परसपुर में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया**



**परसपुर,गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

परसपुर क्षेत्र के राजपुर मार्ग पर दबंगों द्वारा रास्ता रोककर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें लोहे की रॉड से सिर पर वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत देखकर उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहीं राजा टोला निवासी प्रेम सिंह ने अपने बेटे विशाल सिंह पर हुए हमले के संबंध में थाना परसपुर में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि विशाल सिंह ब्रह्मचारी स्थान राजपुर जा रहा था जहां पहले से घात लगाए बैठे राजवर्धन सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र राजपति सिंह, अजीत सिंह उर्फ तूफान व लाल सिंह पुत्रगण हर्षवर्धन सिंह उर्फ गुड्डु निवासी ग्राम परसन पुरवा चरहुंआ और इनके साथ एक अन्य व्यक्ति ने रास्ता रोककर मां बहन की गाली देना शुरू कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूंसों से पिटाई शुरू कर दी।

इस दौरान अजीत सिंह उर्फ तूफान सिंह ने जान से मारने की नीयत से विशाल के सिर पर लोहे की रॉड से जोरदार हमला किया जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया मौके पर पहुंचे और विशाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर ले गए जहां से डॉक्टर ने उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध थानाध्यक्ष परसपुर दिनेश सिंह ने बताया कि राजा टोला निवासी प्रेम सिंह की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# खेत में जा रहे किसान पर मगरमच्छ ने किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



ककरहा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गूढ़ निवासी किसान सोमवार शाम को खेत में लगे धान के फसल की रखवाली के लिए जा रहा था। तभी नहर से निकले मगरमच्छ ने हमला कर घायल कर दिया। घायल किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ककरहा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गूढ़ गांव निवासी मुन्ना (40) पुत्र तालुकदार किसान है। किसान के खेत में धान लगा हुआ है। सोमवार शाम को वह फसल की रखवाली के लिए खेत जा रहा था। शाम छह बजे के आसपास खेत जाते समय नहर से निकले मगरमच्छ ने किसान पर हमला कर घायल कर डिगा। किसान ने संघर्ष कर जन बचाई। गांव के लोगों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर के मुताबिक किसान के पीठ और हाथ में मगरमच्छ ने नोचा है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर शिवम मिश्रा ने बताया कि स्थिति सामान्य है। सर्जन चिकित्सक की ओर से इलाज किया जा रहा है।

# गुजरात कमाने गए युवक का फंदे से लटकता मिला शव

## मृतक के भाई पूरन ने साथियों पर लगाया हत्या का आरोप

**जरवलरोड बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



थाना जरवलरोड अंतर्गत ग्राम पंचायत तपेसिपाह निवासी 22 वर्षीय रूपन निषाद पुत्र श्री राम करीब डेढ़ माह पूर्व गुजरात के गांधीधाम बरसाना कमाने गए थे, वहां गांव के दो लड़कों से कहा सुनी मारपीट की बात सामने आई जिसके बाद सुबह रूपन का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला।

घटना की रात 12 बजे रूपन की बहन मीना ने से बात हुई थी, उसने किसी बात को लेकर साथ रह रहे गांव के कुछ लोगों से वाद विवाद होना बताया उसके बाद उसका फोन उठना बंद हो गया। दूसरे दिन सुबह रूपन का शव रूम में फंखे से लटका मिला। जिसकी सूचना गांव के साथियो ने उसकी बहन व अन्य परिजनो को दी। वही घटना की सूचना पर गुजरात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया उसके बाद गांव के साथियों को शव सौंप दिया। लाश सोमवार की रात गांव पहुंची तो गांव में कोहराम मच गया।

मृतक का अन्तिम संस्कार मंगलवार को कर दिया गया है। मृतक के भाई पूरन ने साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

# अमन रस्तोगी 'सानू' चुने गए अध्यक्ष

**बहराइच।** श्री सिद्धनाथ बाबा कांवड़िया संघ की एक आवश्यक बैठक उपाध्यक्ष अक्षांश गुप्ता के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में संघ को नई ऊर्जा व नई दिशा प्रदान करने हेतु अमन रस्तोगी 'सानू' को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संघ के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों व आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही संघ के निवर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता द्वारा नये अध्यक्ष के चयन का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अमन रस्तोगी 'सानू' को अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष श्री रस्तोगी ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही अगली बैठक शीघ्र आहूत कर अन्य पदाधिकारियों के चयन की बात कही। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि कांवड़िया संघ द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाले कांवर यात्रा के साथ ही समाज सेवा व धार्मिक कार्यो में संघ की सहभागिता बढ़ाई जाये।

## थाने में पहुंच गया तेंदुआ, सीसीटीवी में हुआ कैद

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर थाना परिसर में तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुआ परिसर में विचरण करता दिखा। हालांकि देर रात होने के चलते किसी पर हमला नहीं है।जिले में एक तरफ भेड़िया की दहशत है तो दूसरी तरफ सियार को लोग भेड़िया समझ कर मार रहे हैं। लेकिन अब तेंदुआ भी आबादी में दस्तक दे रहा है। जिले के मोतीपुर थाना परिसर में सोमवार रात को तेंदुआ पहुंच गया। थाना परिसर में कोई पुलिस कर्मी नहीं था, जिसके चलते हमला नहीं हो सका। विचरण करने के बाद तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी एसके तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदुआ थाना में आया था। वह कुछ देर बाद विचरण करने के बाद चला गया। उन्होंने बताया कि यह तेंदुआ सिंचाई कॉलोनी में रहने वाला है। कुत्ते के शिकार में वह बाहर आ जाता है। लोग सतर्कता बनाएं रखें।

# महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न पर लगे रोक

## शिवसेना ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिसमें महिला उत्पीड़न को रोकने और शारदीय नवरात्र में खुले में लगने वाले मीट की दुकानों को बंद करवाने की मांग की। शिवसेना शिंदे गुट के जिलाध्यक्ष अर्जुन पंडित शिवाकांत की अगुवाई में महिला और पुरुष कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने जिले में महिलाओं के उत्पीड़न के विरुद्ध नारेबाजी की। कहा कि जिले में हत्या, लूट और दुष्कर्म की घटनाएं महिलाओं के साथ हो रही हैं। इस पर पुलिस अंकुश लगाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नवरात्र में रास्तों पर पड़ने वाले बीफ़, मीट और चिकन की दुकान 15 दिनों तक बंद करवाए जाने की मांग की।

इसके अलावा शहर में फैले अतिक्रमण, गोशाला में गायों की सुरक्षा और भोजन उपलब्ध करवाने समेत सात सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया।

इस दौरान जिला महासचिव जंग बहादुर सिंह, जिला महामंत्री महेंद्र मिश्रा, संतोष कुमार, शोभा राम, मिश्री लाल, शिव राम, राम मूरत, अखिलेश वर्मा, माधव राम, त्रिलोकी नाथ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रक पलटा, ड्राइवर-कंडक्टर बचे

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़ ।**



कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज-परसपुर वाया नवाबगंज रोड पर भारतीय स्टेट बैंक शीशामऊ के सामने मंगलवार की भोर में एक अनियंत्रित ट्रक पलट गया। इस हादसे में ड्राईवर,कंडक्टर को मामूली चोटें आई हैं। वहीं एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जाता है कि ट्रक दिल्ली से ट्रांसपोर्ट का माल लादकर बिहार जा रहा था। मंगलवार भोर में कर्नलगंज-परसपुर मार्ग से होकर जाते समय चालक को झपकी आ गई और ट्रक अनियंत्रित होकर शीशामऊ स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने पलट गया। ट्रक में लदा सामान सड़क किनारे बिखर गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर संदीप और कंडक्टर सचिन को मामूली चोटें आई हैं। ट्रक के पलटने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और समाजसेवी जिला पंचायत सदस्य राजेश मिश्रा राहत बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंच गए और दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और 112 पीआरबी को सूचित किया। मौके पर पहुंची पीआरबी के पुलिसकर्मियों ने ड्राइवर से घटना के बारे में पूंछताछ की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि हादसे में चालक-परिचालक सुरक्षित हैं और उन्हें मामूली चोट लगी है।

# गृह जनपद में स्थानांतरण के लिए शिक्षकों का धरना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के विभिन्न विद्यालयों में तैनात गैर जनपद के शिक्षकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में गृह जनपद में स्थानांतरण को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। आकांक्षी जनपद शैक्षिक एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को काफी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट के धरना स्थल पर एकत्रित हुए।यहां पर सभी ने गृह जनपद में स्थानांतरण को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कई बार पत्र देने और नियम आने के बाद भी जिले के शिक्षकों का स्थानांतरण उनके गृह जनपद में नहीं हो रहा है। जिसके चलते कोई 300 तो कोई 800 किलोमीटर की दूरी पर रहकर नौकरी कर रहा है।

प्रदेश महामंत्री विनय कुमार तिवारी ने कहा कि सिर्फ आकांक्षी जिले के नाम पर यहां के शिक्षकों का स्थानांतरण गैर जनपद नहीं किया जा रहा है। यह काफी दुखद है। सरकार को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। प्रदर्शन के बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता रसल रघुवंशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राणा आरपी सिंह, राज प्रकाश श्रीवास्तव, सुनिल जायसवाल, राम राज गुप्ता, अतुल राय, विवेक सिंह, आलोक राय संरक्षक, संयुक्त मंत्री आलोक सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री राज प्रकाश श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

# अपराध पर लग रही लगाम, मामलों का हो रहा खुलासा

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान हुआ शुरू



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

कानून व्यवस्था को लेकर सूबे की योगी सरकार संजीदा है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए लगातार प्रयासरत हैं यही नहीं उनके द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के आला अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक भी की जाती है उद्देश्य होता है कि कानून व्यवस्था के कोई खिलवाड़ न कर पाए और सरकार जिस उद्देश्य से सत्ता में आई थी प्रदेश के लोगों से जो वादे किए थे उसे पर वह सत्य प्रतिशत खरी उतरे। विगत कुछ महीना पहले रायबरेली की पुलिस अधीक्षक रहे आलोक प्रियदर्शी का ट्रांसफर हो जाता है उनके बाद जिले की कमान नए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल को सौंपी जाती है। उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता है जिसको लेकर उनके ऊपर सवाल उठने लगते हैं यही नहीं बढ़ते हुए अपराध की गूंज लखनऊ तक पहुंचती है जिसको लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से भी नाराजगी जताई जाती है और उनके यहां से ट्रांसफर कर दिया जाता है सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह को रायबरेली की कमान सौंपी की जाती है। दो जसवीर सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही जिले की कानून व्यवस्था भी सुधरने लगी और महीने भर के के अंदर ही लगातार हो रही चोरी लूट की घटनाओं में विराम लगना दिखना शुरू हो जाता है इसके साथ ही जो घटनाएं घट चुकी थी उनके ताबड़तोड़ खुलासे होने लगते हैं।

### एसपी की रणनीति ला रही रंग

विगत दिनों चोरों के द्वारा लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरबक्श गंज पुलिस को बड़ी सफलता और एसपी की रणनीति की वजह से अपराध पर लगाम लगता हुआ दिख रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है जिसके फायदे भी दिखने लगे हैं सघन वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए शातिर अपराधियों से गहन पूछताछ पर पता चला कि गुरबक्शगंज थाने क्षेत्र में विगत दिनों हुई चोरियों में इन चार अभियुक्तों की संलिप्तता थी गिरफ्तार किए गए अगियुक्तों के पास से अवैध वसूली की रकम, सोने,चांदी के आभूषण, कार बरामद किया गया। आरोपियों के अलग अलग थानों में दर्ज है कई मुकदमे गुरुबख्सगंज पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार चोरी का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लगातार गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिसमें तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गए पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि उनके साथी सूरज यादव और नीरज पांडे के द्वारा तीन अन्य अभियुक्तों को बुलाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे इनके ऊपर पहले से भी चोरी व लूट की घटनाओं के मुकदमे दर्ज है अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा खुलासा करने वाली टीम को 10000 के पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया है।

# अनैतिक दबाव बना रहे हैं अध्यक्ष : ईओ

▸ फर्जी भुगतान कराके हड़पना चाहते हैं पैसा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका में अधिशासी अभियंता और नगर पालिका अध्यक्ष व सभासद के बीच टकराव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नगर पालिका की बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हुआ हंगामा के दौरान सभासदों ने बोर्ड बैठक का बहिष्कार करते हुए जमीन पर बैठकर विरोध दर्ज कराया सभासदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार हमारे तरफ से एस्टीमेट दिए जा रहे हैं लेकिन ईओ के द्वारा ना तो कोई विचार किया जा रहा है और ना ही वार्डों का समुचित विकास हो पा रहा है। ऐसे आरोपों के साथ सभासदों के द्वारा आज बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा किया गया।



वही जब इस पूरे मामले पर अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि अध्यक्ष महोदय के द्वारा फर्जी भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है नियम विरुद्ध कार्य इनके द्वारा कराए जा रहे है। इसके साथ अधिशासी अधिकारी ने यह भी कहा कि आज जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह सरासर गलत हैं रायबरेली का विकास हो रहा है स्वच्छता रैंकिंग में रायबरेली की हिस्सेदारी है, इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि जिन फर्मों के द्वारा जिले में कार्य कराए जा रहे है और जो ठेकेदार इनके चहेते है या और जो कुछ भी हो उनके पेमेंट बिना कार्य के ही जबरन कराने का दबाव बनाया जा रहा है। आउट सोर्सिंग के जो कर्मचारी इनके माध्यम से लगे है और वो अपना कार्य नही कर रहे है उनके पेमेंट का दबाव बनाने का कार्य इनके द्वारा किया जा रहा है।

# युवक की दबंगई से परेशान परिवार ने छोड़ा गांव

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

एक व्यक्ति पर दबंगई करने का आरोप लगाकर पूरा परिवार घर में ताला लगा कर गांव छोड़कर चला गया है।इस बात से नाराज ग्रामीणों ने मामले में पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

पूरे तबीजन मजरे मुबारकपुर निवासी अमरनाथ का कहना है कि 16 सितंबर को उसकी बहू को घर के सामने दुकान करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय का एक युवक अपने साथ भगा ले गया था। शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी की धाराओ में मामला दर्ज किया था। बाद में बहू को बरामद कर उसके माता-पिता को सौप दिया। अमरनाथ का आरोप है की पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने से आरोपित के हौसले बुलंद हैं। वह दुकान पर लोगों की भीड़ लगाकर फब्तियां कसने के साथ ही अश्लील गाने बजाता है जिससे परेशान होकर अमरनाथ ने अपनी पत्नी विमला पुत्र दीपक और पवन के साथ घर में ताला लगाकर गांव छोड़ दिया है।

अमरनाथ के गांव छोड़ने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को एक सामूहिक बैठक भी की जिसमें धर्मेंद्र, श्रीकेशन, सुरेखा, लक्ष्मी, आशीष, रमेश, सरयू आदि लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन तैयार करते हुए पुलिस से आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।मामले की जानकारी करने पर क्षेत्राधिकारी ऐके सिंह ने बताया कि दीपक का अपनी पत्नी से विवाद है।शायद इसी वजह से परिजन घर में ताला लगा कर चले गये हो फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।

## नौ लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज घटना की जांच शुरू

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां पुलिस द्वारा दहेज हत्या का नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार चुरुआ गांव में 1 वर्ष पूर्व कोमल का विवाह गोलू पुत्र राम सजीवन के साथ हुआ था। बीते तीन दिन पूर्व कोमल द्वारा जहर के साथ-साथ रस्सी से झूल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया था जिसमें इलाज के दौरान कोमल की मौत हो गई है। मृतका की माता तारावती की तरफ से बछरावां पुलिस द्वारा पारिवारिजनों के नौ लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। तारावती पत्नी रामसागर निवासी नटौली थाना निगोहा जनपद लखनऊ द्वारा आरोप लगाया गया है कि पति गोलू पुत्र राम सजीवन, ससुर राम सजीवन पुत्र राम खेलावन ,सास सियारानी पत्नी राम सजीवन, नंनद मनीषा, नंनद नीतू , नंदोई लवकुश, देवर लक्ष्मण , देवर पवन वह राजू के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतका की मां ने तहरीर में बताया है कि शादी के बाद दहेज के लिए मोटरसाइकिल अपाचे एवं चैन की मांग लगातार कर रहे थे।

# धान क्रय केन्द्र शासन के निर्देशों के अनुरूप करें कार्रवाई : डीएम

▸ जनपद में 65 धान क्रय केन्द्र स्थापित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए किसानों से सीधे धान क्रय किये जाने हेतु जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग की विपणन शाखा एवं भारतीय खाद्य निगम द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में 28 धान क्रय केन्द्र अनुमोदित किये जा चुके है। उन्होंने इसके अलावा क्रय एजेंसी पीसीएफ के 42, पीसीयू के 14, यूपीएसएस के 06, भारतीय खाद्य निगम का 01 तथा मण्डी परिषद के 02 अर्थात कुल 65 धान क्रय केंद्र खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुख-सुविधाओं की व्यवस्था के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक केंद्र आदि की व्यवस्था धान क्रय केन्द्रों पर कराना सुनिश्चित करें।





# साइबर हाइजीन एंड सेक्योरिटी विषय पर हुई कार्यशाला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) द्वारा 16 अगस्त, 2024 से 15 नवंबर, 2024 तक निवारक सतर्कता पर तीन महीने का अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस वर्ष भी सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 से 03 नवंबर, 2024 तक किया जाएगा। इसके साथ ही, इस अभियान के अंतर्गत, क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत साइबर हाइजीन एंड सेक्योरिटी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राहुल विश्वकर्मा, साइबर अपराध सुरक्षा प्रशिक्षक, एटीएस स्क्वाड मुख्यालय, लखनऊ ने आधुनिक दुनिया में बढ़ते साइबर अपराधों और उनकी रोकथाम के उपायों पर व्याख्यान दिया।



इस दौरान निफ्ट रायबरेली के अधिकारियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को ई-नेटवर्क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यशाला के समापन पर, निफ्ट रायबरेली के निदेशक नन्दन सिंह बोरा ने राहुल विश्वकर्मा का आभार व्यक्त किया और सभी कर्मचारियों को दैनिक जीवन में साइबर सुरक्षा के सुझावों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप-सतर्कता अधिकारी डॉ. भरत सिंह, परिसर अकादमिक समन्वयक प्रवीन श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी, संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## छह किमी लगी ट्रकों की लंबी कतारें, जाम में रेंगते रहे वाहन

**बछरावां,रायबरेली।** सोमवार देर रात लगभग दस बजे से बांदा बहराइच हाईवे पर चुरुवा पश्चिम गांव बायपास चौराहे पर एक ट्रक खराब हो गया। इसी बीच ओवरटेक करने में दो ट्रैकों के पहिए मिट्टी में धंस गए देखते ही देखते जाम लगने लगा। जाम की स्थिति मंगलवार सुबह नौ बजे तक बनी रही। लगभह छह किलोमीटर तक ट्रैकों की लंबी कतारे दोनों और लगी रही। जिससे यात्रियों और राहगीरों को विषम समस्याओं का सामना करना पड़ा। सुबह के समय स्कूली वाहन जाम में फंसे रहे जाम के चलते कई स्कूलों के बच्चे समय से विद्यालय नहीं पहुंच पाए। लगभग बारह घंटे तक यातायात बाधित रहा है। जाम खुलने के बाद भी लगभग दो घंटे तक वाहन रेंगते रहे।

# डीएम ने तंबाकू मुक्ति युवा अभियान रैली को किया रवाना

▸ 24 नवम्बर तक चलेगा तंबाकू मुक्ति युवा अभियान

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली के प्रांगण से तम्बाकू मुक्त युवा अभियान रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि आज से प्रारम्भ हो रहे 60 दिवसीय (24 सितंबर से 24 नवंबर 2024 तक) तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलेगा। उन्होंने अभियान के दौरान जनपद में 800 शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान आपरेशनल गाइडलाइन के अनुसार तम्बाकू मुक्त बनाने, 100 गावों को तम्बाकू मुक्त एवं 80 एनफोर्समेन्ट गतिविधियों एवं 150 आईईसी कैम्पेन/गतिविधियों को सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए संपादित कराने के निर्देश दिया।




इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग द्वारा समस्त गतिविधियाँ समय पर समन्वय कर सूचना विभाग के माध्यम से आम जनमानस को जागरुक किया जाय एवं समस्त सहयोगी विभाग दिवस वार संपादित गतिविधियों को जनपद तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, उपरोक्त के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सभी सहयोगी विभागों की समन्वय बैठक का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा एक सप्ताह बाद समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक के पूर्व सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में डॉ. सौरभ पाल एम्स, रायबरेली, बृजलाल वर्मा, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी, रतनेश श्रीवास्तव प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, रमेश चन्द्र यादव उप निरीक्षक पुलिस विभाग, डा सुनील अग्रवाल चिकित्सा अधिकारी जिला कारागार, डॉ. अरूण वर्मा नोडल अधिकारी एनसीडी आदि उपस्थित रहे। पूनम यादव जिला सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ट ने समस्त गतिविधियों का संचालन किया।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष की पत्नी रीता ने रिश्वत नहीं दी तो दूसरी किस्त पर लगाई रोक

**बलरामपुर।** भगवतीगंज विशुनीपुर में बैठक लेने गये जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने रीता के आवास को देखा काम बन्द था कारण पूछा तो छिटाईलाल ने बताया कि दूसरी किस्त के लिए दस प्रतिशत रिश्वत मांगी जा रही है। जिसकी शिकायत जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस द्वारा किया गया। इसी दौरान तथ्यों की जानकारी में मिला कि तत्कालीन पीओ डूडा विजया तिवारी सर्रवेयर के माध्यम से दस प्रतिशत वसूली कराकर अपने साथ रखी महिला के खाते में पैसा मंगाती थी और भुगतान का स्क्रीनशॉट अपने मोबाइल पर मंगाती थी पियो डूडा विजय तिवारी के मोबाइल का भी भुगतान मंगाए जाने का साथ स्क्रीन वायरल हो गया। और अपने कर्मचारी को अपना हस्ताक्षर सिखाने का वीडियो भी वायरल हुआ अपना लखनऊ ज्यादातर रहती थी पत्रावली ऊपर कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर बनवाकर प्रस्तुत किया जाता था जिसको शिकायत होने पर अधिकारियों ने पकड़ा चूंकि शिकायतें रीता के आवास को लेकर आरंभ हुआ था।



## हॉट कुक्ड योजना के तहत नगर पंचायत में बांटे गए बर्तन

**महराजगंज, रायबरेली।** हॉट कुक्ड योजना के तहत नगर पंचायत महाराजगंज की आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो को गैस सिलेंडर व चूल्हा है वितरित किया गया। खाना पकाने हेतु पूर्व में बर्तनों का वितरण किया गया था जिसके क्रम में आज नगर पंचायत महराजगंज में ईओ राम आशीष वर्मा व चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा आंगनवाड़ी में काम करने वाली महिलाओं को खाना पकाने हेतु गैस सिलेंडर चूल्हा वितरित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू लिपिक जमुना प्रसाद सभासद धर्मेंद्र वर्मा अमित त्रिपाठी विनीत वैश्य हलीम शिवकुमार कमलेश कुशमेश रामकुमार यादव नूरुल हसन सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूपी-112 ने हादसे में घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

**उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

एसपी बलरामपुर विकास कुमार द्वारा यूपी-112 की आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं, जिसमें घटना स्थल पर न्यूनतम समय में पहुंचने और तत्काल कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया है। घटना सोमवार शाम 18:53 बजे की है जब यूपी-112 की पीआरवी 5452 को इवेंट नंबर 45542 के तहत एक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुई। कॉलर ने कांधभारी चौराहा, थाना श्रीदत्तगंज, जिला बलरामपुर से जानकारी दी कि एक बाइक का जानवर से एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस सहायता की आवश्यकता थी। इस सूचना पर पीआरवी 5452 टीम तुरंत हरकत में आई और न्यूनतम रिस्पांस टाइम में घटनास्थल पर पहुँच गई। टीम ने पाया कि घायल व्यक्ति राजेश कुमार को प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यकता थी। पीआरवी टीम ने बिना देरी किए एम्बुलेंस बुलवाई और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में भर्ती कराया, जहाँ उसका इलाज किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ने यूपी-112 टीम की तत्परता और सशक्त रिस्पांस की सराहना की।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर पंचायत में ली शपथ

▸ हमारे नगर पंचायत के कर्मचारी और सफाई कर्मी दिन-रात नगर को साफ करने में लगे रहते है : प्रभात साहू

**महराजगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व सभासदों एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों सहित सफाई कर्मियों ने ली स्वच्छता की शपथ। स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर पंचायत महराजगंज में आज सभी सभासदों कर्मचारी और सफाई कर्मियों ने नगर को स्वच्छ रखने की शपथ ली और साथ-साथ यह भी कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि नगर स्वच्छ रहे और जनता की भी जिम्मेदारी है कि कूड़ा उसी स्थान पर फेंका जाय जहां फेंका जाता है।



नगर पंचायत की गाड़ियां आए और कूडा उठाकर ले जाएं जिससे कि नगर में कहीं पर गंदगी ना दिखाई पड़े। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा हमारे नगर पंचायत के कर्मचारी और सफाई कर्मी दिन-रात नगर को साफ करने में लगे रहते हैं और आज हम लोगों ने नगर पंचायत में शपथ ली है कि हम सभी नगर को स्वच्छ और आदर्श नगर पंचायत बनाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू लिपिक यमुना प्रसाद सभासद नूरुल हसन रामकुमार यादव जमुना पासवान शिव कुमार कमलेश कुशमेश अमित त्रिपाठी हलीम नूरुल हसन धर्मेंद्र वर्मा विनीत वैश्य सहित सफाई कर्मी और नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा सदस्यता महापर्व का उद्देश्य समाज में बदलाव लाना : डॉ. धीरेन्द्र

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

अचलपुर वार्ड में एक कैंप लगाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी उक्त अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि यह अभियान न केवल नए सदस्यों को जोड़ने का प्रयास है,बल्कि पार्टी की योजनाओं और उद्देश्यों को भी लोगों तक पहुँचाने का एक माध्यम है। भाजपा सदस्यता अभियान 2024 से जुड़ने के लिए 8800002024 डायल करें। इस महापर्व का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर समाज में बदलाव लाना है। उक्त अवसर पर



कृष्ण गोपाल गुप्ता,नगर अध्यक्ष, डी.पी.सिंह बैस राजेश कुमार कश्यप,सभासद अचलापुर संजय गुप्ता,बूथ अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा,बूथ अध्यक्ष अभिषेक कुमार कश्यप,बूथ अध्यक्ष विनोद गिरि,सभासद पहलवारा,राजेश सिंह बबलू,विमल चंद्र त्रिपाठी,पवन चौहान सहित अन्य सम्मानित गण उपस्थित रहे।

## क्षेत्रवासियों ने उठाई स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने की मांग

**सादुल्लानगर /बलरामपुर।** विकासखंड के अचलपुर घाट में राजकीय स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाने की मांग क्षेत्र वासियों ने किया। विकास खंड के अचलपुर घाट के विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्रामीण दूरी के कारण स्वास्थ्य लाभ से वंचित रहते हैं। जिसका फायदा झोलाछाप डॉक्टर उठाते हैं। न्याय पंचायत अचलपुर घाट के विभिन्न गांवों व मजरे सीएचसी सादुल्लानगर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसे में बीमार होने पर सरकारी अस्पताल जाने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संजय कुमार, सुमित सिंह, पंकज, मदन, विपिन, मोहम्मद एहसान ,जफर, अजय ,महेश, अंसार ,सलमान आदि ग्रामीणों ने अचलपुर घाट न्याय पंचायत में राजकीय स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की मांग की है।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

एमएल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने किया। एन एस एस के स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य नॉट मी बट यू हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखात है, हमें समाज और अन्य लोगों के प्रति विचार विमर्श करना चाहिए, अपनी भावना के लिए जागरूकता बरतनी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस डॉ अनामिका सिंह व डॉ रमेश शुक्ल ने सभी का स्वागत किया। वहीं मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस डॉ आलोक शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत प्राचार्य प्रो. पाण्डेय व कार्यक्रम अधिकारियों के साथ सभी स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ सफाई की। इस अवसर पर डॉ आशीष कुमार लाल,महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।



# क्षेत्र की बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

महुआ फीडर से जुड़े उपभोक्ता इन दिनों भारी आक्रोश में हैं, क्योंकि उन्हें जानकारी मिली है कि उनके क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति के लिए सिद्धार्थनगर जिले से बिजली लाने की योजना बनाई जा रही है। महुआ फीडर से जुड़े कई ग्राम सभाओं के प्रधान, पूर्व प्रधान और ग्रामवासी इस निर्णय से नाखुश हैं। उन्होंने राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, जिलाधिकारी, और विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर और आईजीआरएस के माध्यम से गुहार लगाई है कि सिद्धार्थनगर से विद्युत सप्लाई न की जाए। ग्रामवासियों अलीमुद्दीन, अहद मोहम्मद, नूरजहां, उबैदुल्लह खां, अबू कमर, और मोहम्मद असलम बब्बू जैसे नाम प्रमुख हैं, जिनका कहना है कि महुआ फीडर से आच्छादित क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इसका समाधान निकाला जाना आवश्यक है, परंतु पड़ोसी जिला सिद्धार्थनगर के खानतारा पावर हाउस से सप्लाई की खबर सुनकर उन्हें चिंता हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सिद्धार्थनगर के गांवों को भी खानतारा पावर हाउस से 8-10 घंटे ही बिजली मिल पाती है, जिससे वे संतुष्ट नहीं हैं।

## नलकूपों की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से फसलों की सिंचाई बाधित

**सादुल्लानगर /बलरामपुर।** राजकीय नलकूपों की पाइपलाइन छतिग्रस्त होने से किसाने को राजकीय नलकूप से सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विकासखंड रेहराबाजार के अलाउद्दीनपुर, नेवादा,कोड़री,भेलया मदनपुर, लौकिया ताहिर यूजी 171व यूजी 180 किशुनपुर सागर आदि राजकीय नलकूपों के पाइपलाइन व कुलाबा छतिग्रस्त है। अजय ,अहमद अली, दिलीप कुमार, प्रदीप ,मोहम्मद याकूब ,सीताराम शालिकराम, कबीर, रियाज आदि ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्ष से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से नलकूप से फसलों की सिंचाई नहीं हो पाती ग्रामीणों ने राजकीय नलकूप के पाइपलाइन व कुलाबो के पुनर्निर्माण की मांग की। नलकूप ऑपरेटर रामसागर शर्मा ने बताया कि छतिग्रस्त पाइपलाइन व कुलाबो की सूचना विभाग को दी गई है।



## एमएलके पीजी कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत मंगलवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गरिमा सिंह व हर्षिता श्रीवास्तव ने बाजी मारी। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता तथा प्रो0 रेखा विश्वकर्मा के संयोजकत्व में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता युवा दिमाग के लिए अपने कलात्मक कौशल को विकसित करने, अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने और मूल्यवान अनुभव और मान्यता प्राप्त करने का एक शानदार तरीका है। ये प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने, दूसरों से सीखने और अपनी कलात्मक क्षमता का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं।

समृद्धि न्यूज़ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समृद्ध समाज का आधार



## बाल अस्मिता की रक्षा

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर साबित किया कि उसे सुप्रीम क्यों कहा जाता है। सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए कोर्ट ने साफकर दिया कि बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों को डाउनलोड करना, स्टोर करना, देखना व प्रसारित करना पॉक्सो व आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच के सदस्यों न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्र ने देश को साफसंदेश दे दिया कि बच्चों पर बने अश्लील कंटेंट की स्टोरेज करना, डिलीट न करना तथा इसकी शिकायत न करना, इस बात का संकेत है कि उसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। साथ ही मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द किया, जिसमें कहा गया था ऐसे कंटेंट को डाउनलोड करना, देखना अपराध नहीं है, जब तक कि इसे प्रसारित करने की नीयत न हो। शीर्ष अदालत ने उस फैसले को रद्द करके केस वापस सेशन कोर्ट को भेज दिया। इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को हटाकर इसकी जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लोएटेटिव एवं एब्यूसिव मैटेरियल शब्द का प्रयोग किया जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह अध्यादेश लाकर इसमें बदलाव करे। यहां तक कि अदालतें भी इस शब्द का प्रयोग न करें। साथ ही पॉक्सो एक्ट में इस शब्द को लेकर बदलाव किया जाए। कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में दलील दी कि नया शब्द ठीक से बताएगा कि यह महज अश्लील सामग्री ही नहीं है, बच्चे के साथ हुई वीभत्स घटना का एक रिकॉर्ड भी है। वह घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ है। या फिर ऐसे शोषण को वीडियो में दर्शाया गया है। अदालत ने गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि यौन शोषण के बाद पीड़ित बच्चों के वीडियो, फोटोग्राफऔर रिकॉर्डिंग के जरिये शोषण की श्रृंखला आगे चलती है। दुर्भाग्य से यह सामग्री इंटरनेट पर मौजूद रहती है। दरअसल, कोर्ट ने व्याख्या की कि ऐसी सामग्री से बच्चों का निरंतर भयादोहन किया जाता है। यह सामग्री लंबे समय तक बच्चों को नुकसान पहुंचाती है। जब इस तरह की सामग्री प्रसारित की जाती है तो पीड़ित बच्चे की मर्यादा का बार-बार उल्लंघन होता है। मौलिक अधिकारों का हनन होता है। समाज के एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमारी भूमिका ऐसी यौन कुंठित मानसिकता का प्रतिकार करने की होनी चाहिए। यह कृत्य समाज में नैतिक पतन की पराकाष्ठा को भी दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष सितंबर माह में केरल हाईकोर्ट ने भी अपने एक फैसले में अश्लील फोटो-वीडियो देखने को अपराध नहीं माना था। लेकिन इसे प्रसारित करने को गैरकानूनी माना था। इसी फैसले के आलोक में मद्रास हाईकोर्ट ने एक आरोपी को अपराधमुक्त किया था। इस फैसले के खिलाफ फरीदाबाद के स्वयं सेवी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस और बाल अधिकारों के लिये सक्रिय नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आंदोलन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर करके कोर्ट का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर खींचा था। इन संगठनों का मानना था कि मद्रास हाइकोर्ट के फैसले से लोगों में कानून का भय खत्म हो जाएगा और चाइल्ड पोर्नोग्राफी को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत में सूचना प्रौद्योगिकी एक्ट 2000, आईपीसी तथा पॉक्सो एक्ट के तरह अश्लील वीडियो बनाने व प्रसारित करने पर जेल व जुर्माने का प्रावधान है।

# दीनदयालजी उपाध्याय जयंती : धर्म व रिलीजन के बीच अंतर को समझें

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**


रिलीजन एक पश्चिमी अवधारणा है, भारतीय अवधारणा न तो रिलीजन है, न ही हिंदू रिलीजन या कोई हिंदुइज्म 'वाद' ह - यह सनातन धर्म है, ब्रह्मांड का शाश्वत नियम है, जिसे किसी भी कठोर और अंतिम सिद्धांतों में बांधा नहीं जा सकता है। -मिशेल डैनिनो पश्चिम में, हिंदू पुरुषार्थ की पूरी समझ होना मुश्किल है, मुख्य रूप से धर्म का संस्कृत से पश्चिमी भाषाओं में यथोचित अनुवाद न किए जाने के कारण प्रमुख है। इसलिए, पश्चिमी दुनिया में (सनातन) धर्म के अर्थ में मिलावट हुई है। इसे जीवन जीने का एक तरीका, प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले कर्तव्यों का एक समूह मानने के बजाय, इसे अक्सर रिलीजन के रूप में समझा जाता है। यही सोच कई समस्याओं का कारण बनता है, खासकर जब यह विचार किया जाता है कि एक राज्य को अंततः धर्म (धर्म राज्य) द्वारा शासित होना चाहिए। इसलिए, भारत को अभी भी एक 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' माना जा सकता है और यह एक धर्म राज्य भी हो सकता है।

दीनदयालजी विभिन्न शब्दों के अंतर्निहित अर्थों की व्याख्या करते हैं जो समाज को बनाए रखने के सर्वोत्तम तरीकों का आधार बनते हैं: धर्म राज्य का निर्माण राष्ट्र की रक्षा करने और ऐसी स्थितियाँ उत्पन्न करने तथा बनाए रखने के लिए किया जाता है, जिसमें राष्ट्र के आदर्शों को वास्तविकता में उतारा जा सके। राष्ट्र के आदर्श चिति का निर्माण करते हैं, जो व्यक्ति की आत्मा के समान है। चिति को समझने के लिए कुछ प्रयास की आवश्यकता होती है। राष्ट्र की चिति को प्रकट करने और बनाए रखने में मदद करने वाले नियमों को उस राष्ट्र का धर्म कहा जाता है। इसलिए, यह 'धर्म' ही सर्वोच्च है। धर्म राष्ट्र की आत्मा का भंडार है। यदि धर्म नष्ट हो जाता है तो राष्ट्र नष्ट हो जाता है। जो कोई भी धर्म का परित्याग करता है, वह राष्ट्र के साथ विश्वासघात करता है। धर्म और रिलीजनः धर्म और रिलीजन के बीच एक बुनियादी अंतर है।

इस अंतर को समझने में हमारी विफलता के परिणामस्वरूप कई बड़ी समस्याएं पैदा हुई हैं, जिनका सामना हम इंसानों ने पिछले सदी में किया है और आज भी कर रहे हैं। समकालीन भाषा में, धर्म को, काफी अनुचित रूप से, रिलीजन के बराबर माना जाता है। संगठित रिलीजन अनुयायियों से किताब और पैगंबर या ईसा मसीह का पालन करने की मांग करता है। किसी भी आस्था की सीमाओं के बाहर की कोई भी चीज़ अधार्मिक मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि मोक्ष केवल पैगंबर या ईसा मसीह के शरीर या उनके शब्दों के माध्यम से ही मिलता है। मानव जाति का इतिहास अक्सर आस्था की खोज में कट्टरपंथियों द्वारा किए गए विनाश का एक भयानक प्रमाण है। यह लोगों को विभाजित करने और उनका धर्म परिवर्तन करने, उत्पीड़न, असहिष्णुता और अधीनता, या दांव पर लगाने का प्रमाण है। रिलीजन पूरे इतिहास में सबसे शक्तिशाली विभाजनकारी ताकतों में से एक रहा है। दीनदयालजी ने धर्म और रिलीजन के अंतर को इस प्रकार समझाया- हम धर्म के पर्याय के रूप में रिलीजन शब्द का उपयोग करते हैं। यूरोपीय जीवन की अधिक स्वीकृति हमारी शिक्षा की उत्कृष्ट विशेषता बन गई। परिणामस्वरूप, रिलीजन शब्द की सभी विशेषताएँ, विशेष रूप से पश्चिम में प्रचलित, स्वतः ही धर्म की अवधारणा के लिए भी जिम्मेदार ठहराई गईं। चूँकि पश्चिम में, रिलीजन के नाम पर अन्याय और अत्याचार किए गए, भयंकर संघर्ष और लड़ाइयाँ लड़ी गईं, इसलिए इन सभी को एक साथ सूचीबद्ध किया गया जैसे कि ये लड़ाइयाँ धर्म की थीं। हालाँकि, रिलीजन की लड़ाई और धर्म के लिए लड़ाई दो अलग-अलग चीजें हैं। रिलीजन का मतलब एक पंथ या संप्रदाय है; इसका मतलब धर्म नहीं है। धर्म एक बहुत व्यापक अवधारणा है।

यह जीवन के सभी पहलुओं से संबंधित है। यह समाज को बनाए रखता है। इससे भी आगे, यह पूरे विश्व को बनाए रखता है। जो बनाए रखता है, वह धर्म है। धर्म के मूल सिद्धांत शाश्वत और सार्वभौमिक हैं। समय, स्थान और परिस्थितियों के अनुसार कार्यान्वयन अलग-अलग हो सकता है। कुछ नियम अस्थायी होते हैं और कुछ लंबे समय तक वैध होते हैं। धर्म जीवन के नियमों और उनके दार्शनिक आधारों पर एक संपूर्ण ग्रंथ है। ये नियम ऐसे होने चाहिए जो अस्तित्व और प्रगति को बनाए रखें और आगे बढ़ाएँ। साथ ही, उन्हें धर्म के व्यापक ढांचे के अनुरूप भी होना चाहिए। पश्चिमी सोच- इसके विपरीत, पश्चिमी सांस्कृतिक परंपराएँ रिलीजन के इर्द-गिर्द बनी हैं।

16वीं और 17वीं शताब्दी में राष्ट्र-राज्य का उदय धर्मनिरपेक्ष राज्य और चर्च के बीच रिलीजीयस संघर्षों का परिणाम था। आज हम जिसे आधुनिक राजनीतिक शब्दावली मानते हैं, उसका अधिकांश हिस्सा इन अशांत अवधियों के दौरान उभरा। इस शब्दावली का अधिकांश हिस्सा व्यक्ति, राज्य, चर्च के क्षेत्रों और साथ ही उनके आपसी संबंधों को परिभाषित करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। पहचान, जातीयता और स्वायत्तता की अवधारणाएँ चर्च और राज्य के बीच इस अलगाव की उपज हैं। पश्चिमी देशों द्वारा दुनिया के अधिकांश हिस्सों पर प्रभुत्व के कारण, आधुनिकता इन विभाजनकारी अवधारणाओं से जुड़ गई, जो पश्चिम में उत्पन्न हुई थीं। पश्चिमी शिक्षा प्रणाली ने हमें पश्चिमी तरीकों से सोचने के लिए मजबूर किया। लेकिन इससे भी अधिक, पश्चिमी प्रभाव के परिणामस्वरूप हम अपने स्वयं के सिद्धांतों से दूर हो गए, जिन्हें पश्चिम ने पिछड़ी सोच के रूप में वर्णित किया। हमें भारतीय लोकाचार के लिए उनकी प्रासंगिकता के बारे में सोचे बिना शब्दों और अवधारणाओं का उपयोग करने की आदत हो गई। हमने खुद को पश्चिमी विचारों और अवधारणाओं के दायरे में फिट करने का प्रयास किया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय समाज में संघर्ष, अराजकता और विभाजन पैदा हुआ।




इस अंतर को समझने में हमारी विफलता के परिणामस्वरूप कई बड़ी समस्याएं पैदा हुई हैं, जिनका सामना हम इंसानों ने पिछले सदी में किया है और आज भी कर रहे हैं। समकालीन भाषा में, धर्म को, काफी अनुचित रूप से, रिलीजन के बराबर माना जाता है। संगठित रिलीजन अनुयायियों से किताब और पैगंबर या ईसा मसीह का पालन करने की मांग करता है। किसी भी आस्था की सीमाओं के बाहर की कोई भी चीज़ अधार्मिक मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि मोक्ष केवल पैगंबर या ईसा मसीह के शरीर या उनके शब्दों के माध्यम से ही मिलता है। मानव जाति का इतिहास अक्सर आस्था की खोज में कट्टरपंथियों द्वारा किए गए विनाश का एक भयानक प्रमाण है। यह लोगों को विभाजित करने और उनका धर्म परिवर्तन करने, उत्पीड़न, असहिष्णुता और अधीनता, या दांव पर लगाने का प्रमाण है। रिलीजन पूरे इतिहास में सबसे शक्तिशाली विभाजनकारी ताकतों में से एक रहा है। दीनदयालजी ने धर्म और रिलीजन के अंतर को इस प्रकार समझाया  हम धर्म के पर्याय के रूप में रिलीजन शब्द का उपयोग करते हैं।

## विचार

# अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत

**डॉ. सौरभ मालवीय**



देश की समृद्धि के लिए अंत्योदय अत्यंत आवश्यक है। अंत्योदय का अर्थ है- समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। दूसरे शब्दों में- समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों का विकास करना ही अंत्योदय है। अंत्योदय के बिना देश उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक देश के अति निर्धन वर्ग का उत्थान नहीं होता, तब तक वह मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में देश भी समृद्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए अंत्योदय आवश्यक है।

जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय उनका सपना था। वे कहते थे कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नहीं, बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा। अंत्योदय के माध्यम से केवल भारत ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का विकास हो सकता है। इसके सुनियोजित योजना एवं उत्तरदायित्व आवश्यक है। विश्व के बहुत से विकसित राष्ट्र हालांकि किसी भी योजना के बिना ही वर्तमान आर्थिक विकास की दर प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि योजनाएं न केवल अनावश्यक हैं, अपितु निहायत अवांछनीय भी हैं। इसके बावजूद आम सहमति इस बात पर भी है कि यदि अविकसित राष्ट्र थोड़े समय में वही हासिल करना चाहते हैं, जो विकसित देशों ने लगभग एक शताब्दी में प्राप्त किया है तो विकास को अपनी प्राकृतिक गति पर नहीं छोड़ा जा सकता। विकास की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी एक प्रयास करना पड़ेगा और यह प्रयास नियोजित ढंग से होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है, ताकि वे भी प्रगति करके समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ यह दिवस समाज में व्याप्त असमानताओं के उन्मूलन के लिए कार्य करने की प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त यह दिवस विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देता है, जिससे निर्धनों एवं वंचित वर्गों के लोगों को उनके कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे इसका लाभ उठा सकें। सरकार इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। इसका उद्देश्य निर्धन ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। इससे पूर्व 24 सितंबर, 2013 को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत शहरी निर्धनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान दिया जाता है। इससे पूर्व 25 सितंबर, 2004 को दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत निर्धन रोगियों को एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि सरकार अंत्योदय अन्न योजना संचालित कर रही है। यह योजना 25 दिसंबर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई थी। इसे केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण परमाली द्वारा देश के सबसे निर्धन लोगों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध करवाना है। इस योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों को 35 किलो राशन प्रदान किया जाता है। इसमें 20 किलो गेहूं और 15 किलो चावल सम्मिलित होता है। इसके अंतर्गत गेहूं तीन रुपये प्रति किलोग्राम और चावल दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से दिया जाता है। इसे सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया था। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि कच्ची नौकरियों में निर्धन परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें वे परिवार सम्मिलित हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। कोरोना काल से यह राशन निश्शुल्क कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारें अंत्योदय के सिद्धांत को लेकर शासन कर रही हैं। भाजपा के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। इस सिद्धांत को हम सबका साथ सबका विकास के साथ मिला हुआ देख सकते हैं जो गरीब, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा तय की गई नीतियों में भी नजर आता है। दीनदयाल जी और उनकी आर्थिक नीतियों ने हमेशा गरीबों की भलाई पर जोर देने की बात की है। उनके आर्थिक विचार में पंक्ति के अंतिम पड़ाव पर खड़ा व्यक्ति शामिल रहा है। उन्होंने कहा था कि 'आर्थिक नीति निर्धारण और प्रगति की सफलता का पैमाना यह नहीं है कि समाज के सबसे शीर्ष पर मौजूद व्यक्ति को उससे कितना फायदा मिल रहा है बल्कि यह है कि समाज पर जो लोग सबसे नीचे हैं।


# एक देश, एक चुनावः जनतंत्र और संघवाद पर चोट

**राजेन्द्र शर्मा**

नरेंद्र मोदी की सरकार ने आखिरकार, तथाकथित एक देश, एक चुनाव के अपने नारे पर अमल की राह पर कदम उठाने का फैसला कर लिया है। इस दिशा में पहला आधिकारिक कदम उठाते हुए, केंद्रीय कैबिनेट ने पूर्व-राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय कमेटी की सिफारिशों पर अपने अनुमोदन की मोहर लगा दी। कोविंद कमेटी ने मार्च के महीने में राष्ट्रपति को अपनी सिफारिशें दे दी थीं, जिनमें नरेंद्र मोदी के इस चहेते सुधार को लागू करने के तरीके सुझाए गए हैं। मोदी सरकार के पहले सौ दिन पूरे होने और प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन के अगले ही दिन, मंत्रिमंडल के इस फैसले की घोषणा, इससे हैडलाइन प्रबंधन के हित साधे जाने की ओर, काफी साफ तौर पर इशारा करती है।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के जश्न का जितना शोर था, उसे देखते हुए उसकी उपलब्धियों के तौर पर दिखाने-बताने के लिए कुछ खास चूंकि नहीं था, श्एक देश एक चुनाव के मोदी सरकार के फैसले को ही बड़ी हैडलाइन बनाने की कोशिश की जा रही थी। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि मंत्रिमंडल के अनुमोदन की घोषणा के बावजूद, यह स्पष्ट है कि खुद मोदी सरकार भी, अपने इस प्रिय नारे के निकट भविष्य में अमल में आने की कोई संभावना नहीं देख रही है। इसकी वजह सिर्फ यही नहीं है कि इस व्यवस्था को अमल में लाने के लिए, देश के कानूनों में ही नहीं, संविधान में भी इतने सारे संशोधनों की आवश्यकता होगी, जो सब आसानी से होने वाला नहीं है। सभी जानते हैं कि संविधान संशोधनों के लिए संसद के दोनों सदनों से दो-तिहाई बहुमत से अनुमोदन की और कुछ मामलों में आधे से अधिक राज्यों के अनुमोदन की भी जरूरत होगीय और अपनी उल्लेखनीय रूप से घटी हुई ताकत के चलते मोदी सरकार अब, विपक्ष के खासे बड़े हिस्से के समर्थन के बिना इन संविधान संशोधनों के पारित होने की उम्मीद कर ही नहीं सकती है।

इसी को सच्चाई को देखते हुए, मोदी सरकार के अब तक के मिजाज के विपरीत और उसकी घटी हुई ताकत के अनुरूप, इस योजना को लागू करने के लिए मंत्रिमंडल में से एक इंप्लीमेंटेशन ग्रुप के गठन का ही ऐलान नहीं किया गया है बल्कि सरकार की ओर से इसका भरोसा दिलाने की भी कोशिश की गयी है कि वह तो इस मामले में कंसेंसस यानी सर्वानुमति बनाना चाहती है। कंसेंसस बनाने की इच्छा का यह दिखावा इसे उजागर करने के लिए काफी है कि खुद सरकार भी, इस मामले में जल्दी से कोई प्रगति होने की उम्मीद नहीं रखती है। वास्तव में, सरकार की ओर से उक्त निर्णय की घोषणा करते हुए, सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने न सिर्फ इस पर अमल के लिए कोई ठोस समय सीमा बताने से इंकार कर दिया, उन्होंने 2029 के आम चुनाव से इस पर अमल शुरू होने का आश्वासन देने तक से इंकार कर दिया! इस लिहाज से इस फैसले की तुलना, महिला आरक्षण के मोदी सरकार के ही फैसले से किए जाने पर भी किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। महिला आरक्षण के भी 2029 के आम चुनाव तक लागू हो पाने के तो कोई आसार हैं ही नहीं। नरेंद्र मोदी की बड़े फैसले लेने वाले नेता की आत्मछवि के लिए अब ऐसे फैसलों पर निर्भरता बढ़ती जा रही लगती है, जो प्रचार के लिए तो बड़े फैसले हैं, पर जिनका जमीन पर उतरना बहुत दूर नजर आता है। 2024 के आम चुनाव में भाजपा के बहुमत से नीचे रह जाने और सरकार बनाने के लिए गठबंधन की राजनीति करने पर निर्भर हो जाने के बाद, आम तौर पर ऐसा समझा जा रहा था कि अब मोदी सरकार को, श्एक देश एक चुनाव और श्समान नागरिक संहिता जैसे अपने नारों को उठाकर रखना पड़ेगा, जिनको यथार्थ में उतारना वैसे भी बहुत मुश्किल था।



# राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्या :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकर :-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# सरदार सरोवर की जन्मगाथा

**मेधा पाटकर**

नर्मदा 1312 किलोमीटर लंबी बहती नदी और किनारे बसे पहाड़, जंगल ही नहीं, गांव- नगर, लाखों परिवार, उनकी पीढ़ियों की जीवनगाथा और चलती आजीविका...खेती, मजदूरी, वनोपज, मत्स्य व्यवसाय, या कोई कारीगरी की जटिलता और घाटी के संसाधनों पर निर्भरता, विशेष हकीकत रही। इस पर बड़े बांध से आने वाली डूब के और अन्य असरों के अध्ययनों के बिना ही फैसला आया, यह हकीकत स्पष्ट होती है। राष्ट्रीय स्तर पर 1993 में ही, विस्थापितों के अधिकार डुबाते हुए धकेले जाते बांध के विरोध में 1985 से शुरू हुए सतत सत्याग्रह, उपवास आदि के बाद नर्मदा आंदोलन से एक विशेष चुनौती दी गई, जलसमाधि घोषित होकर! उसके पहले 1988 का धरना और रैलियां, 1989 में 80 किलोमीटर चले आदिवासी और वाहनों से पहुंचे मध्यप्रदेश के निमाड़वासियों की हजारों की संख्या में बांधस्थल पर गिरफ्तारी हुई थी।

नर्मदा 1312 किलोमीटर लंबी बहती नदी और किनारे बसे पहाड़, जंगल ही नहीं, गांव- नगर, लाखों परिवार, उनकी पीढ़ियों की जीवनगाथा और चलती आजीविका... खेती, मजदूरी, वनोपज, मत्स्य व्यवसाय, या कोई कारीगरी की जटिलता और घाटी के संसाधनों पर निर्भरता, विशेष हकीकत रही। इस पर बड़े बांध से आने वाली डूब के और अन्य असरों के अध्ययनों के बिना ही फैसला आया, यह हकीकत स्पष्ट होती है। शुरुआत तो हुई 1959 में जब महाराष्ट्र और गुजरात एक होकर बॉम्बे सरकार थी। नर्मदा पर नवागाम बांध, पहले दौर में 162 फीट ही ऊंचा बनाने का प्रस्ताव हुआ और उसे बढ़ाकर दूसरे दौर में 300 फीट तक ले जाने का! जल संसाधन और विद्युत मंत्रालय ने 320 फिट तक बढ़ाकर सौराष्ट्र और कच्छ तक सिंचाई पहुंचाने का प्रस्ताव, सलाहकार समिति की सिफारिश पर मंजूर किया। पहले दौर के निर्माण प्रस्ताव के बाद दूसरे दौर में 625 मेगावाट बिजली निर्माण भी संभव माना था। 1 मई 1960 को महाराष्ट्र- गुजरात स्वतंत्र राज्य बनने के बाद 1963 में केंद्रीय मंत्री डॉ. के. एल. राव ने 425 फिट का नवागाम बांध और पूरा लाभ गुजरात को तथा 850 पूर्ण



जलाशय स्तर का पुनासा बांध (आज का इंदिरा सागर!) और उससे लाभों का बंटवारा मध्यप्रदेश और गुजरात में 2.1 मंजूर करवायाय भोपाल अनुबंध के रूप में। मध्यप्रदेश शासन ने बाद में इसे नामंजूर करके विवाद उठाया और खारिज करवाया।

इसके बाद शुरू हुआ आंतरराज्य विवाद, जिसके निराकरण के लिए इंदिरा गांधी ने गठित किया ट्रिब्यूनल, जो 1969 से 1979 तक चला। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र, दोनों राज्यों ने 10 साल तक गुजरात में नर्मदा पर बड़ा बांध बनाने का विरोध दर्ज किया! मध्यप्रदेश में चला सर्वदलीय निमाड़ बचाओ आंदोलन! दिसंबर 1979 में आंतरराज्य नर्मदा ट्रिब्यूनल याने जल विवाद न्यायाधिकरण का फैसला आया, जो परियोजना के विविध पहलू और असरों के अध्ययन पूरे करे बिना, विवाद के निराकरण का निर्णय था। 10 सालों के कार्यकाल में न्यायाधिकरण के सदस्यों ने नर्मदा घाटी की मुलाकात ली, वह मात्र शूलपाणीश्वर, हापेश्वर और कोटेश्वर मंदिरों तक सीमित थी, न ही किसी विस्थापित होने वाले गांव या परिवार की। महाकाय योजना को दी मंजूरी और साहूकारी भी बिना अध्ययन! नर्मदा 1312 किलोमीटर लंबी बहती नदी और किनारे बसे पहाड़, जंगल ही नहीं, गांव- नगर, लाखों परिवार, उनकी पीढ़ियों की जीवनगाथा और चलती आजीविका...खेती, मजदूरी, वनोपज, मत्स्य व्यवसाय, या कोई कारीगरी की जटिलता और घाटी के संसाधनों पर निर्भरता, विशेष हकीकत रही। इस पर बड़े बांध से आने वाली डूब के और अन्य असरों के अध्ययनों के बिना ही फैसला आया, यह हकीकत स्पष्ट होती है। राष्ट्रीय स्तर पर 1993 में ही, विस्थापितों के अधिकार डुबाते हुए धकेले जाते बांध के विरोध में 1985 से शुरू हुए सतत सत्याग्रह, उपवास आदि के बाद नर्मदा आंदोलन से एक विशेष चुनौती दी गई, जलसमाधि घोषित होकर! उसके पहले 1988 का धरना और रैलियां, 1989 में 80 किलोमीटर चले आदिवासी और वाहनों से पहुंचे मध्यप्रदेश के निमाड़वासियों की हजारों की संख्या में बांधस्थल पर गिरफ्तारी हुई थी। 1990 में बाबा आमटे जी के साथ दिल्ली में प्रधानमंत्री निवास पर सत्याग्रह और बहुगुणाजी, सुगथा कुमारी जैसे की उपस्थिति में चर्चाय मुंबई के 8 दिन के उपवास के बाद शरद पवार जी का बांध स्थल पर पहुंचकर गुजरात और महाराष्ट्र के अधिकारियों सहित बैठक और पुनर्वास के बिना बांध आगे न बढ़ने देने की घोषणा... सब हो चुका था। 1990 में ही 5000 विस्थापितों का पैदल जनविकास मार्च और उस पर हुए दमन के साथ 21 दिनों का उपवास देश और दुनिया से सहयोग पा चुका था! फिर भी डूब का खतरा, पहाड़ी आदिवासियों पर छाते हुए जब जल समाधि का निर्णय लिया गया, तभी योजना आयोग के उपाध्यक्ष जयंतराव पाटिल जी की अध्यक्षता में बना पांच सदस्यीय समूह जो जल संसाधन मंत्रालय के प्रमुख सचिव रहे रामस्वामी अय्यर, अर्थशास्त्री एल. सी. जैन, वसंत गोवारीकर, कुलदै स्वामी जैसे आंदोलन और शासन से प्रस्तावित मान्यवरों का था। दोनों पक्षों की सुनवाई और प्रस्तुतियों के बाद उनका भी निष्कर्ष रहा, सरदार सरोवर के नियोजन में अधूरापन और लाभों के गलत दावों का 100 साल में 75 नहीं, मात्र 61 साल ही भर सकता है जलाशय पूर्ण और शायद मिल सकते हैं, अपेक्षित लाभय यह कहते हुए पर्यावरणीय और सामाजिक हानिपूर्ति याने पुनर्वास के भी अधूरे नियोजन पर कड़े सवाल उठाने वाली उनकी रिपोर्ट शासकों को स्पष्ट चेतावनी देती रही!

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# प्रधान संगठन ने ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

## अपात्र लाभार्थियों को आवास प्लस योजना का लाभ दिलाने की मंशा के चलते लग रहे आरोप : ओम तिवारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पनवाड़ी विकासखंड में प्रधान और सचिव संगठन आमने सामने आ गए हैं, एक के बाद एक अपनी मांगों को लेकर शिकायती ज्ञापन का दौर चल पड़ा है। बीते सोमवार सचिव संघ के ज्ञापन के उपरांत मंगलवार को प्रधान संगठन ने भी सचिव ओम तिवारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर डीएम महोबा को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। प्रधान संगठन ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि ग्राम विकास अधिकारी ओम तिवारी धवार क्लस्टर के प्रधानों से अभद्र भाषा में बात करते हैं। तैनाती के 2 माह के बाद भी 15वें वित्त व राज्य वित्त के खाते नहीं खुल पाने से गांवों का विकास अधर में लटक गया है। ब्लॉक अध्यक्ष ने जनहित में सचिव ओम तिवारी के स्थानांतरण को ज़रूरी बताया है।

आरोप यह भी हैं कि सचिव संघ के अध्यक्ष होने के चलते दूसरे सचिवों को भी अन्य प्रधानों के खिलाफ़ भड़काने का काम करते है। इसलिए सचिव के पनवाड़ी से स्थानांतरण की मांग की गई है। हालांकि पूरे मामले को लेकर जब ग्राम विकास अधिकारी/ पंचायत सचिव ओम तिवारी से बात किए जाने पर उन्होंने उल्टे ग्राम प्रधानों पर आवास प्लस 2 योजना में अपात्रों के नाम शामिल करवाने के दबाव के बावजूद निष्पक्षता व ईमानदारीपूर्वक जांच किए जाने से बौखलाए प्रधानों ने अपने संगठन की आड़ लेकर एक नया प्रोपोगेंडा तैयार किया है। ग्राम प्रधान अपनी हनक दिखाकर शासन की महत्वाकांक्षी योजना में वास्तविक पात्रों के बजाय बड़े पैमाने पर अपने चहेते अपात्र लोगों/ परिवारों को लाभ दिलाने की मंशा से भ्रष्टाचार कराना चाहते हैं।

इसके साथ ही मनरेगा योजना में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीनों से कार्य कराने का भी दबाव क्लस्टर के प्रधानों द्वारा बनाए जाने के विरोध में ग्राम पंचायत सचिव संघ अपनी शिकायतों संबंधी ज्ञापन बीडीओ पनवाड़ी को सौंप चुका है। फिलहाल पूरे मामले में प्रधानों व पंचायत सचिवों के संगठनों के बीच तनातनी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है, जो जि़ला प्रशासन के लिए चिंता व चुनौतीपूर्ण बनता दिखाई पड़ रहा है।

## सुरक्षा का दायित्व निभा रही हैं महिला पुलिस बीट अधिकारी

**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम जनपद महोबा में महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत संचालित कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस नोडल मिशन शक्ति वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया गया।

# जनपद न्यायाधीश ने डीएम-एसपी संग किया उप कारागार का निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद न्यायाधीश महोबा जय प्रकाश यादव, जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल द्वारा संयुक्त रुप से उपकारागार महोबा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उपकारागार में निरुद्ध बंदियों के आवासीय बैरक, भोजनालय, हॉस्पिटल आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध कैदियों-बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गयी, मेस में बन रहे भोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी। जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए इसके संचालन के संबंध में जेल अधीक्षक शिवमूर्ति सिंह को निर्देशित किया कि सीसीटीवी के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके अलावा पुरुष एवं महिला बैरक, अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, जिसके क्रम में उन्होने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल परिसर और बैरकों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये और नियमानुसार बंदियों को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी जायें। सभी कैदियों की समय-समय पर काउंसिलिंग कराएं जिससे उनकी जीवन शैली में अपेक्षित सुधार लाया जा सके।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गयी किशोरी के साथ सरकारी ट्यूबवेल में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद विद्युत विभाग में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारी मौके से फरार हो गया था पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर डाक्टरी परीक्षण करा जेल भेज दिया है पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक कुमार दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर के द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अर्जुन कुशवाहा पुत्र काका कुशवाहा उम्र करीब 20 वर्ष को पड़ोसी गांव से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी के बाद जेल भेजा गया।

# एसपी ने समस्त शाखाओं का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन महोबा का औचक निरीक्षण/भ्रमण किया गया।

इस दौरान पुलिस लाइन अवस्थित पुलिस कैन्टीन, बैरक, भोजनालय, परिवहन शाखा, साइबर थाना, निर्माणाधीन बिल्डिंग, यातायात पुलिस कण्ट्रोल रुम, क्वार्टर गार्ड अवस्थित शस्त्रागार, जीपी स्टोर इत्यादि का भ्रमण कर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखते हुए अभिलेखों का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कैन्टीन में आवश्यक सामग्री को क्रय किये जाने, बैरक में पुलिसकर्मियों को सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किये जाने, परिवहन शाखा में गाड़ियों की स्थिति की जानकारी कर उनको समय समय पर सर्विसिंग कराये जाने, साइबर अपराध पर प्रभावी रोक लगाते हुए सम्बन्धित साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने, निर्माणाधीन भवनों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग किये जाने, क्वार्टर गार्ड में आधुनिक शस्त्रों की उपलब्धता एवं जीपी स्टोर में मौजूद दंगा निरोधक उपकरणों की स्थिति तथा मौजूद अन्य सामग्री को जनपद के सभी थानों एवं शाखा कार्यालय को प्रदान किये जाने तथा अन्य आवश्यक सामग्री को क्रय किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना फहीम अख्तर, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर, प्रभारी परिवहन सन्तोष द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधि./कर्म.मौजूद रहे।

## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर दिए निर्देश

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी द्य पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत एवं समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



## अग्निसुरक्षा से बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन कर शिक्षकों को किया जागरूक

**महोबा।** अग्नि से सम्बन्धित होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में प्रभारी फायर सर्विस देवेश तिवारी के नेतृत्व में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को अग्निशमन टीम द्वारा चरखारी क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चरखारी में जाकर वहाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन कर आग से बचाव के तरीके, घरेलू गैस से लगी आग को बुझाने एवं काबू पाये जाने की विधियों सहित विभिन्न प्रकार से होने वाली अग्निसुरक्षा हेतु प्रयुक्त अग्निशमन उपकरण- फायर एक्सटिंग्यूसर इत्यादि को चलाने की विधि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# हार-जीत की बाजी लगा रहे अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्गित जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपरधिक प्रवृत्ति के अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी वउनि मलखान सिंह द्वारा गठित की गयी उनि सत्यप्रकाश दीक्षित व मउनि अंकिता कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. कल्लू नाई पुत्र नन्दकिशोर उम्र करीब 32 वर्ष 2.प्रेमचन्द्र नाई पुत्र कन्हैया उम्र करीब 55 वर्ष 3.लक्ष्मीप्रसाद राजपूत पुत्र शिवदयाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासीगण ग्राम खिरियाकला थाना अजनर जनपद महोबा ग्राम अजनर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । जिनकी जामा तलाशी से 300 रुपये, मालफड़ 840 रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुए।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 208/2024 धारा 13 जुआ अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

# 65 लीटर अवैध शराब के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 23.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक शिवपाल सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। अवैध शराब के विरुद्ध गठित संयुक्त पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र के भिन्न-भिन्न स्थानों से अवैध शराब के साथ 05 नफर अभियुक्ता क्रमशः (1)सुलोचना पत्नी मनीराम कबूतरा उम्र 59 वर्ष जिसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब (2)परी पत्नी शंकर कबूतरा उम्र 28 वर्ष जिसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब (3)मुस्कान पत्नी अक्षय कबूतरा उम्र 25 वर्ष जिसके कब्जे से 13 लीटर कच्ची शराब (4)संगीता पत्नी पप्पू कबूतरा उम्र 35 वर्ष जिसके कब्जे से 14 लीटर कच्ची शराब (5)अनुसुईया पत्नी नरेन्द्र कबूतरा उम्र 27 वर्ष जिसके कब्जे से 13 लीटर कच्ची शराब नाजायज की बरामदगी करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान मौके पर करीब 600 बरामद मिश्रित लहन को नष्ट किया गया है।

# खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भरे गए दूध के सैंपल

- सभी खाद्य विक्रेताओं को किया निर्देशित अपना खाद्य लाइसेंस ऐसे स्थान पर चिपकाएं कि उसे आम जनमानस देख सकें

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं औषधि प्रशासन की टीम जिसमें मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकान्त बाजपेयी ,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामलखन कुशवाहा सम्मिलित थे।

जिनके द्वारा कुल 12 दुग्ध विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया तथा मिलावट का संदेह होने पर कुल 04 दूध के नमूने संग्रहित किया गया, जिसमें भाऊपुरवा निवासी दुग्ध विक्रेता जिसके पास लगभग 60 लीटर दूध मौजूद था से मिलावट का संदेह होने पर 01 नमूना संग्रहित किया गया। उसके बाद हिन्द टायर वाली गली गांधीनगर, से एक दुग्ध विक्रेता का नमूना संग्रह किया गया। लौडी तिगैला, इण्डेन गैस वाली गली स्थित डेयरी से एक नमूना संग्रह किया गया। लौडी रोड, महोबा से एक दुग्ध विक्रेता का नमूना लिया गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,उप्र लखनऊ के आदेश के अनुसार जनपद में स्थित चाट विक्रेताओं जिसमें विशेषकर पानी के बतासे बेचने वालों के , बतासे में प्रयुक्त होने वाले पानी की गुणवत्ता जांच हेतु नमूनें संग्रह किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में,आज तहसील रोड गुलाब पैलेस के पास से 05 चाट विक्रेताओं का निरीक्षण कर उनके खाद्य लाइसेंस चेक किया गया। उनमें से 03 विक्रेताओ से बतासे के पानी का नमूना संग्रह किया गया, जिससे यह पता चल सके कि पानी को खटटा करने हेतु उसमे साइट्रिक अम्ल का एसिड का केमिकल तो नही मिलाया जा रहा है सभी खाद्य विक्रेताओं को निर्देशित किया गया किवह अपना खाद्य लाइसेंस ऐसे स्थान पर चिपका कर रखे कि उसे आम जनमानस भी देख सकें एवं खाद्य कारोबार स्थल पर साफ सफाई बनाये रखें।




## पालीथीन की अर्थी निकाल किया अनोखा प्रदर्शन

**मौदहा, हमीरपुर।** पालीथीन मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका कर्मचारियों ने पालीथीन की अर्थी निकालकर अनोखा प्रदर्शन किया कस्बे में नगरपालिका कर्मचारियों ने पालीथीन के प्रयोग से लोगों को होने वाले नुकसान से बचाने के उद्देश्य से अनोखी पहल करते हुए अनोखा जागरूकता अभियान चलाया जिसके तहत नगरपालिका कर्मचारियों ने पालीथीन की अर्थी निकाल कर पूरे कस्बे में घुमाने के साथ ही शमसान घाट में अर्थी जलाई। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रजा मुहम्मद अधिशाषी अधिकारी सीमा तोमर सभासद शिव कुमार सोनी इस्लामउद्दीन समीरवसी अहमदरमजान,एराजेन्द्र, जबीर चौधरी,कामता राव,पंकज सिंह,विजय कुमार शहीद,मुहम्मद फ़जील,महेश सैनी सहित दर्जनों कर्मचारी व नगर के सभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## महोबा में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का मामला

# छात्राओं ने अनुदेशक पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मशीनरी ट्रेड की छात्राओं ने कॉलेज के अनुदेशक पर प्रजेंट लगाने के नाम पर 5000 की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है । साथ ही डेढ माह का मेडीकल न देने पर तीसरे नोटिस के बाद कॉलेज से दोनों छात्राओं के नाम काटने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

तो वही कॉलेज के प्राचार्य ने छात्राओं के करीब डेढ माह से अनुपस्थित होने की बात कही है । फिलहाल मामले की सूचना मिलते ही मोके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महोबा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं द्वारा डायल 112 पुलिस टीम को सूचना दी गई की संस्थान के अनुदेशक द्वारा छात्रों से प्रेजेंट लगाने के नाम पर 5000 की रिश्वत मांगी जा रही है जिसके आधार पर पुलिस टीम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंची है मशीनरी ट्रेड की छात्राओं ने टीचर पर प्रजेंट लगाने के नाम पर 5000 की रिश्वत मांगने के अलावा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। तो वहीं प्रिंसिपल ने छात्राओं के कॉलेज में डेढ़ माह से अनुपस्थित रहने का हवाला दिया है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस टीम व प्रिंसिपल ने छात्राओं व अनुदेशक के साथ करीब 1 घंटे की बैठक कर एक दूसरे के प्रति मतभेद बुलाकर अनुशासन के साथ पढ़ाई करने व संस्थान में आने की बात कही है।

# फौजी के भाई ने ससुराल में जहर खाकर दी जान, लगाया हत्या का आरोप

**राठ,हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पत्नी से हुए विवाद के चलते सेवानिवृत्त फौजी के भाई ने ससुराल में जहरीले पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के भाई ने ससुरालियों पर षड्यंत्र के तहत जहर खिला कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई ने थाने में तहरीर दी है।

मझगवां थाने के उमन्निया गांव निवासी 37 वर्षीय फरीद मोहम्मद पुत्र नसीर मोहम्मद ने सोमवार को अपनी ससुराल में पत्नी से कहासुनी हो जाने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना पर पहुंचे स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई से झांसी रेफर कर दिया। जहां रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई सेवानिवृत्त फौजी मोहम्मद शमीम ने बताया कि उसका छोटा भाई की पहली पत्नी रानी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसके बाद उसकी दूसरी शादी सोनिया निवासी राठ में हुई थी। वह पत्नी सोनिया के साथ दिल्ली में रहकर ड्राइवरी करता था। 25 दिन पहले उसकी पत्नी सोनिया भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अकेले ही दिल्ली से अपने मायके राठ आ गई थी।

## करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**राठ,हमीरपुर।** खेत में धान की सिंचाई करने के ट्यूबवेल का स्टार्टर चालू कर रहे किसान पुत्र की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली के कुम्हरिया गांव निवासी रामकुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे उसका सबसे छोटा पुत्र 22 वर्षीय धर्मेंद्र खेत में धान की सिंचाई के लिए गया था। सिंचाई करने के लिए जैसे ही उसके पुत्र ने ट्यूबवेल का स्टार्टर चालू किया तो वह करंट की चपेट में आ गया। वहां मौजूद अन्य किसानों ने सूचना दी। आनन.फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गया। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि वह उसके साथ खेती में हाथ बंटवाता था।

## गृह कलह के चलते युवक ने जहर खाकर दी जान

**राठ,हमीरपुर।** घरेलू कलह के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है। जलालपुर थाने के बिलगांव गांव निवासी हैप्पी (19) पुत्र रामशंकर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई से झांसी रेफर कर दिया। जहां रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई कपिल राजपूत ने बताया कि पिता रमाशंकर शराब का लती है। रविवार शाम को शराब के नशे में आये पिता को मना करने पर आपस में कहासुनी हुई थी। जिसके चलते रविवार शाम छः बजे घर पर रखे हैप्पी ने जहर खाकर जान दी है।

# लोनिवि दो की बनायी गयी सड़क में अनियमितता, जांच के आदेश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोनिवि के निर्माण शाखा दो द्वारा निर्माण की गयी सड़क में करीब तीन करोड़ रुपये के अनियमितता के शिकायत पर चित्रकूटधाम मंडल के कमिश्नर ने मामले के जांच कराने के आदेश दिये है। इसमे दो सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिये है। जानकारी के मुताबिक मुस्करा निवासी महेंद्र ने कमिश्नर से शिकायत की थी कि लोनिवि के निर्माण शाखा दिवतीय के अधिशासी अभियंता द्वारा ग्राम दामूपुरवा से नहर पुल से विहूनीखुर्द से पीएमजीएसवाई योजना से सड़क का निर्माण कराया था जिसमे भारी अनियमितताएं की गयी है। निर्माण में करीब तीन करोड़ रुपये खर्च हुये है सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया गया है। सड़क समय से पहले ही उखड गयी है। जिसमे जांच कराये जाने की मांग की गयी है इसके अलावा विभाग की अन्य शिकायते भी की गयी है।

यही नही शिकायतकर्ता ने भूमि संरक्षण इकाई दिवतीय की भी शिकायत की है। जिसमे ढेर सारी अनियमितताएं की गयी है।ज्वाइंट कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से लेते हुये मामले की जांच कराने के सीडीओ को आदेश दियेहै सीडीओ ने मामले में मौदहा बांध के एक्शियन व आरईएस के सहायक अभियंता को जांच कमेटी बनाकर जांच कराने के आदेश दिये है।

# ग्रामीणों की शिकायत पर हटवाया गया रास्ते से अवैध अतिक्रमण

- अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर बीते दिनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा था ज्ञापन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर मंगलवार को गांव पहुंचे नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ रास्ते की पैमाइश करवाकर अवैध अतिक्रमण हटवायाए जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। विकासखण्ड मौदहा के ग्राम पंचायत छानी गऊघाट में सड़क निर्माण एवं अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर बीते दिनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। जिसपर मंगलवार को नायाब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचकर रास्ते की पैमाइश करवाते हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वहीं नायाब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया की ग्रामीणो की शिकायत पर मंगलवार को राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे जहां रास्ते में अवैध कब्जा था जिससे सड़क बनने में दिक्कत आ रही थी जिसको मंगलवार को जेसीबी के द्वारा ढ़हा दिया गया है और रास्ते की पैमाइश कराकर ग्राम प्रधान को जल्द रास्ते का निर्माण कराने के लिए निर्देश दिए हैं। इस दौरान कानून गो, लेखपाल, ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## फसल खराब होने पर किसान ने लगायी फांसी

**राठ,हमीरपुर।** उर्द की फसल खराब होने पर किसान खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में मातम छाया हुआ है। जरिया थाने के पहरा गांव निवासी हरीसिंह(48) ने मंगलवार को सुघर सिंह के खेत में लगे आंवला के पेड़ पर रस्सी डाल फांसी लगा ली। जब वहां मौजूद किसानों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के पुत्र रवि ने बताया कि उसके पिता के नाम दो बीघा जमीन थी। आठ बीघा जमीन बलकट लिए थे। बताया कि उन्होंने उर्द की फसल बोई थी। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे उसके पिता खेत में फसल देखने गए थे। उर्द की फसल खराब होने से वह सदमे में आ गए। बताया कि उन्होंने सुघर सिंह के खेत में लगे आंवले के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र रवि, लवकुश, आर्यांश छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी संतोषी का रो रोकर हाल है।

## अनियंत्रित कार पलटने से दो घायल

**सुमेरपुर।** कस्बे से मौदहा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार हाईवे में अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड्ड में जाकर पलट गई। इस घटना में कार सवार दो युवक मामूली रूप से घायल हुए हैं। मौदहा निवासी फरहान अपने एक साथी के साथ किसी कार्य से कस्बे में आया था। करीब 3रू00 बजे यह दोनों कार से वापस मौदहा जा रहे थे। फैक्ट्री एरिया में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे जाकर पलट गई। इस घटना में फरहान और उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गए। दोनों को फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी के सिपाहियों ने कार से निकालकर उपचार कराया है।

# लोनिवि प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता पर गाली गलौज और अभद्रता का लगाया आरोप

**कर्मचारियों ने नारेबाजी कर जताया आक्रोश उच्च अधिकारियों को दिया शिकायती पत्र**

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**लोक निर्माण** विभाग के प्रांतीय खंड में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच अभद्रतापूर्ण आपसे संवाद के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं ऐसा ही एक वाक्या शनिवार को उजागर हुआ जब सहायक अभियंता क्षितिज विवेक पर विभागीय कर्मचारियों ने गाली गलौज और अभद्रता का आरोप लगाया। इसी क्रम में मंगलवार को लोक निर्माण विभाग की कर्मचारी यूनियन ने उक्त मामले पर नाराजगी जताते हुए आला अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की तो वहीं उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर मामले पर कार्यवाही की मांग की। पीडब्लूडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के जिला मंत्री रामजीलाल कनौजिया ने शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार 21 सितंबर की सुबह लगभग 11 बजे रामकुमार वर्क एजेंट और कन्हैयालाल मेट हाजिरी स्टेटमेंट पर हस्ताक्षर कराने के लिए सहायक अभियंता क्षितिज कुमार के कार्यालय पहुंचे तो उन्हें देखते ही सहायक अभियंता ने उन्हें गाली गलौज करना शुरू कर दिया और जाति सूचक तथा अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए, उन्हें कार्यालय से बाहर निकल जाने को कहा। उक्त घटनाक्रम से समस्त कर्मचारी काफी आहत हुए हैं वहीं इसी क्रम में पीडब्लूडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ ने उक्त मामले को लेकर अधिशासी अभियंता सहित अन्य प्रशासनिक उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारी संघ ने उच्च अधिकारियों से उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि सहायक अभियंता द्वारा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करना बेहद ही निंदनीय कार्य है जिसके करण समूचा कर्मचारी संघ आहत है।

## घर की सफाई दौरान महिला की सर्प के काटने से हुई मौत

**कालपी (जालौन)।** घर की साफ सफाई कर रही महिला को जहरीले साँप ने डस लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। नगर के मुहल्ला तरीबुल्दा निवासी छोटे निषाद की पत्नी ज्ञाना देवी बरसात खत्म होने के बाद मंगलवार सुबह घर की सफाई कर रही थी इसी दौरान वह घर के कोने मे रखे कूडा कबाड हटाने लगी तो वहा पर छिपे बैठे काले साँप ने उसे डस लिया था। काटे जाने का अहसास होने पर उसने इसकी जानकारी पति तथा परिजनों को दी थी। जिसके चलते आनन फानन परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर आये थे लेकिन इसी दौरान उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई थी और डाक्टरो ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सर्प दंश से महिला की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहसीलदार अभिनव तिवारी ने भी घटना पुष्टि करते हुए कहा कि मौके पर राजस्व विभाग की टीम को भेजा गया था प्रथम दृष्ट्या उसकी मौत साँप के काटने से ही हुई है।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन संपन्न



सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज

**नगर पंचायत** घघसरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार में मंगलवार को विभाग द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मिले का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों मानसिक रोगियों को परामर्श व दवा दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला व घघसरा अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि- एक स्वस्थ समाज ही एक स्वस्थ देश का निर्माण कर सकता है । समृद्ध व ताकतवर देश ही खुद की और दूसरों की रक्षा करने में समर्थ होता है । देश को मजबूत बनाने के लिए सभी को स्वस्थ्य होना जरूरी है। यह कार्य हम सभी के प्रयास संभव है। मानसिक रोग विशेषज्ञ अमित कुमार शाही ने कहा कि- सभी से अपील है कि- मानसिक रोग के लक्षण दिखने पर किसी उम्र का व्यक्ति हो चिकित्सालय लाने के लिए प्रेरित करना होगा जैसे- नींद न आना,हमेशा बेचैनी व घबराहट महसूस होना, अनाप-शनाप बोलना, बात बात में चिढ़ जाना यदि ऐसे लक्षण दिखे तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेन चाहिए। मानसिक रोग से जुड़ी सभी दवाइयां सरकार की तरफ से मुक्त दी जाती है। किसी तरह का कोई शुल्क नहीं होता है। उक्त अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ला, घघसरा नगर पंचायत प्रभाकर दुबे, सुशील कुमार शुक्ला हेमंत पांडेय, चंद्रसेन पाठक, विनय पांडेय, जयराम,जय कृष्ण यादव ,बिनोद यादव, जकीरूल्लाह, अंजनी कुमार, रवि राज, अमरेंद्र राज, देवेंद्र भट्ट, संगीता, क्षमा मिश्रा,कुसुम लता, सुशीला,संदीप कुमार पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### छात्राओं के बीमार होने की घटना पर मिले डीआईओएस

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** राजकीय इन्टर कालेज सिरौलीगौसपुर में बीमार हुई छात्राओं के मामले को जिला विद्यालय निरीक्षक ने गम्भीरता पूर्वक लेते हुए राजकीय इन्टर कालेज सिरौलीगौसपुर का निरीक्षण किया एंव जिन कक्षाओं की छात्रायें बीमार हुई थी उन कक्षों का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से बात चीत किया। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे राजकीय इंटर कालेज पहुच कर जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने इुउन कक्षों का निरीक्षण किया जिन जिन कक्षाओं की छात्रायें बीमार पडी हुई थी।तथा छात्र छात्राओं से जानकारी ली।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि स्कूल में तीन पंखे खिड़कियों में जाली लगवा दी गई है। जेनरेटर सही करवाया गया है। स्कूल की साफ सफाई करवा दी गई है।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बच्चों के क्लास में पंहुच कर छात्र छात्राओं से प्रश्नों के उत्तर पूंछ कर शिक्षा की गुणवत्ता परखी एंव प्रधानाचार्य अनंत यादव को आवाश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।प्रधानाचार्य अंनत यादव ने बताया कि विद्यालय में जनरेटर की व्यवस्था है। लाइट जाने पर जनरेटर चल दिया जाता है। जो पंखे धीरे चल रहे थे। उनके कंडेनसर बदलकर उनको दुरुस्त करवा दिया गया है। तथा विद्यालय में बच्चों के लिए साफ पानी पीने के लिए आरओ वाटर कूलर लगा हुआ। विद्यालय में नियमित रूप से साफ सफाई की जा रही हैं।

### भाकियू ने किया संगठन विस्तार

**सिद्धौर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मंगलवार को भवनियापुर गांव में सदस्यता अभियान चलाकर करीब तीन दर्जन लोगों को संगठन से जोड़ा। संगठन के जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम यादव के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्र के भवनियापुर गांव में सदस्यता अभियान चलाया गया ।मौके पर करीब तीन दर्जन लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई ।इस दौरान सतीश चंद्र वर्मा राजेश प्रताप सिंह श्रवण कुमार सत्येंद्र वर्मा और सुशील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### पौधरोपण के साथ संरक्षण भी जरूरी: रणजीत

**अयोध्या।** पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त निरीक्षक रणजीत यादव ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर के गैस गोदाम के सामने एक पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। खाकी वाले गुरूजी के नाम से प्रसिद्ध उपनिरीक्षक श्री यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधरोपण करने के साथ ही उनका संरक्षण भी करना भी अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण की यह मुहिम चलती रहेगी। इस मौके पर पौधा लगाने के लिए गड्ढा खोदने,ट्री गार्ड लगाने,पानी डालने में कांस्टेबल अवनीश पाण्डेय,पार्षद अखिलेश पांडेय, पुलिस ऑफिस में नियुक्त बलराम व राजेश कुमार तथा राजेंद्र कुमार ने अपना सहयोग दिया।

### ससुराल गये युवक ने पत्नी व साले से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** ससुराल गए युवक ने शराब के नशे में पत्नी व साले के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की जानकारी डायल 112 पर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी प्रीति ने पुलिस को बताया कि वह अपने मायके में थी। सोमवार की रात उनके पति विजय कुमार निवासी मोहल्ला खंडेराव उसके घर शराब के नशे में आए। घर पर आकर वह अभद्रता करते हुए गाली, गलौज करने लगे। जब भाई नितेश ने रोकने की कोशिश की तो वह उनके साथ भी गाली, गलौज करने लगे। इतना ही नहीं मना करने पर उन्होंने मारपीट भी शुरू कर दी। इसकी जानकारी जब उसने डायल 112 को दी। तो मौके पर पुलिस पहुंच गई। वहां सभी ने उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने अभद्रता बंद नहीं की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

### पुलिस ने वारंटी को पकड़ा

**जालौन (उरई)।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी जयनारायण वर्ष 2017 में दर्ज सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। मंगलवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि वारंटी अपने गांव में है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायलय में पेश किया है।

## छात्रा की साइकिल में बाइक सवार ने मारी टक्कर

सिरौलीगौससपुर बाराबंकी। शारदा सहायक नहर के पास में छात्रा की साइकिल में मोटरसाइकिल ने मारी जोरदार टक्कर जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्र को इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर के इमरजेंसी में भर्ती करवाया गया। बदोसराय की रहने वाली छात्रा नैंसी पुत्री राजेश कुमार राजकीय इंटर कालेज सिरौलीगौसपुर से छुट्टी के बाद घर जा रही थी कि शारदा सहायक नहर पुल के पास में एक मोटरसाइकिल ने छात्रा की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्रा सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई । जिसको इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर इमरजेंसी में भर्ती करवाया गया है जहां पर इलाज किया जा रहा।

# सेन्ट्रल कमेटी व अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**आगामी शारदीय** दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी का जायजा केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा किया गया।इसके साथ ही विसर्जन मार्गो का भी निरीक्षण किया गया।श्री राम जानकी मंदिर फतेहगंज में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए भव्य पंडाल बनाया जा रहा है जिसका जायजा लेने केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल,एडीएम सलिल पटेल एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह, सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय सहित नगर निगम के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।नवयुवक क्रांतिकारी संघ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने पूजा पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था एवं निकासी द्वार पर जल भराव की समस्या को टीम के सामने रखा।नगर निगम के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि उक्त समस्याओं को दूर किया जाएगा।

एसपी सिटी श्री सिंह ने भी आश्वासन दिया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर एवं मंदिर परिसर में सुरक्षा बलों को तैनात किया जाएगा।निरीक्षण के दौरान गगन जायसवाल, अनिल मित्तल, राजू चाचा पार्सद, सुरेश सोनकर, चन्दन अग्रहरि, रोहित गुप्ता, आशीष गौड़, अभिषेक गुप्ता, रितेश अग्रहरि, मोनू सिंह, उज्जवल, शिवांश,वाशू डालमिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लेखपाल से मारपीट मामले में लेखपालों ने राजस्व कार्य किया बंद

**जालौन (उरई)।** लेखपाल के साथ किसान द्वारा की गई मारपीट के संबंध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तत्वावधान में लेखपालों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर लेखपालों की सुरक्षा सुनिश्ति कराने एवं आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है। लेखपालों ने कार्रवाई न होने तक कार्य बंद रखने की भी बात कही। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी के नेतृत्व में अनिल कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, विवेक गुप्ता, हरेंद्र सिंह आदि ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि लेखपाल वर्ग शासन प्रशासन की मंशा के तहत कार्य कर रहा है। वर्तमान में फसल का सर्वे कार्य किया जा रहा है। सर्वे कराने को लेकर अम्मरगढ़ में लेखपाल के साथ किसान रामनिवास द्वारा अभद्रता कर हमला किया गया और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए उनके कागजात फाड़ दिए। पूर्व में भी कई बार लेखपालों के साथ अभद्रता की जा चुकी है। जिससे लेखपालों में भय है। पीड़ित लेखपाल द्वारा कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर भी दी गई है। लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

**सूचना**

मेरे पुत्र मयंक कनौजिया माता का नाम त्रुटिवश अनुपम कनौजिया दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में माता का नाम अनुपम देवी दर्ज है, जो सही है। इसे मेरे पुत्र के शैक्षिक व अन्य अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

**विनोद कुमार नि.1/354 हाथीखाना, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरी पत्नी RITU SRIVASTAVA का नाम मेरे सरकारी अभिलेखों में त्रुटिवश REETU SHRIVASTVA व जन्मतिथि 25/10/1978 दर्ज है। इसे शुद्ध करके आधार कार्ड के अनुसार RITU SRIVASTAVA व जन्मतिथि 01/01/1981 दर्ज किया जाये।

**भूतपूर्व आर्मी नं. 4473620L आनरेरी नायब सूबेदार राजवीर सिंह सिख लाइट सेंटर, फतेहगढ़।**

**सूचना**

पति अखिलेश कुमार का चालचलन ठीक न होने एवं जुए व शराब का लती होने के कारण वह काफी पैतृक जमीन बेच चुके हैं और शेष बची पैतृक जमीन व मकान की भी बिक्री करने के प्रयास में है। उनके द्वारा विक्रय की गयी जमीन व मकान जो भी क्रय करता है, उसे अवैध माना जाये।

**श्रीमती सरला देवी पत्नी अखिलेश कुमार निवासी-ग्राम व पोस्ट भेदपुर (जसवन्तनगर), थाना विधूना, जनपद-औरैया, उ0प्र0**

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस की पूर्व संध्या पर छात्र छात्राओं ने बनाया स्मार्ट मेडिकल डायपर

सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज



**इंस्टिट्यूट** ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस की पूर्व संध्या पर फार्मेसी द्वितीय वर्ष के छात्र ओम पाण्डेय,प्रणव शर्मा और संध्या रावत ने छोटे बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्मार्ट मेडिकल डायपर तैयार किया है जो जीवाणु संक्रमण को फैलने से रोकने के साथ डायपर के गीला होने पर अस्पताल में नर्स और घर मे परिवारजनों को अलार्म के माध्यम से सूचना देता है। इसका इस्तेमाल छोटे बच्चों के साथ अस्पताल में वरिष्ठ मरीजों पर भी कर सकेंगे। छात्र संध्या रावत ने बताया यह स्मार्ट डायपर छोटे बच्चों के साथ वरिष्ठ नागरिक की प्रयोग कर सकेंगे स्मार्ट डायपर कई तरह के संक्रमण से बचाएगा। इस डायपर में कॉटन से बना नैनो चिप लगा है जिसकी कीमत लगभग 25 पैसे होगी यह पूरी तरह से वायरलेस हैं। आमतौर पर डायपर के गीले होने के बाद बेड पर मरीज हो या बच्चे उनके परिवार के लोगों को इसकी जानकारी समय पर नहीं मिल पाती है। निदेशक फार्मेसी डॉ0 पी0 डी0 पाण्डा ने बताया स्मार्ट मेडिकल डायपर के गीला होते ही तुरंत इसका सिग्नल मिल जाएगा नैनो चिप टाइम पर के गीला होने पर ही काम करता है। इससे जरा भी रेडिएशन नहीं होता है। छात्र प्रणव शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मेडिकल वायरलेस डायपर छोटे बच्चों और अस्पताल में मरीज की सेफ्टी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है स्मार्ट डायपर में लगे नैनो चिप को धुला भी जा सकता है क्योंकि यह वाटर प्रूफ है इसे चार्ज करने की जरूरत भी नहीं है इसमें लगे बटन से एक दो महीने तक काम करते हैं। बाजार में ये दो से तीन रुपये में मिल जाते हैं इन्हें कभी भी बदला जा सकता है। स्मार्ट वायरलेस डायपर गीला होते हैं हॉस्पिटल या घर में नर्स या माता-पिता के पास घर में लगे रिसीवर पर ऑडियो अलार्म सिग्नल भेजना शुरू कर देते हैं इनके इस्तेमाल से संक्रमण का खतरा भी नहीं रहता है। स्मार्ट डायपर को बनाने में ट्रांसमीटर रिसीवर, अलार्म, रुई, 3वोल्ट की कॉइन सेल,डायपर, रेड इंडिकेटर अलार्म आदि उपकरणों का प्रयोग किया गया है। इस स्मार्ट डायपर को तैयार करने में 6 दिन का समय लगा है। संस्थान के निदेशक डॉ एनके सिंह ने बताया कि हमारे कॉलेज के छात्र अपने आईडिया को नवाचार प्रयोगशाला के माध्यम से देश एवं समाज हित के लिए ऐसे उपकरण बनाते रहते हैं जो आज कि नई तकनीकी पर आधारित हैं। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों ककी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मानिकपुर दहेलिया विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ राज्य वित्त/वित्त आयोग/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत/ वितीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 24/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत अभियान योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर दहेलिया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/09/2024 से 01/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | एकीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र का निर्माण कार्य | 2.65 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान-(गुड्डी देवी) ग्रा0पं0 मानिकपुर दहेलिया, मोहम्मदाबाद ग्राम पंचायत विकास अधिकारी-(संजय सक्सेना)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तान नगर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 24/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुल्तान नगर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/09/2024 से 01/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रवेन्द्र के घर से हंसराम के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 1.42 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (ब्रजेश कुमार) ग्रा0पं0 सुल्तान नगर, मोहम्मदाबाद सचिव (संदेश कुमार)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोरी खेड़ा विकास खण्ड कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2024-25 दिनांक 24/09/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोरी खेड़ा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 25/09/2024 से 01/10/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/10/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 25/09/2024 से 01/10/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | डामर रोड से कब्रिस्तान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.22 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मेन रोड से रामस्वार्थ के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.65 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**ग्राम पंचायत प्रधान ग्रा0पं0 कोरी खेड़ा वि0ख0 कमालगंज ग्राम पंचायत सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीसलपुर तराई विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः पंचम राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 24/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीसलपुर तराई विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 24/09/2024 से दिनांक 30/09/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 30/09/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय बीसलपुर तराई में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 24/09/2024 से दिनांक 30/09/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | ग्रा0पं0 का नाम | सामग्री का विवरण | अनु0 लागत | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च0 प्रा0वि0 बीसलपुर तराई में इंटरलाकिंग कार्य | बीसलपुर तराई | सीमेंट, मौरम, ईट टुकड़ा पेवर ब्रिक ईट आदि | 1.52 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 2 | उच्च0 प्रा0वि0 बीसलपुर तराई में मरम्मत कार्य | बीसलपुर तराई | सीमेंट, मौरम, ईट टुकड़ा पुट्टी पेंट विण्डो ईंट आदि | 1.46 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 3 | राजबहादुर के घर से मुकेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | बीसलपुर तराई | सीमेंट, मौरम, ईट टुकड़ा पेवर ब्रिक ईट आदि | 2.75 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 4- | श्रीपाल के घर से बालकराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | बीसलपुर तराई | सीमेंट, मौरम, ईट टुकड़ा पेवर ब्रिक ईट आदि | 1.43 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 5- | प्रभुदयाल के घर से लालराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | बीसलपुर तराई | सीमेंट, मौरम, ईट टुकड़ा पेवर ब्रिक ईट आदि | 1.00 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 6- | रजनेश के घर से सतीश के मंदि तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | बीसलपुर तराई | सीमेंट, मौरम, ईट टुकड़ा पेवर ब्रिक ईट आदि | 3.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 7- | मोतीलाल के घर से रामनरेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | बीसलपुर तराई | सीमेंट, मौरम, ईट टुकड़ा पेवर ब्रिक ईट आदि | 2.75 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |

**नियम व शर्ते-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना अनिवार्य है, धरोहर राशि एफडीआर व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान- (रामादेवी) ग्रा0पं0 बीसलपुर तराई, वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0 सचिव- (शिखा राजपूत)**

**जागरुक** | बालिका शिक्षा एवं सशक्तीकरण को लेकर किया जागरूक

# बालिकायें स्वच्छता को अपनाकर बीमारियों से करें बचाव: डा. गीतांजलि

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज




**औरेखी स्थित** कम्पोजिट विद्यालय में मीना के जन्मदिन के अवसर पर मीना महोत्सव का आयोजन मीना मंच की टीम द्वारा गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन कर बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. गीतांजलि ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि खाने से पहले हाथ धोएं और कोई भी फल आदि को धोकर खाएं। उन्होंने बच्चों का हाथ धोने के तरीके भी सिखाए। कार्यक्रम में बच्चों को विज्ञान प्रोजेक्ट के माध्यम से विज्ञान विषय से जोड़ा गया। गणित ट्रिक का मजेदार प्रस्तुतिकरण कर बच्चों को आसान तरीके से सवालों को हल करना सिखाया गया। इसके अलावा घरों में अक्सर कबाड़ निकलता है। उसका उपयोग गमले, आकर्षक डिजायन और उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करना सिखाया गया। जिसे कबाड़ से जुगाड़ नाम दिया गया। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, खेलकूद, बाल अधिकार और उपलब्धि पर भी चर्चा की गई। जलवायु परिवर्तन एवं स्वच्छ परिवेश के साथ कानूनी जागरूकता पॉक्सो एक्ट, गुड और बैड टच, साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा के प्रति भी बच्चों को जागरूक किया गया। इस दौरान मुझे स्कूल अच्छा लगता है फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया जिससे बच्चों ने रूचि के साथ देखा। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने अपने उद्बोधन में बालिका शिक्षा पर जोर दिया और मीना महोत्सव के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षित करने और उनके सशक्तिकरण को लेकर बात कही। कार्यक्रम का संचालन बलवान सिंह ने किया। विभिन्न कार्यो के लिए बच्चों की टीमें बनाई गई थीं। जिनमें पावर एंजल टीम ने बाजी मारी। अंत में सुगमकर्ता अभिषेक पुरवार व पावर एंजल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुड्डी देवी, एसएमसी अध्यक्ष राजेंद्र, मिडिया प्रभारी अनिल प्रजापति, कमल सिंह, अनिल सिंह, बलवान सिंह, विवेक सक्सेना, कमल कुशवाहा, सुमनलता, अर्चना गौतम, मोहम्मद खालिद आदि मौजूद रहे।

# फसल सर्वे करने पहुंचे लेखपाल के साथ किसान ने की अभद्रता

**जालौन (उरई)।** फसल सर्वे करने गए लेखपाल के साथ किसान पहले सर्वे करने को लेकर अभद्रता करते हुए जातिसूचक गालियां दी। मना करने पर मारपीट भी कर दी। पीड़ित लेखपाल ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। लेखपाल के साथ हुई मारपीट के बाद लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। लेखपालों ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहसील में ग्राम लौना क्यामदी क्षेत्र में तैनात लेखपाल विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का सर्वे चल रहा है। वह मंगलवार की सुबह करीब सात बजे मौजा अम्मरगढ़ में फसल का सर्वे करने के लिए गए थे। इसी दौरान गांव के किसान रामनिवास अपने दो साथियों के साथ वहां आ गए और उनके खेत का पहले मुआयना करने और उन्हें मुआवजे के 20 हजार रुपये पहले की देने का दबाव बनाने लगे। जबकि वह पहले ही उनके खेत का मुआयना कर चुके थे। यही बात जब उन्होंने कही कि वह उनके खेत का मुआयना कर चुके हैं और मुआवजे की धनराशि स्वीकृति के बाद उनके खाते में आएगी तो वह अभ्रदता करते हुए गाली, गलौज करने लगे। उनकी बाइक की चाबी भी निकाल ली। मना करने पर उन्होंने व उनके साथियों ने मिलकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं मौजा का नक्शा भी उनके हाथ से छीनकर मलंगा नाले में फेंक दिया। लेखपाल के साथ हुई मारपीट की जानकारी जब तहसील क्षेत्र के लेखपालों को हुई तो उन्होंने काम बंद कर लिया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष वैभवकांत त्रिपाठी ने बताया कि जब तक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज और कार्रवाई नहीं होती है तब तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण व जिला स्वास्थ्य समिति हुई बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 01 अक्टूबर से 31 अक्तूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान वृहद स्तर पर चलाया जायेगा। कहा कि सभी संबंधित विभाग 27 सितम्बर से 28 सितम्बर तक माइक्रो प्लान तैयार कर नोडल विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया बीमारी आदि के संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा आदि द्वारा घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करेंगी। कहा कि लोगो को निरोगी बनाने हेतु सरकार का जो संकल्प है, उसे पूरा करने में सबकी भूमिका अहम हैं। उन्होने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा करते हुये कहा कि जननी सुरक्षा योजना का उद्देश्य गरीब गर्भवती महिलाओं के संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देना है। सरकार इसके लिए गर्भवती महिलाओं को आर्थिक मदद देती है। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत कोई भी भुगतान लंबित नही रहना चाहिये। उन्होने कहा कि समस्त सीएससी, पीएससी में साफ-सुथरा माहौल होना चाहिये। जिस प्रकार से आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों का सुधार हुआ है। उसी प्रकार सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में सभी मूलभूत सुविधायें और अवस्थापनात्मक स्थितियों को बेहतर किया जाये। कहा कि जब आरबीएसके टीमे विद्यालयों में जाये तो बच्चो की उपस्थिति शत प्रतिशत हो। पोषण पुनर्वास के तहत काफी सुधार हुआ है। आयुष्मान योजना के तहत पात्र गृहस्थी एवं सीनियर सिटीजन के लाभार्थियो के कार्ड बनाने के कार्य में गति लाई जाये।

# एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नेहरू कॉलेज** में एन0एस0एस0 का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। माल्यार्पण के उपरांत वालेंटियर्स ने सरस्वती वंदना और एन0एस0एस0 का गीत प्रस्तुत किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो0जयवीर सिंह ने छात्र- छात्राओं बढ़चढ़ कर एनएसएस में प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि कैरियर के विभिन्न अवसरों पर एनएसएस के प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है। डॉ. बबिता यादव ने छात्र-छात्राओं से कहा कॉलेज में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों में पूर्ण मनोयोग से हिस्सेदारी करें। निष्ठा एवं ईमानदारीपूर्वक इन गतिविधियों को सीखें। छात्र सुमित कुमार ने एनएसएस के इतिहास और महत्त्व पर अपनी बात रखी। शिवओम शर्मा ने स्वच्छता पर कविता प्रस्तुत कर वॉलेंटियर्स को जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर समस्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## अधिकारियों के चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप, 32 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काट तीन लाख वसूले

कदौरा (जालौन)। विभाग विद्युत के अधिकारियों ने कस्बे में चेकिंग अभियान चला कर बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने के साथ तीन लाख रूपये राजस्व वसूली की। अधिकारियों को देख कर बड़े बकाएदारों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुन कर उनका निस्तारण किया और कहा कि विद्युत चोरी न करें, समय से बिल जमा करें, अन्यथा की स्थिति में कनेक्शन काटने के साथ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मंगलवार को अधिशाषी अभियंता महेंद्र नाथ भारती और उपखंड अधिकारी राजेश पटेल की अगुवाई में टीम ने नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया, विद्युत अधिकारियों को देख कर बड़े बकाएदारों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने 32 बड़े बकाएदारों के विद्युत कनेक्शन काट कर तीन लाख रूपये राजस्व वसूली की। अधिकारियों ने कैंप लगा कर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर निस्तारण किया। अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती ने कहा कि उपभोक्ता समय से बिल जमा करें, विद्युत चोरी करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा। उपखंड अधिकारी राजेश पटेल ने कहा कि अभियान लगातार चलेगा, बड़े बकाएदार बिल जमा नहीं करेगे तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी होगी। इस दौरान जेई डीएन वाजपेई, वरिष्ठ बाबू राजेश कुमार, सगीर कुरैशी, कलीम खां सहित बड़ी संख्या में विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

## पैरेंट्स काउंसिलिंग में दिव्यांगों के हितों की जानकारियां देकर किया जागरूक

**कालपी (जालौन)।** शिक्षा के क्षेत्र में दिव्यांगों के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए विभाग के द्वारा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को समेकित शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र कालपी मे पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला समन्वयक शिवदीन चौधरी उपस्थित रहे। बीआरसी परिसर में आयोजित कांउसिलिंग में विद्यालय स्टॉफ स्पेशल एजुकेटर मनीष कुमार, ब्लॉक महेवा और ब्लॉक कुठौंद स्पेशल एजुकेटर अंकित कुमार के द्वारा जागरूकता अभियान के बारे में जानकारियां में अति गंभीर दिव्यांग के हितों में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने बताया कि दिव्यांगता से संबंधित दिव्यांगता के बारे में और उसके लाभ के बारे में आगामी सात-आठ अक्टूबर को आयोजित होने वाले मेजरमेंट कैंप जिसमें बच्चों की दिव्यांगता का मापन करके उसके लिए उपकरण की व्यवस्था की जाएगी। ऐसे अति गंभीर बच्चे जो विद्यालय नहीं जाते है या नहीं जा पाते है। उन्हें स्कॉर्ट के रूप में 6000 रुपये और ऐसे दिव्यांग लड़किया जो विद्यालय जाती हैं। और जिनका सर्टिफिकेट बना हुआ है उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में के 2000 रुपए स्टाइपेंड देती है। लगभग इस पेरेंट्स काउंसलिंग में सम्मिलित अभिभावकों को दिव्यांगता के विषय में बात कर जागरूक किया गया।

## मां भगवती विश्वविद्यालय में 30 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा

**छिबरामऊ कन्नौज।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा रोजगार मेला का आयोजन 30 सितंबर को किया जाएगा। मां भगवती विश्वविद्यालय में 30 सितंबर को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा जो कंपनियों द्वारा 400 युवाओं को रोजगार देने के लिए मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें इंटर हुआ ग्रेजुएट करे हुए युवा आमंत्रित किए गए।

# जेल के निरीक्षण में डीएम को बंद मिले सीसीटीवी कैमरे

- डीजे और डीएम ने जिला कारागार का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़



बंदी को पुस्तक देते जिला जज व डीएम — समृद्धि न्यूज

**जिला जज,** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ सम्पूर्ण कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्व बंदियो से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताँछ कर बैरकों की तलाशी करायी गयी। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरें आदि की क्रियाशीलता को देखा गया। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराएं जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। महिला बैरक में निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा सभी महिला बंदियों को दैनिक प्रयोग में लायी जाने वाली वस्तुओं की किटे व उनके साथ रह रहा एक बच्चे को कपड़े आदि वितरित किए। बीएसए द्वारा कारागार को उपलब्ध कराई गई। पुस्तकों को वितरित किया गया।

अन्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर करायी गयी सुलेख प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय बंदी विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया। निरीक्षण के दौरान कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं यथा बंदियों द्वारा तैयार की जा रही जगमग झालर लाईटे, फोटो फ्रेम पर विभिन्न प्रकार के फोटो लगाकर एलईडी लाइटे व कपड़े के कैरी बैग की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल अधीक्षक मो. अकरम खां को सुगमतापूर्वक संचालन हेतु निर्देशित किया।

# नगर की बेपटरी यातायात व्यवस्था से व्यापारी वर्ग आक्रोशित

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**नगर के** मुख्य बाजार की बिगड़ी यातायात व्यवस्था तथा बिजली आपूर्ति की अव्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए समस्या के समाधान करने की मांग उठाई है। उल्लेखनीय हो कि कालपी शहर में ई-रिक्शा तथा सीएनजी ऑटो की भरमार हो गई है तथा अव्यवस्थित तरीके से सड़कों में गाड़ियां खड़ी रहती हैं, जिससे राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सोमवार को कालपी सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी तथा कोतवाल नागेंद्र पाठक के समक्ष उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नमन अग्रवाल, दीपू यादव आदि व्यापारियों ने बताया कि ई-रिक्शा तथा टैक्सी संचालक व ड्राइवर अपनी-अपनी गाड़ियों को बाजार की सड़कों में आड़ा तिरछा खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। फ्लस्वरूप ग्राहकों का सड़कों में चलना मुश्किल हो गया है, इससे दुकानदारी पर भी प्रभाव पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि साप्ताहिक बंदी रविवार को विद्युत विभाग के कर्मचारी बिना बताए कनेक्शन को काट देते हैं, जिससे अव्यवस्था फैल गई है। उप जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाएगा।

# सफाईकर्मियों ने की मारपीट पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज

**जीटी रोड** संत गेस्ट हाउस के पास बाइक सवार दो युवकों और एक युवती की नगर पालिका के सफाई कर्मियों द्वारा पिटाई की गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देखकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तालग्राम थाना क्षेत्र के माया पुरवा गांव निवासी सौरभ अपनी बाइक पर रिश्तेदार रंजनी और अंजलि के साथ छिबरामऊ आ रहा था। तभी ग्राम कपूरपुर के पास पहुंचने पर उनकी बाइक को नगर पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी (मिनी लोडर) ने टक्कर मार दी। इससे वह लोग सड़क पर गिर पड़े और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

इस चक्कर के बाद नगर पालिका की गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर से उनकी नोकझोंक होने लगी। कहा कि ड्राइवर ने सौरव को आश्वासन दिया कि वह उनकी बाइक छिबरामऊ में ठीक करवा देगा और फिर वह लोग साथ में छिबरामऊ के लिए निकल पड़े। लेकिन ड्राइवर ने फोन करके अपने साथियों को बुला लिया जिन्होंने बाइक सवारों को रास्ते में रोक कर साथियों को बुलाकर उसकी पिटाई कर दी।

पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी गले में पड़ी सोने की जंजीर व पर्स में रखे 15000 रुपए छीन लिए गए। इस घटना के बाद पीड़ित ने छिबरामऊ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी तहरीर में बताया कि सफाई कर्मियों मे सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर पीटा है और चोटे आयी हैं।

प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है स्थानीय लोगो में इस घटना को लेकर रोज व्याप्त है और लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## घर की छत पर सो रहे युवक को काले नाग ने काटा हुई मौत

**कुठौंद (जालौन)।** बस्तेपुर गांव में अपने मकान की छत पर रात्रि में सो रहे एक युवक को सोते समय काले नाग से डस लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गयी। लेकिन युवक के परिजन झांड़फूंक के चक्कर में फंस गये जिससे युवक की मौत हो गयी। हालांकि परिजनों ने जिस काले नाग ने युवक को डसा था उसे पकड़ने के लिये सपेरे को बुलाकर पकड़वा दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तेपुर निवासी अवधेश कुमार पुत्र पातीराम उम्र 37 वर्ष अपनी छत पर सो रहा था की तभी भोर के पहर 3 बजे के आसपास कोबरा ने उसे डस किया जब तक घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक वह बेहोश हो चुका था। घर वाले ओझाओं के पास झाड़ फूंक कराने के लिए ले गए लेकिन फिर भी उसे बचाया नहीं सका और उसकी मंगलवार की सुबह 9 बजे के आसपास मौत हो गई मृतक के चार संताने हैं।

# ई रिक्शा चालकों को टीएसआई ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**बिटिया गना-सड़क** दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु छिबरामऊ में टीएसआई अरशद अली द्वारा टीम के साथ जागरूकता/चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे ऑटो / ई-रिक्शा में निर्धारित संख्या से अधिक सवारी बैठाये जाने के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाया,टीएसआई अरशद ने ई रिक्शा चालकों को पूर्वी बाईपास पर एकत्रित कर निर्देषित किया कि सभी ई रिक्शा चालक अपने-अपने वाहनों के रजिस्ट्रेशन करा लें तथा ई रिक्शा पर नंबर प्लेट भी लगा ले।यदि कोई रिक्शा चालक बिना रजिस्ट्रेशन, बिना नंबर प्लेट, बिना लाइसेंस के ई रिक्शा चलाते पाया गया तो उसके विरुद्ध जुर्माने के साथ-साथ ई रिक्शा को सीज करने की कार्रवाई भी की जाएगी। जिस पर एकत्रित ई रिक्शा चालकों ने शीघ्र ही अपने कागजात पूरे कराने का आश्वासन दिया।वही टीएसआई द्वारा लगभग 01 माह से चलाए जा रहे चेकिंग/ जागरूकता अभियान से कस्बे वासियों ने राहत की सांस ली है।वही आज मंगलवार को टीएसआई ने 5 वाहनो के चालान काटे। टीएसआई अरशद के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन / स्कूली छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता तथा स्कूल के अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा यातायात नियमों के उल्लघनों मे अंकुश लगाकर सम्भावित सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जाना है। इस अभियान में होमगार्ड ओम शरण, होमगार्ड रावेंद्र दुबे,पीआरडी विकास पांडेय आदि मौजूद रहे।

# जन सुनवाई का फर्जी निस्तारण कर रहे अधिकारी



कस्बा में घूमते आवारा गोवंश — समृद्धि न्यूज

- जनसुनवाई पोर्टल हो रहा मजाक साबित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**सीएम योगी** के द्वारा चलाया जाने वाला जनसुनवाई पोर्टल अब मजाक सावित हो रहा है जिसमे अधिकारियों के माध्यम से फर्जी तरीके से निस्तारण किया जा रहा है।कस्वे में टहल रहे गौवंश ग्रामीणों के लिए मुसीबत बने हुए है। ग्रामीण जब अपनी शिकायत प्रधान या सचिव से करते तो तब उनकी किसी प्रकार से कोई सुनवाई नही होती है और फिर जब प्रदेश सरकार के द्वारा चलाये गए सीएम पोर्टल पर कार्यवाही की आस लगाते है। तब वहाँ से भी वह खाली हाथ लौट आते है। सीएम पोर्टल अब ग्रामीणों की आस पर खरा नही उतर रहा है। अधिकारियों की उदासीनता ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। अधिकारी कार्यालय में बैठकर महज शिकायत पर अब बस खाना पूर्ति कर रहे है। और ग्रामीण शिकायत की सुनवाई की आस में दर दर भटक रहे है। मामला कस्वा जलालाबाद का है। जहाँ पर कस्वा निवासी सचिन पाठक के द्वारा गौवंश को लेकर 5 सितंबर को शिकायत की गई थी जिसमें उन्होंने लिखा कि वह आवारा पशुओं से काफी परेशान है। उनकी फसल को नुकसान कर रहे है। और वह उन्हें पकड़वाना चाहते है। लेकिन अधिकारियों ने कार्यालय में बैठकर ही निस्तारण कर दिया कि गाँव मे गौवंश नही पाया गया। समस्या के निस्तारण के बाद युवक ने कई एक जगह की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की। इस संबंध में खण्डविकास अधिकारी सोनिया श्री वास्तव से दूरभाष से संपर्क किया संपर्क नही हो सका।

# पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**पिछले** दिनों संपन्न श्री गणेशमहोत्सव कार्यक्रम मैं सहभागिता एवं सहयोग करने वाले तथा सभी समिति के पदाधिकारी व सदस्यों को पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए हिरदेश अग्रवाल जी ने सभी बाल कलाकारों तथा कार्यकरताऑ को प्रतीक चिन्ह के स्वरूप में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा तथा अंग वस्त्र प्रदान किये समिति के पदाधिकारी व सदस्यों को समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी द्वारा प्रतीक चिन्ह स्वरूप भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा वह अंग वस्त्र भेंट कर सभी का उत्साह वर्धन किया गया भगवान श्री गणेश जी की स्थापना के समय निकाली गई कलश यात्रा में सम्मिलित सभी सम्मानित माता बहनों को श्रीमती रजनी सक्सेना अनामिका तिवारी अनामिका अग्रवाल मीना मिश्रा प्रीति सक्सेना गीता कश्यप द्वारा सभी माता बहनों को भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद फल स्वरुप एक-एक नारियल व अन्य भगवान श्री गणेश जी का गुप्त खजाना सभी भक्तों के परिवार के कल्याण हेतु वितरित किया गया समिति अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने कार्यक्रम में सम्मिलित सभी भक्तों समिति सदस्यों दर्शकों तथा कार्यक्रम के सहयोगियों सभी पत्रकार बंधुओ तथा पुलिस प्रशासन आदि की सराहनीय प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आप सभी के सहयोग से सराहनीय शिखर पर पहुंचा है तथा भारी बरसात के बाद भी कार्यक्रम ने शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है आगे भी हम सभी को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तन मन धन से सहयोग करना है मैं आप सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं कि जो आप सभी ने तन मन धन से सहयोग कर यह कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ उसके बाद श्रीमती रजनी सक्सेना जी ने कार्यक्रम के आयोजक व समिति अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी को अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया कहा मैं चाहती हूं कार्यक्रम का संचालन दशरथ श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा अंत में समिति अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी को जलपान वितरित किया इस अवसर पर मनु गुप्ता,पंकज मिश्रा,रुचि मिश्रा,मानवी मिश्र,अतुल कश्यप,आशु नानू कश्यप विनोद सविता,शीला गुप्ता प्रवेश दीक्षित,रीना गुप्ता नीरज,गुड़िया मीना सहित कई लोग मौजूद रहे।









# अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर हुआ बवाल

- लगभग 15 साल पहले लोगों ने खरीदी थी जमीन
- दो साल पहले भी जारी हो चुके थे नोटिस
- तीन दिन का भी समय नहीं दिया प्रशासन ने



दुकान को ध्वस्त करती जेसीबी — समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज थाना** क्षेत्र के गांव फतेहउल्लापुर में अवैध निर्माण को हटाने गए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान प्रशासन से अतिक्रमणकारियों की तीखी नोकझोंक भी हुई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को फतेहउल्लापुर में अतिक्रमण को हटाने नायब तहसीलदार सहित भारी पुलिस बल भी पहुंचा। नायब तहसीलदार तथा राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि यह विवादित भूमि थी। इस पर 18/67 का मुकदमा सिविल कोर्ट में चल रहा था। जिस पर ग्रामीणों की तरफ से चल रहे मुकदमे को खारिज कर दिया गया। यही नहीं प्रशासन ने कुछ दिन पहले कानूनी तौर से नोटिस ग्रामीणों को दिए गए थे, लेकिन उसके बावजूद भी ग्रामीणों ने वह जगह नहीं छोड़ी। इसके बाद प्रशासन को अपनी कार्यवाही करनी पड़ी। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यहां हमने लगभग 15 साल पहले जमीन खरीदी थी। तब तक यहां कोई भी बात नहीं थी, लेकिन पिछले लगभग तीन साल से यहां विवाद किया जा रहा है। जिसके चलते हम लोगों ने न्यायालय सिविल कोर्ट में मुकदमा भी किया था। जिसको खारिज कर दिया गया तथा उसके बाद हमने मुकदमा दोबारा किया। उसके बाद हम लोगों को नोटिस उपलब्ध कराए गए, लेकिन समय नहीं दिया गया। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि हमने 8 दिन का समय मांगा था, तो वहीं कुछ ग्रामीणों ने कहा कि हमने तीन दिन का ही समय मांगा था, लेकिन हमारी नहीं सुनी गयी। इसके बाद प्रशासन से कुछ ग्रामीण गुहार लगाते नजर आए, लेकिन प्रशासन नहीं माना। इसके बाद कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन के आगे खड़े होकर निर्माण ना गिरने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन के आगे नहीं चली और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों का मकान ना गिराने के लिए कोई भी आदेश नहीं मिला है। एक ग्रामीण ने तो अपनी दुकान में आग लगा दी, लेकिन इसके बाद भी उसकी दुकान ध्वस्त कर दी गयी। खास बात यह रही कि इस कार्यवाही में प्रधान को सूचना ही नहीं दी गई। बताते चले लगभग ढाई साल पहले लेखपाल के द्वारा 18/67 की कार्रवाई की गई थी। जिसके तहत मुकदमा चल रहा था। कोर्ट ने ग्रामीणों की याचिका को खारिज कर दिया। इस मौके पर ग्रामीण बजरंगी, विनीता, उमेश, नाटी उर्फ प्रदीप, सुरेश, हरिश्चंद्र, वीर सहाय सहित लगभग आठ लोगों के दुकान एवं मकान को ध्वस्तीकरण किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार तथा लेखपाल सहित राजस्व कर्मचारीगण व भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

# घर से चारा लेने निकले वृद्ध का सोता नाला में पड़ा मिला शव

**कंपिल/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**घर से** चारा लेने निकले वृद्ध का शव दूसरे दिन सोता नाला में पड़ा मिला। शव मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया।

क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी 68 वर्षीय राम भरोसे रविवार दोपहर घर से मवेशियों के लिए चारा लेने सोता नाला पार कर खेतों की तरफ गये थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर स्वजनों ने खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार देर शाम ग्रामीणों को चारे का बोझ, दरांती, राम भरोसे की लाठी सोता नाला में उतराती मिली। सोता नाला में खोजबीन करने पर राम भरोसे का शव सोता नाला में पड़ा मिला। शव देखकर स्वजनों मे कोहराम मच गया। पत्नी राजकुमारी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र ब्रजेश व भूरे हैं। मृतक रामभरोसे खेती का कार्य करता था। स्वजनों की सूचना पर पहुंचे लेखपाल रोहित अवस्थी ने भी जांच पड़ताल की। मंगलवार सुबह गांव पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया कि शव पीएम हेतु भेज दिया गया है।



मृतक राम भरोसे के परिजन — समृद्धि न्यूज

# सपा की बैठक में पीडीए परिवार बढ़ाने पर हुई चर्चा



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** पीडीए की मासिक समीक्षा बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही राशन कार्ड ई-केवाईसी का मुद्दा छाया रहा। वहीं पीडीए परिवार बढ़ाने पर भी चर्चा की गयी। कस्बा नवाबगंज स्थित माया गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी पीडीए की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के प्रभारी रामपाल सिंह यादव ने राशन कार्ड का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर आरोप लगाए कि अब वह लोगों को राशन कार्ड पर ही डिपेंड करने की सोच रही है। जो व्यक्ति बाहर नौकरी या मजदूरी कर रहे हैं उनको सरकार घर वापस बुलाकर ई-केवाईसी के जरिए 5 किलो राशन पर डिपेंड करना चाह रही है। जिसमें समाजवादी पार्टी के बैठक के प्रभारी बने रामपाल सिंह ने समाजवादी पार्टी के कुनबे को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता अपना लक्ष्य बना ले। वहीं अलग-अलग रूप से सभी कार्यकर्ताओं ने अपने वक्तव्य दिए। नगर अध्यक्ष अश्वनी यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में कार्य करने के सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। नगर पंचायत के सभासद राहुल यादव ने अपने वक्तव्य में बताया की जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश हैं वह उनके निर्देशों का पालन करेंगे तथा समाजवादी पार्टी के परिवार को बढ़ाएंगे। इस मौके पर प्रभारी रामपाल सिंह यादव, नगर अध्यक्ष अश्वनी यादव, सभासद राहुल यादव, नगर महासचिव फारूक अली, नगर उपाध्यक्ष डॉ0 धर्मेंद्र सिंह, सुधीर, विमलेश शर्मा, डॉक्टर जमाल मंसूरी, नियामत अली, अरुण सूर्यवंशी, शक्तिमान कठेरिया, नगर उपाध्यक्ष शिवकेश कठेरिया, कोषाध्यक्ष रामू शाक्य, मुन्नी कश्यप, लोकेश यादव, नगर उपाध्यक्ष लवकेश यादव, नंदकिशोर यादव, विश्वनाथ लाल, नाजिम अली, सर्वेश यादव, शुभम यादव, लकी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दुकानों पर छापेमारी कर पकड़ी गयी पॉलीथिन



प्लास्टिक के गिलास जप्त करते राजस्व निरीक्षक व अन्य लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**स्वच्छता ही** सेवा है, अभियान के तहत मंगलवार को नई बस्ती रोड, गंगा दरवाजा रोड, पुल ग़ालिब तिराहा से मुख्य मार्ग गल्ला मंडी तक व अन्य स्थानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें प्रतिबंधित थर्माकोल प्लेट, प्लास्टिक के ग्लास आदि जप्तीकरण का कार्य किया गया व सभी दुकानदारों को प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलिथीन आदि चीजों का उपयोग न करने हेतु जन-जागरूक किया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक अंशुमान शुक्ला, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार के अलावा सफाई नायक व सफाई मित्र आदि अभियान के दौरान मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### अभाविप ने अवैध कोचिंग व मानक विहीन इंटर कालेज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा जिले भर में अवैध कोचिंग संस्थान एवं मानक विहीन इंटर कॉलेज के विरोध में धरना देकर ज्ञापन दिया।। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए जिला संयोजक प्रियांशु सक्सेना ने कहा की यदि जिले में इसी प्रकार से अवैध कोचिंग सेंटर व मानक विहीन विद्यालय चलते रहेंगे, तो वो दिन दूर नहीं जब शिक्षा की गुणवत्ता में कमी होगी। प्रान्त सह मंत्री पलक तिवारी ने कहा की आज देश भर में नारी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोचिंग संस्थानों व विद्यालयों में छुट्टी के समय महिला पुलिस की तैनाती हो। विभाग संयोजक शिवम कुशवाहा ने कहा की जिले भर में कोचिंग संस्थानों की स्थिति ऐसी है की जैसे बरसात के मौसम में जगह-जगह कुकुरमुत्ता दिखने लगते है, वैसे ही आज जनपद में हर जगह कोचिंग सेंटर खुलते जा रहे हैं। जिसके कारण विद्यालयों में नियमित शिक्षा कार्य प्रभावित होता है। पूर्व जिला संयोजक अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा की कुछ समय पहले ही दिल्ली में कथित कोचिंग सेंटर में जल भराव के कारण देश के भविष्य को दम तोड़ते देखा गया। अगर प्रशासन ने सुध नहीं लिया तो वो पुनरावृत्ति जिले में भी देखी जा सकती है। पूर्व नगर मंत्री अखण्ड प्रताप चौहान ने कहा की विद्यालय में यदि पुस्तकालय की उपलब्धता होती है तो बहुत से विद्यार्थी कोचिंग जैसे संस्थाओं में जाने से बच जाते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो अपने स्थापना काल सन 1949 से ही राष्ट्र पुनर्निर्माण के ध्येय के साथ छात्र हित व राष्ट्र हित के लिए निरंतर कार्य करती आ रही है। इस दौरान ब्रजेश यादव, नगर सह मंत्री रिया गौर, सोमना आर्या, नगर संयोजक प्राची सिंह, आकांक्षा चौहान, लकी पाल, ऋषभ सारस्वत, आरती देवी, उज्जवल पांडेय, दीपक शाक्य, प्रेम अग्निहोत्री, विद्यार्थी विस्तारक लकी गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फर्जी आख्या लगाकर भेज रहीं बरौन सचिव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के बढ़पुर ग्राम पंचायत के बरौंन सचिव की लापरवाही से ग्रामवासी परेशान है। कई बार की गई शिकायतों पर सचिव फर्जी आख्या लगाकर भेज रही हैं। विकास खंड बढ़पुर की ग्राम पंचायत बरौन निवासी अंकुर शाक्य पुत्र सुरेशचंद्र ने ग्राम सचिव बरखा राजपूत के क्रियाकलापों से आहत होकर कई बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसमें वह गांव में टूटी, बजबजाती नालियां तथा जलभराव से आहत होकर कई बार शिकायत करने के बावजूद जब कोई निस्तारण नहीं हुआ, तो मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें मौजूद ग्राम सचिव बरखा राजपूत के बार-बार गलत आख्या लगाने से आहत होकर पीड़ित शिकायतकर्ता अंकुर शाक्य ने बताया कि जब तक उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो जाएगा तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम सचिव बरखा राजपूत लगातार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायत पर फर्जी आख्या लगाकर भेज रही हैं जो कि उस गांव की फोटो भी नहीं है और पड़ोस के मजरे से गलत आख्या लगाकर फोटो भेज रही है। जिस पर उन्होंने बताया कि वह जब तक समस्या का निस्तारण नहीं हो जाएगा तब तक चैन से नहीं बैठेंगे और यदि उन्हें न्याय न मिला तो वह ग्राम सचिव के विरुद्ध आमरण अनशन पर बैठेंगे।



गलत फोटो लगाकर भेजी जा रही आख्या

# चोरी की हुई बकरी सहित आरोपी आया पुलिस गिरफ्त में

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के याकूतगंज अहिराना गांव निवासी पहलवान पुत्र फूल सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका छोटा बेटा मंगलवार को बकरी चराने के लिए लेकर गया था। रास्ते में तीन अज्ञात लोगों ने बकरी छीन ली और मोटरसाइकिल से लेकर चले गए। बेटे ने अपने घर जाकर शिकायत की। जिस पर घरवालों ने खोजबीन की, तो पता चला कि कमालगंज के निवासी नवाब कुरैशी ने चोरी की बकरी खरीदी है, जो कि तीन अज्ञात लोगों ने बेंची है। पीड़ित ने कमालगंज थाने में आकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने नवाब कुरैशी को थाने में बुला लिया तथा चोरी करके ले जाने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस ने चोरी की गई हुई बकरी मलिक को दे दी।



बकरी के साथ मालिक — समृद्धि न्यूज

# पत्नी के मायके से न आने पर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पत्नी के** मायके से न आने पर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं परिजनों ने अभी तक कोई आरोप नहीं लगाये हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार विकास कनौजिया उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र तिलक सिंह निवासी ताहपुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज जयपुर में प्राइवेट कार्य करता था। पत्नी मायके में रहती थी। आठ दिन पूर्व वह जयपुर से आया और अपने घर न जाकर अपनी ससुराल कायमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नरैनामऊ पत्नी कामिनी को बुलाने चला गया। शराब पीकर झगड़ा करने के कारण कामिनी के पिता शिवकुमार ने बेटी को भेजने से मना कर दिया। जिस पर विकास कनौजिया अपनी ससुराल से घर जाने की बात कहकर निकला, लेकिन वह नगर नहीं पहुंचा। आज उसका शव गांव के रघुनंदन के आम के बाग में फांसी पर लटका मिला। घटना की जानकारी उस समय हुई, जब ग्रामीण सुबह शौचक्रिया के निकले बाग में गये। उन्होंने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखकर रोने विलखने लगे। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं लगाये गये हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी गयी है। यदि तहरीर दी जाती है, तो जांच कर कार्यवाही की जायेगी। मृतक की पत्नी कामिनी, मां कमला देवी, का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के एक पुत्री मिष्टी तथा तीन भाई जिसमें मृतक विकास कनौजिया, सुशील, सुनील है।



मृतक का फाइल फोटो

### चोरों ने पंचायत घर से इनवर्टर, पंखा तथा बैट्रा सहित हजारों का माल उड़ाया

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने पंचायत घर से इनवर्टर, पंखा तथा बैट्रा सहित हजारों का सामान पार कर दिया। ग्राम प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफथाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दुबरी निवासी ग्राम प्रधान रजनीश सिंह चौहान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा अज्ञात चोरों ने 21 सितंबर की रात्रि पंचायत घर में घुसकर दो पंखे, एक इनवर्टर तथा बैट्रा चोरी कर लिया। हालांकि ग्राम प्रधान द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर देने के बाद शमशाबाद थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। उधर थानाध्यक्ष तरूण सिंह ने बताया ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। ग्राम प्रधान के अनुसार चोरी की इस घटना में अज्ञात चोर हजारों का सामान चुरा ले गए।

# सरकारी आवास में रह रहे सिपाही का मिला शव



जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- एएसपी व सीओ ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**पुलिस लाइन** के सरकारी आवास में रह रहे सिपाही का शव बरामद हुआ। जानकारी होने पर आसपास रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बताते चलें कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद औरैया के ग्राम सलैया निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र त्रिभुवन सिंह 2011 बैच का सिपाही था। वह विगत 13 अक्टूबर 2023 को जीआरपी से तबादले पर आया और पुलिस लाइन में अपनी आमद करायी। वह पुलिस लाइन के ब्लॉक 6 के कमरा नम्बर 8 में रह रहा था, लेकिन आमद कराने के बाद से वह गैरहाजिर चल रहा था। पुलिस लाइन परिसर में मंदिर के सामने बने आवास से बदबू आने से पड़ोसियों ने परेशान होकर जानकारी अधिकारियों को दी। जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय और प्रतिसार निरीक्षक अविचल पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिपाही शराब पीने का आदी था। जाँच करायी जा रही है। घटना के संबंध में परिजनों को सूचना दे दी गई है। आशंका जतायी जा रही है कि शव तीन चार दिन पुराना है।

# जमीन में दबाई गई मूर्तियों को ग्रामीणों ने निकाला, मौके पर पहुंची पुलिस

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के बड़ागांव परतापुर खुर्द में जमीन के अंदर मूर्तियां दबी होने की जानकारी होने पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। जानकारी के अनुसार गांव के बाहर बाबा राधा मोहन गिरी पूजा पाठ करते थे और वहीं उन्होंने सनातन धर्म की आस्था से जुड़ी देवी और देवताओं की मूर्तियों को जमीन में अंदर दबा रखा था। उसके ऊपर बैठकर वह पूजा किया करते थे। 1 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने आरएसएस के अमन अवस्थी और थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद लोग वहां इकट्ठा होने लगे और फावड़ा की मदद से खुदाई शुरू कर दी। थाना पुलिस कानून व्यवस्था को लेकर अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गई और हो रही खुदाई को जब देखा तो उसमें दबी हुई मूर्तियां निकलीं। किसी प्रकार का कोई उपद्रव ना हो इसलिए मौके पर ग्राम प्रधान के पुत्र दाताराम को भी बुलाया गया। सभी ने बैठकर आपस में बातचीत की। इसके उपरांत उन मूर्तियों को आपसी सहमति से दाताराम के सुपुर्द कर दिया गया और यह निर्णय लिया गया कि आगामी नवरात्रि के समय इन मूर्तियों की स्थापना पूजा पाठ व विधि विधान से कराई जाएगी। जिसमें सभी भक्तजनों का सहयोग शामिल रहेगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनिल राजपूत सहित ग्रामीण रमेश, आनंद, ओमप्रकाश, लालाराम, वीरपाल, सुमित, अशोक, कमलेश, दिनेश, अजय, गोपी, रामकरण आदि लोग मौजूद रहे।



मूर्तियों को निकालते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# उप्रावि महमदपुर करसान में केक काटकर मनाया गया मीना-डे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**उच्च प्राथमिक** विद्यालय महमदपुर करसान में राज्य स्तरीय सुगमकर्ता भारती मिश्रा द्वारा विद्यालय में मीना-डे का आयोजन किया गया। उच्च प्राथमिक स्तर के समस्त छात्र-छात्राओं को भारती मिश्रा ने मीना के बारे में बताया कि यह एक कार्टून कैरेक्टर है, जिसकी संकल्पना यूनिसेफ द्वारा की गई है। मीना की विभिन्न कहानियों के माध्यम से वर्ग के बच्चों की समस्याएं तथा उनके समाधान सुझाए गए हैं। मीना एक कार्टून कैरेक्टर है जो समस्याओं को छोड़ती नहीं है, बल्कि विभिन्न स्तरों पर उसे दूर करने का प्रयास करती दिखाई देती है। इस उम्र के बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, मुखर अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास करने में मीना मंच अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों को मीना की दो फिल्में दिखाई गई। क्या मीना को स्कूल छोड़ना पड़ेगा, दहेज लेना ना देना। इसके अतिरिक्त बच्चों के संवैधानिक अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। मीना मंच अध्यक्ष दिव्या, पावर एंजिल गायत्री, प्रिया, गुड़िया व आराध्या द्वारा केक काटकर मीना के जन्मदिन को उत्साह पूर्वक मनाया गया। मीना मंच से जुड़ी बाह्य सदस्य भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशाल, अर्पित, अनुज, आलोक, रिया, नव्या, काजल, मेनका मौजूद रही। मीना मंच के सदस्यों ने नारे लगाए बच्चे मांगे चार अधिकार, सेहत, शिक्षा, हक और प्यार।

कार्यक्रम में एसएमसी सदस्य एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार पाल ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर संदीप पांडे, गौरव सक्सेना, निष्कर्ष कटियार, पूनम, रामवीर पाल, धन देवी, संगीता, मौर्य श्री, राम लली, सोना देवी, सीता, रानी, मोनिका आदि ने सहयोग किया।



केक काटकर मीना-डे मनाते बच्चे — समृद्धि न्यूज

# विधायक सुशील शाक्य ने आफिसर्स क्लब में प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ऑफिसर्स** क्लब फतेहगढ़ में विधायक सुशील शाक्य ने फीता काटकर प्रधानमंत्री के जीवनकाल पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन काल में कई संघर्ष किये। यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने देश की सेवा की जिम्मेदारी ली और केंद्र में कई योजनायें चलाकर सीधे पात्रों को लाभांवित किया। उनके द्वारा लिये गये ऐतिहासिक निर्णय व कार्यों को पूरा देश सराहा रहा है। उनके जीवनकाल पर आधारित प्रदर्शनी में विभिन्न चित्रों एवं कार्यों को दर्शाया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, अभिषेक त्रिवेदी व जिला मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा व जिला परियोजना अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।



प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते विधायक सुशील शाक्य — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### किला घाट पर एनसीसी कैडेट्सों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय नदियां हमारी संस्कृति की जननी है शीर्षक पर एमआईसी फतेहगढ़ के एनसीसी कैडेट्स ने जन जागरूकता अभियान चलाया। विश्व नदी दिवस के उपलक्ष्य में 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के निर्देशन में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा फतेहगढ़ स्थित किला घाट पर 12यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशन पर भारतीय नदियां हमारी संस्कृतियों की जननी है, शीर्षक पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। नमामि गंगे टीम से परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल द्वारा एनसीसी कैडेट्स को नदियों को स्वच्छ रखने तथा जागरूकता फैलाने हेतु जागरूक किया गया। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा तमाम त्योहारों पर लोगों द्वारा हवन पूजन सामग्री, खंडित मूर्तियां, गंदे नालों का पानी तथा वर्तमान में चल रहे श्राद्ध पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो भी धर्म से जुड़ी हुई बातें हैं, उनका सम्मान करो, परंतु हमारी नदियों में गंदगी भी न फैलाओ। क्योंकि हमारी नदियां हमारी संस्कृति की जननी हैं क्योंकि नदियों से हमारा जीवन चलता है। एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया और शपथ दिलायी गई। हवलदार पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीपी इंटरनेशनल स्कूल में एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को एक विशेष एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट एवं हेड संदीपा कुमार ने ट्रेनर दिव्यज्योति जोशी को उपहार देकर सम्मानित किया। दिव्यज्योति जोशी ने शिक्षकों को एआई की उपयोगिता समझाई। कार्यक्रम में निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने एआई के महत्व पर जोर देते हुए शिक्षकों को छात्रों के भविष्य में इसके योगदान के लिए प्रेरित किया। उपनिदेशिका अंजू राजे ने एआई तकनीक की संभावनाओं पर चर्चा की। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्स्ना अग्रवाल ने स्कूल में टेक्नोलॉजी को शामिल करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने बताया कि एआई विद्यार्थियों को नए कौशल सिखाने में मदद करेगा। एचआर भावना जगतियानी और पियूष अवस्थी ने कार्यक्रम के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में संदीपा कुमार ने सभी का धन्यवाद किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को एआई के क्षेत्र में जागरूकता और कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### उपकरण मापन तथा परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय के खंड शिक्षा कार्यालय पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना उपकरण मापन तथा परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें समेकित शिक्षा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को 6 से 14 वर्ष के विशिष्ट अध्यनरत बच्चों को उपकरण मुहैया कराने के लिए सरकार वचनबद्ध है। जिसमें एल्मिको मेजरमेंट के जरिए कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान मोहम्मदाबाद विकासखंड के 152 बच्चे तथा नवाबगंज विकास खंड के 103 बच्चे उपकरण देने के लिए विशिष्ट दिव्यांग पाए गए। जिनका रजिस्ट्रेशन कराकर जल्द से जल्द उनको उपकरण मुहैया कराने की बात बताई गई। इसमें शारीरिक व दैवीय दिव्यांग कई तरह के दिव्यांगों को उपकरण देने के लिए रजिस्ट्रेशन किए गए। नवाबगंज खंड शिक्षा कार्यालय पर 120 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिय। जिसमें 110 बच्चे उपकरण के लिए चयनित किए गए। जिसमें 6 दिसंबर को मोहम्मदाबाद तथा 5 दिसंबर को बीआरसी कार्यालय नवाबगंज पर उपकरण का वितरण किया जाएगा। एल्मिको की टीम में अमित कुमार, ऑर्थो आनंद कुमार, सरवन कुमार, रवि कुमार सहित विभाग के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# नेता जी की पुण्य तिथि पर सैफई जायेंगे सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष केके यादव ने 10 अक्टूबर को सैफई में नेता जी की पुण्यतिथि पर पहुंचने का निर्णय लिया। जिसमें सैनिक प्रकोष्ठ के कई पदाधिकारी पुण्य तिथि में भाग लेगें। साथ ही सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने एनकाउंटर में मारे गये मंगेश यादव के परिजनों के लिए घर बनवाने के लिए नेतृत्व के आवाह्न पर धनराशि इकट्ठा कर आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए सहयोग किया। बैठक में अमित यादव, बृजेश यादव, मुजीब उल हसन, शिव शंकर शर्मा, रामाधार यादव आदि लोग मौजूद रहे। केके यादव ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर में मारे गये मंगेश यादव के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि देने के लिए निर्णय लिया गया। साथ ही गंगापार में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के साथ सैनिक प्रकोष्ठ जाकर मदद करेगा। इस मौके पर रामाधार यादव, राजेंद्र सिंह, राजू शर्मा, हरमोहन सिंह यादव, पवन कुमार, बृजेश कुमार राव, बेचे लाल यादव, छोटे सिंह यादव, इस्तकार हुसैन, शंभू दयाल, अशोक कुमार यादव, दीप सिंह, वेद प्रकाश, भूपेंद्र सिंह यादव, मनोज कुमार यादव, शिव शंकर शर्मा, रविंद्र सिंह, साबिर सिंह, श्रीकृष्ण, रामसेवक, रणवीर सिंह मौजूद रहे।




बैठक में मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# 26 सितम्बर को अटेवा के नेतृत्व में निकाला जायेगा आक्रोश मार्च

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अटेवा पेंशन** बचाओ मंच द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ आक्रोश मार्च 26 सितम्बर को निकाला जायेगा और कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में दर्शाया कि अटेवा के नेतृत्व में शिक्षक, कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला मुख्यालय पर आक्रोश मार्च/बाइक रैली निकालकर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। सभी लोग जिला पंचायत विकास भवन पहुंचकर एकत्र होंगे और कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालेगें। इस संबंध में एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, महामंत्री फूल सिंह शाक्य मौजूद रहे।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते अटेवा के पदाधिकारी

# कबड्डी प्रतियोगिता के लिए महिला खिलाड़ियों का हुआ चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**खेल निदेशालय** लखनऊ द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में होगा। जिला स्तरीय ट्रायल/चयन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित हुआ। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, संजीव कटियार, अरुण कुमार, सुभाष चन्द्र, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना यादव आदि कर्मचारियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों का चयन हुआ। महिला कबड्डी खिलाड़ियों का जिला स्तर पर चयन कर मण्डल के लिए भेजा जायेगा। चयनित खिलाड़ी शिखा, सेजल, प्रिया, चित्रा, काजल, मुस्कान, सुमित्रा, रागिनी का चयन हुआ। मैनेजर अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।



कबड्डी के चयनित खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

# रावण के मरने के बाद भी लोगों में रावणत्व आज भी जीवित: मनोहर अरुण गोस्वामी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**तीसरे दिन** मानस विद्वानों ने कहा कि भले ही राम ने रावण को मार दिया पर आज भी बुरे लोगों में रावणत्व जीवित है, क्योंकि काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह जब तक हममें है तब तक रावणत्व हम में मर ही नहीं सकता है। मानस विचार समिति के तत्वाधान में डा0 रामबाबू पाठक के संयोजन में पंडा बाग के सत्संग भवन में चल रहे मानस सम्मेलन के तीसरे दिन झांसी से पधारे मानस मनोहर अरुण गोस्वामी ईश भजन सारथी सुजाना प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि जहां धर्म है वहां विजय होती है। ऐसा गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं, कबीरदास भी इसी प्रकार धर्म की परिभाषा बताते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने रावण को मार दिया था पर आज भी रावणत्व नहीं मरा, लोगों में रावणत्व आज भी जीवित है। लोगो में काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह जब तक लोगों में जीवित है। तब तक लोगों में रावणत्व लोगों में मौजूद है। गोस्वामी ने कहा कि युद्ध के समय मैदान में रावण के पास भौतिकतावादी रथ था, जबकि श्रीराम के पास आध्यात्मिक रथ था। रावण के भौतिकतावादी रथ को हनुमान, लक्ष्मण और अंत में श्रीराम ने विध्वंस कर दिया। मानस विद्वान पीला राम शर्मा, किरण भारती, नंदकिशोर पाठक आदि प्रवचन किया। तबले पर संगत नंदकिशोर पाठक ने की। संचालन पंडित रामेंद्र मिश्रा ने किया। इस मौके पर मुन्ना लाल मिश्रा, अश्वनि मिश्रा, सदानंद शुक्ला, अशोक रस्तोगी, सुरजीत पाठक उर्फ बंटू, ज्योति स्वरूप अग्निोत्री, ब्रजकिशोर सिंह किशोर, नरेश दुबे, विशेष पाठक, विजय लक्ष्मी पाठक, संध्या पाठक, अलम्या पाठक, मांडवी पाठक, शशि रस्तोगी, रजनी लौगानी आदि मानस श्रोता मौजूद रहे।



प्रवचन करते आचार्य मौजूद श्रोतागण — समृद्धि न्यूज

# पत्रकार सहित सेवानिवृत्तों को बैंक पेंशनर्स एसो. ने किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाज का** सच आगे लाकर समाज को सुधारने में महती भूमिका अदा करता है। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा जिला मंत्री विजय अवस्थी ने पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि सेवा निवृत्तों का सम्मान करके मन को अनुभूति मिलती है। जो अपने कई वर्ष लोगों की सेवा कार्य में दिये। फिर वह लोग सेवानिवृत्त हुए। उन्हें सम्मानित करना एसोसिएशन का दायित्व है। जय नारायण वर्मा रोड फतेहगढ़ पर हुये कार्यक्रम में पत्रकार चंद्रशेखर कटियार को सम्मानित किया गया। स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त सतीश अहिरवार, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, ओपेन्द्र कुमार बाथम, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विमल अग्निहोत्री, राम नरेश यादव को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विजय अवस्थी, उमेश गुप्ता, रत्नेश शुक्ला, राजू टंडन, ओम प्रकाश सैनी, अवधेश कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।




सम्मान के दौरान मौजूद पत्रकार व सेवानिवृत्त — समृद्धि न्यूज

# विष्णु नारायण अरोड़ा बने केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट के जोन अध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**केमिस्ट एण्ड** ड्रगिस्ट फेडरेशन का चुनाव झांसी के निकट ओरछा पैलेस में सम्पन्न हुआ। फर्रुखाबाद, आगरा, फिरोजाबाद, कन्नौज, औरैया, इटावा के जोन अध्यक्ष के रुप में विष्णु नारायण अरोड़ा को निर्विरोध चुना गया। चुनाव में प्रदेश भर के पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वसम्मति से विष्णु नारायण अरोड़ा केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन के जोन अध्यक्ष चुने गये। एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विष्णु नारायण अरोड़ा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही जनपद से भागीदारी करने पहुंचे कायमगंज अध्यक्ष विनय रस्तोगी, सचिव राजेश दीक्षित व अर्पित गुप्ता ने भाग लिया। उनके पदाधिकारी चुनने पर विष्णु नारायण अरोड़ा का उनके निवास पर समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी। पांच जोन के अध्यक्ष बनने पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उनके समर्थक मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र प्राप्त करते विष्णु नारायण अरोड़ा — समृद्धि न्यूज

# बच्चों को बाल श्रम व भिक्षावृत्ति रोकने के प्रति किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**गुरु तेग** बहादुर जूनियर हाईस्कूल गुरुद्वारा फतेहगढ़ में जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की काउंसलर ज्योति शर्मा के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए बालश्रम, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को बताया गया की चाइल्ड ट्रैफिकिंग तथा बाल शोषण किस प्रकार किया जाता है उससे बचने के उपाय भी बताए और किसी को कोई समस्या हो तत्काल 1098 पर सूचित करें। चाइल्ड हेल्प लाइन आपकी सेवा में 24 घंटे उपलब्ध है, बच्चों को गुड टच बैड टच के साथ रास्ते में आने जाने में कोई समस्या हो तो तत्काल 1098 पर सूचना दे। सुपरवाइजर उत्तमा सिंह ने बच्चों को 112, 181, 1090 अन्य हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। केस वर्कर राहुल सिंह ने बच्चों को कन्या सुमंगला योजना वा अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिससे की सभी जरूरनमंद बच्चों को लाभ प्राप्त हो सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या शीतल सिंह और सभी शिक्षिका उपस्थित रही।



बच्चों को जानकारी देती काउंसलर ज्योति शर्मा — समृद्धि न्यूज

# तम्बाकू नियंत्रण के प्रचार वाहन को सीएमओ ने दिखायी झंडी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय तम्बाकू** नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 24 सितम्बर से 02 माह तक तम्बाकू मुक्त युवा अभियान का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कुल 09 दिवस जिला मुख्यालय सहित समस्त ब्लाक के कस्बे, गांव, आरोग्य मेला, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तहसील थाना, चिकित्सालय आदि पर पहुंचकर प्रचार-प्रसार करेगा। पुलिस विभाग, पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित कर जनपद के 800 विद्यालयों में जागरूकता शपथ आदि कार्यक्रमों का आयोजन कराते हुए तम्बाकू मुक्त घोषित कराये जाने हेतु कार्यवाही करायी जायेगी। पंचायतीराज विभाग से समन्वय स्थापित कर 100 गांवों को तम्बाकू मुक्त घोषित कराया जायेगा, साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा 150 आई0सी0 कैम्पेन शहरी व ग्रामीण स्तर पर कराया जायेगा। पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर 80 इन्फोर्समेन्ट कैम्पेन का आयोजन कराये जाने का कार्य किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि तम्बाकू में मौजूद 4000 जहरीले तत्व मानव शरीर में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न करते है, इसमें बालों का झड़ना, मोतियाबिन्द, फेफडों का कैंसर, दिल की बीमारी आदि बीमारिया शामिल है। डा0 दलवीर सिंह ने बताया कि नशा छोड़ने हेतु मन में दृढ इच्छा होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सर्वेश यादव, कंचन बाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन0एच0एम0, रणविजय सिंह डी0सी0पी0एम0 आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रचार वाहन को झण्डी दिखाते सीएमओ — समृद्धि न्यूज

# चार वर्षों में भारत से हथियार खरीदने वाला सबसे बड़ा देश बना आर्मेनिया

एजेंसी



- आर्मेनिया ने भारत से कुल 600 मिलियन डॉलर के हथियार खरीदे
- सैन्य सहयोग मजबूत करने के लिए नई दिल्ली में रक्षा अताशे नियुक्त

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया और यूरोप के काकेशस क्षेत्र में स्थित पहाड़ी देश आर्मेनिया भले ही किसी अन्य देश से संघर्षरत न हो लेकिन भारत से हथियार खरीदने वाला सबसे बड़ा देश बना बना है। आर्मेनिया ने भारत से पिनाका मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम, आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम, हॉवित्जर, एंटी-टैंक रॉकेट और एंटी-ड्रोन उपकरण और गोला-बारूद की खरीद की है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत तक आर्मेनिया ने भारत से कुल 600 मिलियन डॉलर के हथियार खरीदे हैं।

रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि नई दिल्ली और आर्मेनिया की राजधानी येरेवन के बीच सैन्य सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। पिछले चार वर्षों में आर्मेनिया भारत से हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बनकर उभरा है। आर्मेनिया ने 2022 में पहले विदेशी खरीदार के तौर पर भारत को 720 मिलियन डॉलर में 15 आकाश मिसाइल प्रणालियों का ऑर्डर दिया था। आर्मेनिया को भारत में विकसित स्वदेशी रूप से विकसित आकाश-1एस वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली 2024 के अंत में भारतीय कंपनी भारत डायनामिक्स लिमिटेड से आपूर्ति की जानी है। यह आकाश-1एस प्रणाली लड़ाकू विमानों, निर्देशित मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई खतरों के खिलाफ विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करती है। भारतीय वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिनाका मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम और आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम की खरीद पर सौदे करने के बाद पूर्व सोवियत गणराज्य आर्मेनिया भारत से हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बन गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत तक भारत से आर्मेनिया द्वारा खरीदे गए हथियारों की कुल मात्रा 600 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। कई मिलियन डॉलर के रक्षा सौदों के तहत आर्मेनियाई सेना को भारत में निर्मित हॉवित्जर, एंटी-टैंक रॉकेट और एंटी-ड्रोन उपकरण की आपूर्ति की जानी है। दोनों देशों के बीच गहराते रिश्तों का असर तब दिखा, जब 2023 में येरेवन ने भारत के साथ सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली में अपने दूतावास में एक रक्षा अताशे को नियुक्त किया।

### क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड पाइंट मिलने व बिल माफ होने का झांसा देकर 88 लाख का गबन

**जोधपुर।** शहर के नाडी मोहल्ला मदेरणा कॉलोनी में रहने वाले एक युवक को उसके दोस्त ने झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड पांइट का बोला। कार्ड का बिल माफ करने के साथ राशि लौटने की बात की। झांसे में उसके क्रेडिट कार्ड से 88 लाख का गबन दिया गया। पीड़ित ने अदालत की शरण लेकर अब उदयमंदिर थाने में धोखाधड़ी में रिपोर्ट दी है। मदेरणा कॉलोनी नाडी मोहल्ला निवासी विशाल सिंह पुत्र जय सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि गौरव खींवसरा पुत्र सुरेन्द्रराज जैन निवासी ब्लू टाउन, रेस्टॉरंट, के.एन. कॉलेज के सामने, रातानाडा, गुरजोत सिंह सरदार, निवासी रातानाडा एवं रोनित बेंदा निवासी सारण नगर ने मिलकर उसके साथ छलपूर्वक गबन किया। परिवादी के अनुसार उसने इण्डसइण्ड बैंक से एक क्रेडिट कार्ड ले रखा है। जिस कार्ड का परिवादी द्वारा पिछले करीब तीन-चार साल से लगातार उपयोग-उपभोग किया जा रहा है।

# हॉकी इंडिया अक्टूबर में दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए करेगा जर्मनी की मेजबानी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया (एचआई) ने भारतीय पुरुष टीम और जर्मनी के बीच बहुप्रतीक्षित दो मैचों की द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला की घोषणा की है, जो अक्टूबर 2024 में होगी। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस 2024 ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था, जहां जर्मनी ने 3-2 से जीत हासिल की थी। दोनों मैच 23 और 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है, और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच एक गहन प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। हम इस आयोजन की मेजबानी करके गौरवान्वित हैं, जो न केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा देगा बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को भी मजबूत करेगा।÷ हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह का मानना है कि दोनों टीमों के पास भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए अपने कौशल को निखारने का मौका होगा।

उन्होंने कहा, भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक मुकाबला रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं, और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने का मौका देगी।

हमें इस भारत-जर्मन सहयोग का हिस्सा होने पर गर्व है, जो न केवल व्यापार और कूटनीति बल्कि खेल के प्रति प्रेम को भी साथ लाता है। जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच इस द्विपक्षीय श्रृंखला को जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में देख रहे हैं।

# महोत्सव में कई राज्यों के रक्तदाताओं ने लिया हिस्सा

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन के रूप में सामने आया, जिसमें देशभर से विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के रक्तदाता शामिल हुए। यह कार्यक्रम न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का मंच था, बल्कि रक्तदानियों के लिए एक उत्सव का रूप ले चुका था, जहां उनका योगदान किसी पर्व से कम नहीं था।

महोत्सव में भाग लेने वाले रक्तदानियों के चेहरे पर गर्व और खुशी की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। इस आयोजन ने एकजुटता और सामूहिक प्रयास की भावना को मज़बूत किया, जिसमें विभिन्न राज्यों और संस्थाओं ने अपना योगदान दिया। रक्तदान के इस पवित्र अवसर पर लखनऊ से केजीएमयू की टीम, अंबेडकरनगर, बलरामपुर और अयोध्या जनपद की मेडिकल टीम विशेष रूप से मौजूद थीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओलंपियन और पूर्व भारतीय हॉकी टीम के कप्तान अशोक ध्यानचंद थे, जिन्होंने भारतीय हॉकी को विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी गौरवपूर्ण बना दिया।

इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि सिगरा मऊ स्टेट जौनपुर की महारानी डॉ. अंजू सिंह और अयोध्या के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से इस महोत्सव की शोभा बढ़ाई। महोत्सव का उद्घाटन हरैया बस्ती के विधायक अजय सिंह द्वारा किया गया, जिसमें अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय, और जिला पंचायत अध्यक्ष भी सम्मिलित हुए। अशोक ध्यानचंद ने सभी रक्तदानियों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया, जिसमें उनके महान योगदान को सराहा गया।

ओलंपिक विजेता अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित ध्यानचंद ने रक्तदान के महत्व को समझाया और इसे एक मानवीय सेवा के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे समाज का कल्याण होता है। इस कार्यक्रम में यूफोरियल यूथ सोसाइटी के कई जिलाध्यक्ष और उपजिलाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इफसाड (रक्तक्रांति एक मुहिम) द्वारा लोगों को रक्तक्रांति रिस्ट बैंड दिया गया साथ ही साथ अयोध्या कार्यक्रम के संचालक और अध्यक्ष आकाश गुप्ता जी को रक्तवीर अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने तीन वरिष्ठ सदस्यों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया

**अहमदाबाद।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने डेकोराइज वेलफेयर एसोसिएशन-अहमदाबाद के सहयोग से गांधीनगर में आयोजित तीन दिवसीय पाँचवीं डेकोराइज-2024 प्रदर्शनी का मंगलवार को उद्घाटन किया। इवेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनेस की इस विशाल प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों की 250 से अधिक डेकोरेशन एंड इवेंट कंपनियाँ अपनी नई इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के साथ सहभागी हुई हैं। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में मैरेज, कॉर्पोरेट एवं गवर्नमेंट इवेंट तथा रिलीजियस एवं सोशल इवेंट में नवीन प्रोडक्ट्स एवं इनोवेशन के उपयोग से संबंधित निदर्शन देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस प्रदर्शनी के साथ ही मंडप हायरर्स इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन-गुजरात के 30वें वार्षिक अधिवेशन का प्रारंभ भी करवाया। पटेल ने प्रदर्शनी के अलग-अलग स्टॉल्स को देखा और एसोसिएशन के तीन वरिष्ठ सदस्यों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।

# आदिवासियों की जमीन की सबसे अधिक लूट हेमंत सरकार में हुई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में चुनाव की घोषणा होने वाली है। प्रदेश में पांच वर्षो तक हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस-झामुमो की सरकार को जो काम करना चाहिए, वह नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एमपी के घर से 350 करोड़ निकले, मंत्री के नौकर के घर से 29 करोड़ मिले, ये पैसे झारखंड की जनता की गाढ़ी कमाई की थी। हेमंत सरकार जब से सत्ता में आई तब से राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया है। मरांडी ने कहा कि इस सरकार ने नदी के बालू को लुटवा दिया। यहां के लोगों को बालू नहीं मिल रहा है। कोयला, पहाड़, जमीन को लूटा। इस राज्य में सबसे अधिक जमीन की लूट हेमंत के राजा में हुई। आदिवासी हित की बात करनेवाली हेमंत सरकार और उसकें दलालों ने आदिवासियों की जमीन से लेकर सेना तक जमीन को लूटा। इसलिए भाजपा ने एलान किया कि इस भ्रष्ट सरकार को भगाना ही होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखा रही है। यहां पति-पत्नी की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन रैली राज्य के भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंने के लिए ही है। सांसद ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर सभी को रोजगार देंगे। हम झारखंड की बेटी, रोटी और माटी को बचाने का संकल्प लेते हैं।

## खबरें एक नजर में

### हेमंत सरकार ने युवाओं, महिलाओं-किसानों के साथ छल किया : सेठ

**खूंटी।** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने पांच साल तक युवाओं, महिलाओं और किसानों के साथ छल किया। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के समय 25 हजार प्रति पांच एकड़ जमीन पर दिये जाते थे लेकिन हेमंत सरकार ने सत्ता में आते ही इस योजना को बंद कर किसानों का गला घोंट दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। वे मंगलवार को तोरपा के ब्लॉक मैंदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा में आये लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों ने राज्य को डुबोने का काम किया। पीएम सड़क योजना से गांव-गांव तक सड़कों का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विकास कामों को झारखंड में लेकर आयेंगे। इसके लिए झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनानी होगी। मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने वाली, कोयला-खनिज और बालू लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाली झारखंड की भ्रष्ट हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा ने पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाली है। साथ ही कहा कि तख्त बदल दो, ताज बादल दो, बेईमानों का राज बदल दो।

### ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में सित्ती राम और अभिषेक कुमार यादव शामिल है।इनके पास से सिल्वर फॉईल में लपेटा हुआ कुल 16 पुडिया प्रतिबंधित नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर ( वजन करीब 1.90 ग्राम), एक ब्लु रंग का स्मार्टफोन और एक सफेद एव काले रंग का यामाहा एमटी बाइक बरामद किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना के किशोरगंज रोड नंबर पांच के पास अवैध नशीले पदार्थों का खरीद विक्री हो रहा है। सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर उक्त स्थान पर छापेमारी की। पुलिस टीम को देखकर दो लोग भागने लगे। टीम ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। इनके पास से ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किये गए।


### 408 पोलिंग पार्टी पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना किया

**जम्मू।** दूसरे चरण के मतदान के लिए जिला रियासी के दूरदराज इलाके में स्थित पोलिंग स्टेशन के लिए मंगलवार को सुबह 408 पोलिंग पार्टी को ईवीएम मशीन के साथ 650 गाड़ियों में कढ़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। डीसी रियासी विशेष पाल महाजन ने पोलिंग पार्टी को गुलाबगढ़, श्री माता वैष्णो देवी और रियासी विधानसभा पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना किया जिन के वहां पर रहने और खाने पीने की पूरी व्यवस्था की गई है। हर पोलिंग स्टेशन पर एक आशा वर्कर की ड्यूटी लगाई गई है इस के अलावा मेडिकल टीम भी तैनात की गई है इस के साथ ही इमरजेंसी एंबुलेंस भी रखी गई है वहीं हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए है। डीसी विशेष पाल महाजन ने कहा कि जिस तरह 2014 में वोटिंग हुई थी उससे भी ज्यादा परसेंटेज में इस बार मतदान होने की संभावना है जिस तरह शरीर के तहत जगह-जगह प्रोग्राम कार्रवाई के उससे यही लगता है कि इस बार अच्छी मात्रा में वोटिंग होने की पूरी संभावना बनी हुई है और हमारा जिला पहले नंबर पर आएगा

### मोदी ने न्यूयॉर्क में आर्मेनियाई प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से इतर आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान और होली सी के विदेश सचिव कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से मुलाकात की। आर्मेनियाई प्रधानमंत्री के साथ यह मुलाकात ऐसी रिपोर्ट के बीच हुई है कि आर्मेनिया 2020 में हस्ताक्षरित 20 लाख डॉलर की रक्षा साझेदारी के हिस्से के रूप में आकाश-1एस वायु रक्षा प्रणाली सहित भारत निर्मित हथियार प्रणालियों की महत्वपूर्ण खरीद कर रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, आर्मेनिया को 2024 के अंत में भारत में विकसित आकाश-1एस वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की जाएगी। आर्मेनिया ने 2022 में 72 करोड़ डॉलर में 15 आकाश मिसाइल प्रणालियों का ऑर्डर दिया था और वह इस प्लेटफॉर्म का पहला विदेशी खरीदार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले चार वर्षों में आर्मेनिया भारत से हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह संयुक्त राष्ट्र में समिट ऑफ द फ्यूचर के दौरान आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान से मिलकर बहुत अच्छा लगा। श्री मोदी ने होली सी के अधिकारी के साथ अपनी मुलाकात पर कहा, न्यूयॉर्क में होली सी के विदेश सचिव कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई।

### फीनिक्स पलासियो में इंटरनेशनल डीजे जूलिया ब्लिस ने मचाई धूम




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनबर्न ने फीनिक्स पलासियो में अपने बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम सनबर्न रीलोड आयोजित किया। इंटरनेशनल डीजे जूलिया ब्लिस के धमाकेदार संगीत ने एक बार फिर शहर को रोमांचित कर दिया। इस कार्यक्रम में हाई-एनर्जी संगीत, मंत्रमुग्ध कर देने वाली रोशनी, बेमिसाल प्रदर्शन रहा। इसके साथ और फूड पार्टनर इशारा, दोबारा और आठ के लज़ीज़ व्यंजनों ने शाम को यादगार कर दिया।

फीनिक्स पलासियो में, मंच पर डीजे जूलिया ब्लिस ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों के साथ-साथ रेवटेक, डीजे झलक, डीजे कॉन्स्टार और डीजे जैड की प्रस्तुति दी। शानदार रात में, उपस्थित लोगों ने संगीत और प्रकृति के एक अनोखे मिश्रण का अनुभव किया। यही सनबर्न के इमर्सिव अनुभव की एक खासियत है। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने कहा कि, फीनिक्स पलासियो में सनबर्न रीलोड सभी संगीत प्रेमियों के लिए एक उपहार था। जो उन्हें अविस्मरणीय यादें और अनूठा अनुभव प्राप्त करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि, सनबर्न रीलोड ने एक यादगार रात के अपने वादे को पूरा किया। संगीत की उच्च स्तर की ऊर्जा, लयबद्ध कंपन से धड़कता दिल और उत्साह व उमंग से लबरेज भीड़ शाम की खासियत रही।

### बिहार जा रही महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव का खंडन

**प्रयागराज।** नई दिल्ली से बिहार के गया जा रही महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पर अराजक तत्वों द्वारा सोमवार रात पथराव में कई यात्रियों के घायल होने की घटना का रेलवे ने खंडन किया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि कुछ मीडिया समूह द्वारा चलाई जा रही महाबोधि एक्सप्रेस पर पथराव से कई यात्रियों के घायल होने की सूचना गलत है। इस तरह की कोई घटना प्रयागराज मंडल में नहीं हुई है।

### जयशंकर ने बंगलादेश के विदेश मामलों के सलाहकार से की मुलाकात

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में बंगलादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से मुलाकात की है। गौरतलब है कि बंगलादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद दोनों देशों के उच्च अधिकारी पहली बार मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान बंगलादेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कथित तौर पर की गई टिप्पणियों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

# केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रचे गए : आतिशी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप), दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बहुत षड्यंत्र रचे गए लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से रक्षा की।

सुश्री आतिशी ने आज यहां कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और सभी की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।

पिछले दो सालों में आम आदमी पार्टी, दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के ख़िलाफ़ बहुत षड्यंत्र रचे गए। लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से हमारी रक्षा की। संकट मोचन से यही प्रार्थना है कि, उनका आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे, हम दिल्लीवालों के काम करते रहें और आने वाले चुनाव के बाद एक बार फिर अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बनें।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि, हनुमान जी हमारे संकट मोचन रहे है। पिछले दो सालों में आम आदमी पार्टी पर, दिल्ली सरकार पर, हमारे नेता अरविंद केजरीवाल पर हमारे दुश्मनों द्वारा हर तरह के हमले हुए। उन्होंने कोशिश की कि, हमें तोड़ दें, हमें दबा दें, हमें चुप करा दें, दिल्ली वालों के काम रोक दें।

### ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की 104 सड़कों के निर्माण की दी स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इस दिशा में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 104 सड़कों के निर्माण की मंजूरी दी है। इन सड़कों के निर्माण पर 259.77 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम-जनमन बैच-III (2024-25) के अंतर्गत मध्य प्रदेश के लिए 162.14 करोड़ रुपये की लागत की 216.86 किलोमीटर लंबाई की कुल 86 सड़कों को मंजूरी दी गई है। साथ ही पीएम-जनमन बैच-ढ्ढ (2024-25) के तहत छत्तीसगढ़ में 97.63 करोड़ रुपये की लागत से 128.15 किलोमीटर लंबाई की कुल 18 सड़कों की स्वीकृति दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि प्रत्येक गली-गांव में विकास की पहुंच सुनिश्चित करने और सड़क संपर्क मार्ग बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्यशील है।

# डूसू चुनाव को लेकर हाईकोर्ट ने मुख्य चुनाव अधिकारी को किया तलब




एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली में दीवारों, सड़कों को खराब करने पर चुनाव में उम्मीदवारों को अयोग्य ठहराने की चेतावनी देते हुए दिल्ली यूनिवर्सिटी के मुख्य चुनाव अधिकारी को तलब किया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि 24 घंटे के भीतर मुख्य चुनाव अधिकारी उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई करें।

दिल्ली हाई कोर्ट ने पूरे शहर में पोस्टर और नारे लगाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए दिल्ली पुलिस, दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रशासन, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन पर नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के लिए चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को अयोग्यता के नोटिस क्यों नहीं जारी किए गए।

हाई कोर्ट ने पूछा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए जुर्माना वसूलने के लिए कोई प्रयास क्यों नहीं किया गया, जबकि दिल्ली हाई कोर्ट इस मामले में पहले फैसले दे चुका है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान संबंधित अथॉरिटी से कहा कि आप चुनाव आचार संहिता के साथ-साथ नगरपालिका कानूनों के गंभीर उल्लंघन की अनुमति दे रहे हैं।

### सीएम सिद्धारमैया के इस्तीफे व मुडा घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

**नई दिल्ली।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) साइट आवंटन घोटाला मामले में अभियोजन के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देने वाली कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका को कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जोशी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के साथ मुडा घोटाला मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में कहा, यह कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर करारा तमाचा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उठाए गए सभी सवालों का जवाब दे दिया है। उन्होंने आगे कहा, ''कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा दे देना चाहिए और सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।'' '' उन्होंने यह भी कहा कि कर्नाटक सरकार को गिराने की भाजपा कोई इच्छा नहीं है।

# टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल व जस-कॉर्पस के बीच समझौते पर हस्ताक्षर



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कुलाधिपति सतीश चंद्र मिश्र, प्रति कुलाधिपति कपिल मिश्र एवं कुलपति डॉ. प्रशांत त्रिवेदी के मार्गदर्शन में टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय के टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल के डीन प्रोफ़ेसर (डॉ.) सी.पी. सिंह तथा जस कॉर्पस की संस्थापक सुश्री साक्षी बाथम के मध्य 23 सितंबर को आपसी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

जस कॉर्पस कानूनी पेशेवरों का निकाय है जो कानून के विभिन्न पहलुओं और श्रृंखलाओं को एक छतरी के नीचे लाने के लिए एक साथ आए हैं, जस कॉर्पस के संस्थापक आयुष और साक्षी बाथम ने अकादमिक उत्कृष्टता की उन्नति और दोनों के बीच शैक्षणिक कानूनी कार्यों के योगदान के लिए इस भविष्य के गठजोड़ के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस समझौते के मुख्य बिंदु हैं, विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोग, सहयोग एवं आयोजन करना। संकाय उपलब्ध कराना और कार्यक्रमों के आयोजन को सुविधाजनक बनाना। आयोजनों और अन्य कार्यक्रमों का मीडिया/ज्ञान/संसाधन भागीदार बनें। परिसर में या ऑनलाइन माध्यम द्वारा विभिन्न कैरियर विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संसाधन व्यक्तियों को उपलब्ध कराना। विभिन्न सहयोग प्राप्त करने में सहायता करना। डीन, प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने पूरे देश में विभाग की गतिविधियों की व्यापक पहुंच की मदद से विभाग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की आशा के साथ इस पहल का स्वागत किया। सुश्री अन्नपूर्णा त्रिवेदी एवं (डॉ.) शिप्रा मिश्रा के मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

# महिला टी-20 विश्व कप के लिए मैच अधिकारी घोषित

## दस अंपायर व तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टूर्नामेंट का करेंगे संचालन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। दस अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टूर्नामेंट का संचालन करेंगे।

अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे, जबकि किम कॉटन और जैकलिन विलियम्स मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन, ऑस्ट्रेलिया, के बीच। पिछले फरवरी में केप टाउन में हुए फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे। सू रेडफर्न, जो उस फाइनल में टीवी अंपायर थीं, भी टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के लिए वापस आ गई हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना मैच रेफरी की टीम में जीएस लक्ष्मी शामिल हैं, जिन्होंने 2012 में अपना पहला टी20ई रेफरी किया था और 2023 में फाइनल की देखरेख की थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज और मिशेल परेरा भी शामिल हैं, जो अपने दूसरे आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में रेफरी की भूमिका में हैं। आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक - अंपायर और रेफरी, सीन इज़ी ने कहा आईसीसी को हमारे खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की इस पूर्ण महिला लाइनअप की घोषणा करना अद्भुत है। द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट में अपने हालिया फॉर्म के बाद इस आयोजन के लिए सबसे योग्य अंपायरों के रूप में चुने गए इस समूह में दुनिया भर के कुछ बेहतरीन अंपायर हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक रोमांचक टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष महिला क्रिकेटरों की देखरेख करेंगी। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 के लिए एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच ऑफिशियल्स इस प्रकार हैं-

**मैच रेफरी :** शैंड्रे फ्रिट्ज़, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

**अंपायरों का पैनल :** लॉरेन एजेनबैग, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, अन्ना हैरिस, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स।

### हीथर नाइट ने 2012 की ब्लैकफेस फोटो के लिए मांगी माफी

**लंदन।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हीथर नाइट को क्रिकेट अनुशासन आयोग (सीडीसी) ने 2012 में ब्लैकफेस वाली तस्वीर के लिए फटकार लगाई है और 1000 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड का जुर्माना लगाया है, उनके इस व्यवहार को नस्लवादी और भेदभावपूर्ण आचरण माना गया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, 2012 में क्रिकेट क्लब पार्टी में स्पोर्ट्स स्टार थीम वाली फैंसी ड्रेस पार्टी में किसी तीसरे पक्ष द्वारा ली गई तस्वीर ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निर्देश 3.3 का उल्लंघन किया, जिसमें उस समय कहा गया था, फ्रकोई भी व्यक्ति खुद को इस तरह से संचालित नहीं कर सकता है या कोई ऐसा कार्य या चूक नहीं कर सकता है जो क्रिकेट के हितों के लिए हानिकारक हो या जो क्रिकेट के खेल या किसी क्रिकेटर या क्रिकेटरों के समूह को बदनाम करे। नाइट, जो उस समय 21 वर्ष की थी, ने आरोपों को स्वीकार कर लिया और अपने आचरण के लिए माफ़ी मांगी। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में नाइट ने कहा, 2012 में मैंने जो गलती की थी, उसके लिए मैं सच में खेद व्यक्त करती हूं। यह गलत था, और मुझे लंबे समय से इसका पछतावा है। उस समय, मैं अपने कार्यों के निहितार्थ और परिणामों के बारे में उतना शिक्षित नहीं थी, जितना कि अब हो गई हूं। मेरा कोई गलत इरादा नहीं था। उन्होंने कहा, मैं अतीत को नहीं बदल सकती, खेल में समावेशिता को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों को खेल के भीतर समान अवसर और संतुष्टि मिले, जैसा कि मुझे मिला है, मैं अपने मंच का उपयोग करने के लिए भावुक और प्रतिबद्ध हूं।